# GORAKHPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-16-03-2024

# आरोपितों की अबतक गिरफ्तारी नहीं

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों खोराबार इलाके में बकाया पैसा मांगने को लेकर हमलावरों ने हार्डवेयर के कारोबारी दोनों भाइयों को बुरी तरह मारपीट कर घायल कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मारपीट व घायल कर लूट का केस दर्ज कराया था। पीड़ित राजदीप यादव ने एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर से मिलकर विवेचक पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि हमले में शामिल दो आरोपितों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया लेकिन अन्य आरोपितों को बचाने में जुटी है। साथ ही लूट की धारा को अल्पीकरण करने में जुटी है। शुक्रवार को पीड़ित राजदीप यादव ने एसएसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि विवेचक द्वारा कई दिन बीतने के बाद भी शेष अभियुक्तो को गिरफ्तार नही किया गया। आरोप है की विवेचक द्वारा धारा 397 का विलोपन किया गया और बार बार शेष अभियुक्तो का नाम पूछा जा रहा है।

## बच्ची से छेड़छाड़, केस

फुटहवा ईनार। चौरी चौरा थाना क्षेत्र में एक सात साल की बच्ची को बहला-फुसलाकर कर चाकलेट देकर छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक राजू के खिलाफ धारा 354, 452 व पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को सौंपी तहरीर में आरोप लगाया है कि राजू नाम का युवक मकान के ऊपर किराए का कमरा लेकर रहता है। 12 मार्च को जब मेरी बच्ची स्कूल से घर लौटी तो राजू बच्ची को बहला-फुसलाकर चाकलेट का लालच देकर छेड़छाड़ करने लगा। जब घर के अंदर फ्रीज में कुछ चाकलेट देखा तो पिता ने बच्ची से पूछा कि चाकलेट किसने दिया, तब बच्ची ने परिजनों को सारी बात बताई।

## अवैध खनन में लिप्त जेसीबी व ट्रैक्टर-ट्राली पकड़ी गयी

ब्रह्मपुर। झंगहा थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर के कर्माभूम पर अवैध रूप से मिट्टी का खनन जोर-शोर से चल रहा है। जिसकी शिकायत किसी ने क्षेत्राधिकारी चौरी चौरा से की। क्षेत्राधिकारी के आदेश के क्रम में नई बाजार चौकी इंचार्ज अखिलेश त्रिपाठी ने मय फोर्स कर्माभूम पर छापा मारा। जहां मौके पर खुदाई करते जेसीबी मशीन एवं मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ा। पुलिस ने 207 एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए थाने में सीज कर दिया।

# बाप-बेटे ने मिलकर दंपति को पीटा, केस

हरपुर-बुदहट (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुईकोल निवासिनी गुड्डी देवी पत्नी रामरूप ने थाना पुलिस को तहरीर देकर गांव के ही पिता-पुत्र पर मारपीट कर घायल करने तथा जान से मारने की धमकी, एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुईकोल निवासिनी गुड्डी देवी पत्नी रामरूप ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 8 मार्च शिवरात्रि के दिन गांव के बगल में स्थित बंसियाखोर मेला में पति रामरूप के साथ गई थी। गांव के ही गिरिजेश मिश्रा और उनका पुत्र रामप्रवेश जमीनी रंजिश को लेकर जातिसूचक गालियां देते हुए मुझे मारपीट कर घायल कर दिए। शोरगुल सुनकर पति छुड़ाने आए तो उन्हें भी मारने लगे। किसी तरह अन्य लोग बीच-बचाव किये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल भिजवाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष विशाल कुमार उपाध्याय ने बताया कि महिला गुड्डी देवी की तहरीर पर कुईकोल निवासी गिरिजेश मिश्रा और पुत्र रामप्रवेश के खिलाफ 323, 504, और एससी-एसटी एक्ट मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# साइबर अपराधियों ने ठगे हजारों रुपए

कैम्पियरगंज (एसएनबी)। गुलरिहा निवासी अमित जायसवाल से साइबर ठगों ने 19380 रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया है। पीड़ित अमित जायसवाल ने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर दिया है। कैम्पियरगंज के गुलरिहा निवासी अमित जायसवाल की चौमुखा में मुर्गी की दुकान है। 12 मार्च को साइबर ठगों ने मोबाइल नंबर 8509901410 से फोन कर कहा कि क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए मोबाइल नंबर सत्यापित किया जा रहा है, इन्होंने एसबीआई क्रेडिट कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर दे दिया। इसके बाद ही ठग ने दो बार में 9690 और 9690 रुपया ट्रांसफर कर लिया। इसकी जानकारी होते ही क्रेडिट कार्ड बंद कराकर इसकी लिखित शिकायत साइबर सेल में कर दिया है। साइबर सेल ने शिकायत को संज्ञान में ले लिया है।

# अब नजूल की जमीन पर दावा भी नहीं कर सकेंगे बड़े कब्जेदार

गोरखपुर (एसएनबी)। नजूल की जमीन को लेकर नया अध्यादेश के लागू होने के बाद जिला प्रशासन मौके की स्थिति, मुकदमों की स्थिति, लीज की स्थिति के रिकार्ड तैयार करना तेज कर दिया है। लीज खत्म होने के बाद भी बिना फ्री होल्ड कीमती जमीनों पर काबिज लोगों के बेदखली की रणनीति बनी है। विभिन्न न्यायालयों में चल रहे नजूल केस की सूची फाइनल की जा रही है। अध्यादेश में दर्ज नियमों के मुताबिक प्रशासन सभी की सूची संबंधित न्यायालयों में भेजकर वाद निरस्त कराएगा। बड़े कब्जेदारों को पहले बेदखल किया जा सकता है।

नई नीति में प्रावधान किया गया है कि कोर्ट या प्राधिकारी के समक्ष लंबित आवेदन अस्वीत समझे जाएंगे। दूसरे चरण में जिनका । लीज खत्म हो चुका है या लीज के उल्लंघन का मामला है, उन्हें खाली कराया जाएगा। किस काम के लिए नजूल की जमीन का लीज है, मौके पर वह व्यक्ति/संस्था जमीन का उपयोग उसी काम के लिए कर रही या फिर दूसरे काम के लिए, इसकी भी जांच होगी। प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक नजूल जमीन के करीब 128 मुकदमे चल रहे हैं। इनमें सिविल कोर्ट में 79, हाईकोर्ट में 42 और सुप्रीम कोर्ट में सात केस है। शनिवार तक इसकी फाइनल सूची तैयार हो जाएगी। ज्यादातर बड़े कब्जेदारों लीज की अवधि समाप्त हो गई है, या जमीन फ्री होल्ड करने के आवेदन पर प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं किए जाने पर वे कोर्ट में चले गए हैं। इनमें रेलवे स्टेशन के सामने महाराणा प्रताप की मूर्ति से पूरब की ओर करीब डेढ़ एकड़ में बने दर्जन भर होटल, रेस्त्रां के अलावा सिविल लाइन, पुलिस लाइन के सामने और रेलवे बस स्टेशन के सामने की 5.95 एकड़ नजूल की जमीन से जुड़े लीज धारक शामिल है। प्रशासन के मुताबिक फ्री होल्ड कराने के लिए जितने लोगों ने आवेदन किया है उसका कोई अस्तित्व नहीं रह जाएगा। आवेदकों ने जो भी शुल्क जमा किया है, प्रशासन उसे भारतीय स्टेट बैंक की ब्याज दर के हिसाब से लौटाकर जमीन कब्जे में ले लेगी।

- न्यायालयों में नजूल की जमीन पर दावेदारी के केस खत्म कराएगा प्रशासन
- सिविल कोर्ट में 79, हाईकोर्ट में 42 व सुप्रीम कोर्ट सात,कुल 128 केस पेंडिंग

**83 जगह पर 400 एकड़ नजूल की भूमि** : प्रशासन के मुताबिक शहर के 83 क्षेत्रों में 400 एकड़ से अधिक नजूल की भूमि है। वर्ष 1990 से लेकर अब तक नजूल की भूमि फ्री होल्ड करने के लिए 530 आवेदन आए, कुछ जमीन फ्री होल्ड भी हुई। इनमें सरकारी कार्यालय की भी जमीन है। सबसे अंतिम जमीन पार्क रोड पर फ्री होल्ड की गई, जिस पर वर्तमान में रेस्टोरेंट है। **कांप्लेक्स व क्लब भी जद में** : पार्क रोड स्थित सिटी मॉल के पास एक व्यावसायिक कांप्लेक्स व रोडवेज बस स्टेशन के सामने से पुलिस लाइंस के बीच भी नजूल की जमीन है। कुछ पर प्राइवेट स्कूल भी हैं। सिविल लाइन में एक क्लब का ज्यादातर और दूसरे का आंशिक हिस्सा भी नजूल की जमीन है। इसकी लीज की अवधि भी समाप्त हो चुकी है। डीएम आवास के सामने भी कुछ जमीन नजूल की है। हालांकि संबंधित स्कूलों के चार-पांच दशक से अधिक समय से संचालित होने के चलते प्रशासन, शासन से मार्गदर्शन मांगेगा।

राज्यपाल की मंजूरी के बाद उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति अध्यादेश 2024 लागू हो गया है। नजूल भूमि के पूर्ण स्वामित्व परिवर्तन के संबंध में कई लोगों ने न्यायालय में केस कर रखा है। लेकिन, नई नीति में प्रविधान किया गया है कि कोर्ट या प्राधिकारी के समक्ष लंबित आवेदन अस्कृवीत समझे जाएंगे। जल्द ही सभी वादों की सूची तैयार कर संबंधित न्यायालय को भेजा जाएगा। वाद समाप्त होने के उपरांत प्रशासन जमीन कब्जे में लेगा। इसके बाद लीज का उल्लंघन वाले और जिनकी लीज समाप्त हो चुकी हैं, उनसे भी जमीन खाली कराई जाएगी।

**विनीत सिंह, एडीएम वित्त/राजस्व, प्रभारी अधिकारी नजूल**

# दुष्कर्म करने के मामले में एक को दस वर्ष कठोर कारावास

विधि संवाददाता, गोरखपुर : दुष्कर्म करने का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर टोला महुअवा निवासी अभियुक्त शिव निषाद को दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रविन्द्र यादव एवं प्रमोद मौर्य का कहना था कि पीड़िता ने दो अप्रैल, 2021 को मुकदमा दर्ज कराया। अभियुक्त तीन वर्षों से उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। जब पीड़िता दो माह की गर्भवती हो गई तो अभियुक्त शादी से इन्कार कर दिया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

## बच्ची के साथ छेड़खानी का आरोप युवक पर मुकदमा दर्ज

जासं, मुंडेरा बाजार : चौरी चौरा क्षेत्र के नई बाजार में किराये पर रहने वाले व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर राजू के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कराया है। व्यक्ति ने बताया कि वह किराये के मकान में रहता है और उसी मकान में आरोपित भी किराये पर रहता है। उसकी सात वर्षीय पुत्री है। 12 मार्च को उसकी पुत्री स्कूल से घर आई तो आरोपित चाकलेट देने के बहाने उसे बुलाया और उसके साथ छेड़खानी की। घर आकर पुत्री ने घटनाक्रम के बारे में जानकारी दी।

# क्रेडिट कार्ड का लालच देकर 19 हजार रुपये ठगे

**जागरण संवाददाता, महावनखोर :** कैंपियरगंज के गुलरिहां निवासी अमित जायसवाल के खाते से जालसाजों ने 19 हजार 380 रुपये की ठगी कर ली। जानकारी होने पर शुक्रवार को अमित ने साइबर सेल पुलिस से शिकायत की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमित ने बताया कि चौमुखा में उनकी सुर्ती की दुकान है।

कुछ दिन पहले उनके वाट्सएप नंबर पर बैंक क्रेडिट कार्ड का लिंक आया। कुछ ही देर में एक अनजान नंबर से उनके मोबाइल पर फोन आया और बोला गया कि क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए मोबाइल नंबर का वेरीफिकेशन होगा। इसके लिए दो रुपये भेज दें। उसकी बातों में आकर बताए गए नंबर पर रुपये भेजने के बाद 12 मार्च को उसके एसबीआइ क्रेडिट कार्ड से दो बार मे 9690 और 9690 रुपया कट गया। जानकारी होने पर क्रेडिट कार्ड बंद कराया गया।

# परिसर में वाहन ले जाने को लेकर छात्रों ने किया प्रदर्शन

## खास लोगों के प्रवेश और आम छात्रों को रोकने से थे नाराज

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एक दिन पूर्व बोलेरो पलटने की घटना के बाद दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को काफी सख्ती रही। छात्रों के वाहनों को प्रवेश नहीं मिला। इसे लेकर कुछ छात्रों का आक्रोश दोपहर बाद फूट पड़ा। उनकी गाड़ी जैसे ही गार्ड ने मुख्य द्वार पर रोकी तो पहले उन्होंने विरोध किया और फिर गेट बंद कर प्रदर्शन करते हुए धरने पर बैठ गए। लगभग एक घंटे तक उन्होंने गेट को बंद रखा, जिससे विद्यार्थियों ही नहीं, शिक्षकों को भी काफी परेशानी हुई। बाद में एसएचओ के समझाने-बुझाने के बाद वह माने और गेट खोल दिया।

**कुछ छात्रों ने एक घंटा बंद रखा विश्वविद्यालय का मुख्य द्वार, गार्ड से हुई नोकझोंक, एसएचओ के आश्वासन पर माने**

विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार का वाहन ले जाना प्रतिबंधित है। बावजूद इसके बोलेरो में सवार दो छात्र बीते गुरुवार को परिसर में चले गए। तेज चलाकर जब उन्होंने अपनी वाहन चालन क्षमता का प्रदर्शन करने की कोशिश कीग तो बोलेरो पलट गई। उस घटना के बाद शुक्रवार को वाहन प्रवेश को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन ने काफी सख्ती बरती। कुछ विद्यार्थी उसके बाद भी जब वाहन लेकर परिसर में प्रवेश कर गए तो छात्रनेता प्रतीक तिवारी व सत्यम गोस्वामी ने भी दोपहर बाद तीन बजे के करीब परिसर में जाने की कोशिश की। गार्ड ने जब उन्हें रोका तो नोकझोंक हो गई और प्रदर्शन की स्थिति बनी। मौके पर पहुंचे मुख्य नियंता प्रो. सतीश चंद्र पांडेय से भी उनकी जमकर कहासुनी हुई। विरोध करने वाले छात्रनेताओं का कहना था कि परिसर में यदि विद्यार्थियों के वाहनों का प्रवेश वर्जित है तो यह नियम सभी पर लागू होना चाहिए।

> विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के वाहन का प्रवेश वर्जित है। व्यवस्था तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गेट पर सीसी टीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी, जिससे इस व्यवस्था को सुचारु रूप से लागू किया जा सके।
>
> **प्रो. पूनम टंडन**, कुलपति, गोवि

# फर्जी डा.दिनेश पुलिस की पकड़ से दूर

गोरखपुर (एसएनबी)। ट्रामा सेंटर के आईसीयू के बाहर डाक्टर होने का फर्जी आभास कराने वाला दिनेश पुलिस की पकड़ से कोसों दूर है। आलम यह है कि मोगलहा का रहने वाला दिनेश सालों-साल मेडिकल कालेज में बिचौलियों की टीम का प्रमुख सदस्य रहा है। ठीक-ठाक उसने डाक्टर की



भूमिका अदाकर कमाई भी की। अब इधर कुछ दिनों से पुलिस उसकी तलाश कर रही है क्योंकि उसके कई सहयोगी बिचौलिए इन दिनों सलाखों के पीछे हैं?

मेडिकल कालेज में बिचौलियों का एक-दो नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक गैंग सक्रिय रहा है। अब इनकी कमाई का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक मरीज भेजा नहीं कि 20 से 25 हजार रुपये मिल गया। ऐसे में कौन नहीं इस खेल में शामिल होना चाहेगा और यही कारण है कि हर गैंग में आठ-दस लोग रहे हैं। आउटसोर्सिंग के वार्ड ब्वाय, नर्स और ट्राली मैन तो इस खेल में शामिल रहे हैं और इनकी अच्छी भूमिका मरीजों को बाहर भेजने में रहती रही है। पर

**ट्रामा सेंटर**

- इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के तीमारदारों को दिनेश ही डाक्टर बनकर करता था हैंडिल
- सब्जी बेचने वाला बिचौलिया तो कोर्ट में हाजिर हो गया जबकि ठेला लगाने वाला पुलिस के हत्थे चढ़ा पर मोगलहा का दिनेश भागा फिर रहा है

मरीजों के तीमारदारों को अच्छी तरह से गुमराह करने वाला दिनेश अक्टर खुद मेडिकल कालेज का डाक्टर बन जाता था। जब डाक्टर ही किसी तीमारदार को गुमराह करना चाहेगा तो कौन नहीं उसकी बातों को मानेगा? यहीं वह अपने काम में सफल हो जाता था और ट्रामा सेंटर के आईसीयू तक वह जा पहुंचता था। उसके टीम के सदस्य भी साथ रहते थे और कई चतुर्थश्रेणी कर्मचारी की भूमिका अदा करते थे। वही बोलता था कि दो मरीजों का शव मर्चरी भेजा कि नहीं, एक और मरने वाला है। यहां किसी भी तरह की इलाज की व्यवस्था नहीं है क्या करें? डाक्टर बने शातिर के मुंह से इतनी बात सुनने के बाद कौन अपना गंभीर मरीज यहां छोड़ेगा? बीच के दिनों में पुलिस ने मेडिकल कालेज के ट्राली मैनों के खिलाफ कार्यवाही की। इसको लेकर दहशत व्याप्त है लेकिन बीती शाम बिचौलियों ने फिर गायनिक वार्ड में भर्ती कई मरीजों को नर्सिंग होम पहुंचा दिया। इससे यह साफ है कि बिचौलिए अपना काम पुलिस और गार्ड की आंखों में धूल झोंककर कर रहे हैं।

**एंबुलेंस वालों की कमर तोड़ दी** : मेडिकल कालेज में बिचौलियों के साथ हाथ मिलाने वाले एंबुलेंस चालकों की तो पुलिस ने कमर ही तोड़ दी। कई धरे गये और कई अभी भी सलाखों के पीछे हैं और कई ने तो अपनी एंबुलेंस ही बेच दी। फत्तेपुर में ज्यादातर के पास पांच-पांच एंबुलेंस था लेकिन अब इक्का-दुक्का उनके दरवाजों पर खड़ी रहती है। वह चलती भी है या नहीं। इस पर भी शक है। यहां यह भी बता दें कि मेडिकल कालेज परिसर में इनके दाखिल होने पर ही रोक है। अगर कोई जाकर मरीज कहीं अन्यत्र पहुंचाना चाहता है तो उसको पुलिस चौकी पर मरीज के परिजनों के साथ जाकर बताना होगा।

# सवारी बैठाने को लेकर आटो चालकों के दो गुटों में चले लाठी-डंडे

जासं, पीपीगंज : सवारी बैठाने को लेकर शुक्रवार को पीपीगंज मुख्य चौराहे पर आटो चालकों के दो गुटों में जमकर लाठी-डंडा व राड चले। इससे चौराहे पर भगदड़ मच गई। फोरलेन की दोनों लेन पर 15 मिनट आवागमन बाधित रहा। कुछ देर बाद पुलिसकर्मियों के पहुंचने पर मामला शांत हुआ। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो के आधार पर पुलिस मारपीट में शामिल चालकों की पहचान कर रही है।

पीपीगंज मुख्य चौराहे पर आटो चालकों के दो गुट हैं और सभी स्थानीय हैं। इन गुटों में सवारी बैठाने को लेकर आए दिन विवाद होता रहता है। शुक्रवार की सुबह 11 बजे एक गुट का चालक सवारी बैठा रहा था। उसी सवारी को दूसरे गुट का चालक भी बुला रहा था। इसी को लेकर दोनों चालकों में विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनों चालक अपने पक्ष से खड़े होकर गाली-गलौज करने लगे। मामला बढ़ने पर पहले हाथापाई हुई, फिर दोनों तरफ से लाठी-डंडे और राड से मारपीट होने लगी। एसपी उत्तरी जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपितों की पहचान कर ली गई है। सभी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य वन संरक्षक व चिकित्सा अधीक्षक को मिली धमकी

गोरखपुर : मुख्य वन संरक्षक को फोन कर गाली देने वाले युवक ने विरोध करने पर जानमाल की धमकी दी। नाम–पता पूछने पर उसने फोन काट दिया। इस मामले में रेंजर (प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी) ने अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के विरुद्ध राजघाट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। राजघाट क्षेत्र में रहने वाले सेवानिवृत्त चिकित्सा अधीक्षक ने भी फोन पर लगातार धमकी भरे फोन आने की शिकायत की है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि धमकी देने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को दबोचा

**गोरखपुर** : महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में साथी का नाम पता चलने के बाद पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के रिश्तेदार मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थे। 12 मार्च की रात में वह बच्चों के साथ रिश्तेदार को देखने गई थीं। लौटते समय पैडलेगंज व देवरिया बाईपास तिराहा के बीच बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि दूसरे बदमाश की तलाश चल रही है।

# महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को दबोचा

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (15 March):** महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में साथी का नाम पता चलने के बाद पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है. नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के रिश्तेदार मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थे. 12 मार्च की रात में वह बच्चों के साथ रिश्तेदार को देखने गई थीं. लौटते समय पैडलेगंज व देवरिया बाईपास तिराहा के बीच बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया. शोर मचाने पर राहगीरों ने बदमाशों का पीछा किया, लेकिन वह चकमा देकर निकल गए. सीसी कैमरा फुटेज की मदद से कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम एक आरोपित की पहचान करने के साथ ही पकड़ लिया. एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने बताया कि दूसरे बदमाश की तलाश चल रही है. जल्द ही उसे गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा.

# राप्ती में डूबने से एक्स एमएलए के भतीजे समेत तीन युवकों की मौत



**पीपा पुल पार करके मोहम्मदपुर माफी गांव के पास कर रहे थे स्नान**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR: (15 March): मोहम्मदपुर माफी गांव के पास शुक्रवार की दोपहर में राप्ती नदी में स्नान कर रहे सहजनवां के पूर्व विधायक जीएम सिंह के भतीजे समेत तीन युवक डूब गए. आस-पास के लोगों की सूचना पर परिजन वहां पहुंचे. परिजनों ने गोताखोर की मदद से तलाश शुरू की. तीन घंटे बाद तीनों के शव बरामद हुए. गीडा थाना के साथ ही एसपी नार्थ जितेंद्र श्रीवास्तव भी घटना स्थल पर पहुंचे. वहीं सांसद रवि किशन भी वहां पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते रहे.

## परिजनों ने नहीं कराया पोस्टमार्टम

गाहासाड़ के रहने वाले पूर्व विधायक का भतीजा दिव्यांशु सिंह शुक्रवार को दोपहर में मित्र वार्ड नंबर नौ पिपरा घनश्याम नगरी निवासी आर्यन शर्मा और वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज के आकाश उर्फ शिवम पासवान के साथ घर से निकला था. तीनों पीपा पुल से नदी पार करके चिलुआताल थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर माफी गांव के पास राप्ती नदी में जाकर नहाने लगे. अचानक गहरे पानी में जाने की वजह से तीनों डूबने लगे.

उनके शोर मचाने पर कुछ लोगों ने बचाने का प्रयास किया. लेकिन जब तक मदद पहुंचती तीनों युवक डूब गए. शव बरामद होने के बाद परिजन ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया. प्रार्थना पत्र लेने के बाद पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया.

FILE PHOTO







### हाई स्कूल का एग्जाम दिया था दिव्यांशु

गाहासाड़ गांव में रहने वाले नन्हे सिंह के दो पुत्रों में दिव्यांशु सिंह छोटा था. चाचा जीएम सिंह सहजनवां से विधायक रहे हैं. वर्तमान में चाची संजू सिंह सहजनवां नगर पंचायत अध्यक्ष हैं. परिजन ने बताया कि दिव्यांशु ने इस वर्ष सेंट जोसेफ स्कूल से हाई स्कूल एग्जाम दिया था. बड़ा भाई प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है.

### तीन भाई-बहनों में छोटा था आर्यन

घनश्याम नगरी में रहने वाले आर्यन शर्मा के पिता भी गीडा स्थित एक फैक्ट्री में काम करते हैं. बड़ा भाई विशाल शर्मा बेंगलुरु की निजी कंपनी में काम करता है. बहन डाली शर्मा दिल्ली में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है.

### घर का इकलौता चिराग था आकाश

नदी में डूबने से मृत आकाश उर्फ शिवम पासवान घर का इकलौता चिराग था. आकाश की बड़ी बहन प्रीति इंटर में पढ़ाई करती है. पिता जयनाथ कस्बा में स्थित जूट मिल में काम करते हैं. घर का चिराग बुझने से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है.



## कस्बे में पसरा मातम

कस्बा में रहने वाले तीन युवकों की मृत्यु से क्षेत्र में मातम पसर गया है. घटना की जानकारी होने पर कस्बे के लोग, व्यापारी और जनप्रतिनिधि परिजन को ढांढस बंधाने पहुंचे. स्थानीय लोगों का कहना है कि तीनों मित्र पिछले चार दिनों से रोज नदी में नहाने के लिए जा रहे थे.

# नजूल की जमीन पर चल रहे करीब 85 केस हो सकते हैं खारिज

**कवायद**

**30** एकड़ जमीन दूसरों के कब्जे में नजूल की इन मुकदमों में

- नजूल की जमीनों के कब्जे को लेकर किया गया है मुकदमा
- नया अध्यादेश लागू होने के बाद कलेक्ट्रेट में आवाजाही बढ़ी

गोरखपुर, कार्यालय संवाददाता। नजूल भूमि के संबंध में नया अध्यादेश लागू होने के बाद शहर के रसूखदारों की ओर से काबिज बेशकीमती जमीनों की सूची प्रशासन ने तैयार करनी शुरू कर दी है। पहले चरण में प्रशासन ने नजूल की जमीनों पर कब्जेदारी को लेकर किए गए मुकदमों की लिस्ट बनाई है। इनमें हाईकोर्ट में 35 और सिविल कोर्ट में 50 से अधिक मुकदमे चल रहे हैं। प्रशासन ने नए अध्यादेश का हवाला देकर इन मुकदमों को खारिज कराने की कवायद शुरू की है। कैबिनेट से पास होने के नजूल अध्यादेश को जारी कर दिया गया है। इस अध्यादेश में स्पष्ट आदेश दिए गए हैं कि नजूल की जमीनों पर जो भी मुकदमे चल रहे हैं या लंबित हैं वह समाप्त हो जाएंगे।

जो 85 मुकदमे चल रहे हैं उनमें करीब 30 एकड़ बेशकीमती जमीनें कई सालों से फंसी पड़ी हैं। इनमें कई बड़े व्यापारी और पूर्व जनप्रतिनिधि तक शामिल हैं। उन्होंने ये मुकदमे कर रखे हैं। जो मुकदमे किए गए हैं उनमें सिविल लाइन, यूनिवर्सिटी चौराहा, सिटी मॉल, हरिओम नगर और पुराने आरटीओ रोड की जमीनें शामिल है। इसी रोड पर एक संस्था के नाम से एक एकड़ 87 डिसमिल जमीन नजूल की है। संस्था का लीज भी समाप्त हो चुका है। इसी तरह सिविल लाइंस में कई शैक्षणिक संस्थान, एक बड़े निजी संस्था का कार्यालय भी नजूल की जमीन पर है, जिसका पट्टेदार करीब 50 सालों से लापता है।

36 बड़े होटल भी किए जा चुके हैं चिह्नित: नजूल की जमीनों पर शहर के 36 बड़े होटलों की इमारतें खड़ी हो गई हैं। नजूल की ये जमीनें रेलवे स्टेशन रोड पर है। इसके अलावा शीतला माता वाली गली में करीब 40 से 50 मकान भी नजूल की जमीनों पर बन गए हैं। इनमें कोई मकान 400 से लेकर 600 वर्ग फीट में है।

इन जमीनों को पट्टेदारों के वारिसों से लिया गया है। लेकिन, इन जमीनों की कब्जेदारी नजूल के पास हैं। प्रशासन ने भी इन जमीनों की लिस्ट तैयार कर ली है।



रेलवे स्टेशन रोड स्थित दुकानें।

### जमीनों के आवंटन की फाइलों की जांच शुरू

नजूल की कई जमीनों का आवंटन नगर निगम और जीडीए ने किया है। इन फाइलों की जांच भी प्रशासन ने शुरू कर दी है। क्योंकि आवंटन के खेल में कई बड़े लोग शामिल हैं। इन जमीनों पर लोगों ने होटल से लेकर शैक्षणिक संस्थान खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने ऐसी फाइलों की लिस्टिंग करनी शुरू कर दी है। पहले चरण में कई बड़े नाम सामने आए हैं, जिन्हें नगर निगम और जीडीए ने नजूल की जमीनों को आवंटन किया है। जबकि, नियम के तहत ये नजूल की जमीनों का आवंटन दोनों सरकारी इकाइयां नहीं कर सकती हैं। अब नए अध्यादेश के बाद इन जमीनों को जिला प्रशासन खाली कराएगा।

# खाते में कैसे आए करोड़ों रुपये, जांच करेगी पुलिस

फॉलोअप

- शाहपुर क्षेत्र में रहने वाली नौकरानी ने एसएसपी को लिखा है पत्र
- गुलरिहा क्षेत्र की महिला ने भी पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

गोरखपुर, निज संवाददाता। बैंक खाते खुलवाकर करोड़ों रुपये के लेनदेन करने के मामले की पुलिस जांच करेगी। शाहपुर इलाके में रहने वाले व्यापारी के घर झाड़ू-पोछा करने वाली महिला और उसके दो रिश्तेदारों के बैंक खाते खुलवाकर 50 करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया है। कनार्टक पुलिस से नोटिस मिलने पर महिला ने एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर को पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गोपालगंज जिले की मूल निवासी लक्ष्मीना देवी का बैंक खाता वर्ष 2023 के अगस्त माह में खुला था। इसी तरह के कुछ बैंक खाते गुलरिहा क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं के खुलवाएं गए हैं। इन खातों का उपयोग साइबर जालसाज सहित अन्य संदिग्ध गतिविधि में शामिल लोग करते हैं। इसलिए पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। एसपी सिटी केके बिश्नोई ने बताया कि केस दर्ज करके कार्रवाई की जाएगी।

उधर, गुलरिहा क्षेत्र के रहने वाली महिला ने भी बुधवार को पुलिस को तहरीर दी। गुलरिहा थाना क्षेत्र के पिपरी गांव की काजल शर्मा ने तहरीर में बताया है कि जुलाई 2023 में उसके गांव में एक व्यक्ति आया। उसने स्वयं सहायता समूह की स्कीम बताकर लोन दिलाने के लिए आईसीआईसीआई बैंक, शाखा मेडिकल कॉलेज रोड में खाता खुलवाने की बात कही। इसके लिए उसने अपने एक सहयोगी को बुलाया। आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने साठ-गांठ कर घर बैठे-बैठे ही उसका खाता खुलवा दिया। खाता खुलने के बाद उसे पासबुक, चेक बुक, एटीएम कार्ड कुछ भी नहीं दिया गया।

> महिला की शिकायत पर जांच की जा रही है। जल्द ही केस दर्ज कराकर कार्रवाई की जाएगी। जो पीड़ित सामने आएंगे। उनके प्रार्थना पत्र इस मामले में शामिल किए जाएंगे। खाता खुलवाने वाले लोगों से लेकर बैंककर्मियों की भूमिका की जांच की जाएगी।
> -केके बिश्नोई, एसपी सिटी

## बैंकों की मानीटरिंग सेल रखती नजर

बैंकों से जुड़े लोगों का कहना है कि जो भी खाते खोले जाते हैं। उनके एकाउंट होल्डर की जानकारी बैंक के पास होती है। समय-समय पर बैंकों की खातों की मानीटरिंग की जाती है। इसके लिए हर बैंक में मानीटरिंग सेल होती है। यदि किसी खाते में अधिक रकम की लेनदेन होती है। तो मानीटरिंग सेल की ओर से इसकी सूचना पुलिस के साइबर थाने पर दी जाती है और संदिग्ध खातों का लेनदेन फ्रीज कराया जाता है।

# महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को दबोचा

गोरखपुर। महिला का पर्स लूटने वाले बदमाश को कैंट थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में साथी का नाम पता चलने के बाद पुलिस उसकी तलाश में छापेमारी कर रही है। नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के रिश्तेदार मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थे। 12 मार्च की रात में वह अपने बच्चों के साथ रिश्तेदार को देखने गई थीं। लौटते समय पैडलेगंज व देवरिया बाईपास तिराहा के बीच स्थित रचित हास्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया।

# ज्वेलरी और बर्तन की दुकान में लगी आग

सरहरी। गुलरिहा थाना क्षेत्र के मंगल चौराहे पर शुक्रवार की शाम ज्वेलरी और बर्तन की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे हजारों रुपये का सामान जल गया। पीपीगंज कस्बा निवासी राज वर्मा की दुकान मलंग स्थान चौराहे पर राज ज्वेलर्स नाम से है। शाम साढ़े बजे दुकान बंद करके वह घर निकल गए। कुछ दूर जाने पर उनको किसी ने बताया कि दुकान में आग लग गई है। वह दुकान पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाई। दुकानदार ने शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई है।

# हत्या में केस दर्ज कर विवेचना का आदेश

गोरखपुर। हत्या के मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आदर्श श्रीवास्तव ने सहजनवा थाना क्षेत्र के हनुमंत नगर घघसरा बाजार निवासी मन्नु साहनी, शेरू व कुसम्हा खुर्द निवासी अंगद साहनी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष सहजनवा को दिया है। अदालत के सामने सहजनवा थाना क्षेत्र के हनुमंत नगर कस्बा घघसरा बाजार निवासी वादिनी केवला देवी की ओर से मनोज कुमार सिंह एडवोकेट का कहना था कि घटना 9 जनवरी 2024 की शाम 7 बजे की है।

# पिता-पुत्र पर एससी एसटी एक्ट का केस

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट क्षेत्र के बसियाखोर चौराहे पर एक दलित महिला से मारपीट और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गालियां देना पिता पुत्र को महंगा पड़ गया। महिला की शिकायत पर हरपुर बुदहट पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी पिता-पुत्र पर मारपीट और एससी-एसटी एक्ट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कुइकोल निवासी दलित महिला गुड्डी देवी ने बताया कि 8 मार्च को वह बसियाखोर चौराहे पर किसी कार्य से गई थी। जहां गांव के ही गिरजेश मिश्रा और उनके लड़के प्रवेश मिश्रा उसे जातिसूचक गालियां देने लगे। महिला ने जब विरोध किया तो पिता-पुत्र ने मिलकर गुड्डी देवी को पीट दिया। इससे वह बुरी तरह घायल हो गयी। थानाध्यक्ष विशाल उपाध्याय ने बताया कि महिला की तहरीर पर कुइकोल निवासी गिरजेश और उनकर लड़के प्रवेश मिश्रा पर मारपीट, एससीएसटी का केस दर्ज किया गया है।

# सात वर्ष की बच्ची से छेड़खानी का आरोप, केस

चौरीचौरा। क्षेत्र के नई बाजार मार्ग पर किराए के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 मार्च को उनके कमरे के ऊपरी छत पर किराए पर रहने वाले राजू नामक युवक ने स्कूल से घर लौटी उनकी सात वर्ष की पुत्री को चॉकलेट देकर उसके साथ छेड़खानी किया है। पुलिस आरोपी राजू के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# मिट्टी खनन में पकड़ी गई जेसीबी व ट्राली

ब्रह्मपुर। झंगहा थानाक्षेत्र के ब्रह्मपुर के करमातर धूस पर अवैध रूप से मिट्टी खनन की सूचना किसी ने नितिन तनेजा को दी। सीओ ने नई बाजार चौकी प्रभारी अखिलेश त्रिपाठी को मौके पर भेजा। चौकी प्रभारी ने एक टैक्टर ट्राली व एक जेसीबी मशीन को पकड़ कर अपने कब्जे में ले लिया।

# डकैती की धारा हटाने पर की शिकायत

## आरोप

- खोराबार थाना क्षेत्र के बिंदटोलिया गांव का मामला
- पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की

खोराबार,हिन्दुस्तान संवाद। खोराबार इलाके के बिंदटोलिया स्थित रामबरन चौराहे पर दो भाइयों पर हमले और चेन लूटने के मामले में पुलिस ने डकैती सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था। बाद में विवेचक ने डकैती की धारा को निकाल दिया है। इस मामले में पीड़ित ने एसएसपी से मिलकर शिकायत करते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की है।

खोराबार थाना क्षेत्र के सहारा इस्टेट निवासी राजदीप यादव और राजबीर यादव हार्डवेयर के सामान के कारोबारी हैं। खोराबार थाना क्षेत्र के बिंदटोलिया स्थित रामबरन चौराहा निवासी गोविंद ठाकुर ने एक वर्ष पूर्व मकान बनवाते समय सामान लिया था। एक लाख 10 हजार रुपया बकाया था।

आरोप है कि 9 मार्च की रात में गोविंद ठाकुर ने राजदीप और राजबीर को रुपये देने के लिए बिंदटोलिया स्थित रामबरन चौराहे पर बुलाया और अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों भाइयों को बुरी तरह मारपीट कर लहूलुहान कर दिया साथ ही राजवीर यादव के गले से चेन लूटकर फरार हो गए। राजबीर यादव की तहरीर पर खोराबार पुलिस ने एक नामजद एवं सात अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गोविंद ठाकुर तथा दो अन्य लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजवा दिया था। पीड़ित का आरोप है कि विवेचक ने कई दिन बीत जानें के बाद भी शेष अभियुक्तों को गिरफ्तार नहीं किया। विवेचक ने 397 धारा को निकाल दिया है।

विवेचक सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गोविंद ठाकुर ने 50 हजार रुपये देने के लिए घटना वालें दिन पीड़ित को बुलाया था, पीड़ित के तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है, दौरान विवेचना सामने आया कि चेन की लूट नहीं हुई हैं। इसलिए विवेचना में लूट की धारा हटा दी गई। बाकी अभियुक्तों के नाम की जानकारी करके पीड़ित से पहचान करवाकर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीयू गेट पर गाड़ी रोकने पर छात्रों ने जताया विरोध

गोरखपुर। डीडीयू में शुक्रवार को विद्यार्थियों के वाहनों को प्रवेश नहीं मिला। गेट पर गार्ड द्वारा गाड़ी रोकने पर कुछ छात्रों ने विरोध किया और गेट बंद कर धरने पर बैठ गए। लगभग एक घंटे तक विश्वविद्यालय का गेट बंद रहा जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी परेशानी हुई। गुरुवार को बोलेरो पलटने की घटना को लेकर विवि गेट पर काफी सख्ती रही।

गुरुवार को बोलेरो में सवार दो छात्र मेन गेट पर गार्डों को चकमा देकर अंदर घुस गए थे। इसको लेकर विश्वविद्यालय नियंता मंडल ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया और गेट पर विद्यार्थियों के वाहनों को रोका। दोपहर तीन बजे के करीब छात्रनेता प्रतीक तिवारी और सत्यम गोस्वामी दो पहिया वाहन लेकर अंदर जा रहे थे। वहां पर गार्डों ने रोका तो उनसे नोकझोंक हो गई। गुस्साए छात्रों ने गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। चार बजे के करीब एसएचओ कैंट रणधीर मिश्रा ने आकर छात्रों को समझाया और प्रदर्शन खत्म कराया। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने उत्तरी गेट को भी बंद कर दिया था।

# दुष्कर्म में दस साल की सजा

गोरखपुर। दुष्कर्म करने के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर टोला महुअवा निवासी अभियुक्त शिव निषाद को दस साल के कठोर कारावास एवं 25 हजार रूपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को एक साल का कारावास भी भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार मौर्य एवं रविंद्र यादव का कहना था कि पीड़िता ने दो अप्रैल 2021 को मुकदमा दर्ज कराया। अभियुक्त तीन वर्षो से उसे शादी का झांसा दे कर उसके साथ दुष्कर्म किया।

## पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट का केस

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के बसियाखोर चौराहे पर महिला से मारपीट और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गालियां देने पर पिता-पुत्र पर केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, कुईकोल गांव निवासी गुड्डी देवी पत्नी रामरूप ने बताया कि 8 मार्च को वह बसियाखोर चौराहे पर किसी कार्य से गई थीं। वहां गांव के ही गिरजेश मिश्रा और उनके लड़के प्रवेश मिश्रा जातिसूचक गालियां देने लगे। महिला ने जब विरोध किया तो पिता-पुत्र ने मिलकर गुड्डी देवी को पीट दिया, जिससे वह घायल हो गईं। ब्यूरो

## बाइक सवार युवकों को किया घायल

गीडा। क्षेत्र के पेवनपुर निवासी मनीष और सूरज से मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों बृहस्पतिवार की शाम 5:30 बजे शटरिंग का काम करके बाइक से घर जा रहे थे। आरोप है कि अहिरौली पटखौली फोरलेन के किनारे रास्ते में 10-12 लोग खड़े होकर मस्ती कर रहे थे। हॉर्न बजाकर बाइक को किनारे से निकालने की कोशिश करने पर सभी लोग गाली देने लगे। मना करने पर हम दोनों को बुरी तरह से मारे-पीटे, जिससे सिर में गंभीर चोट लगी है। ब्यूरो

## नंबर सत्यापित करने के नाम पर जालसाजी

कैंपियरगंज। कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के गुलरिहा निवासी अमित जायसवाल से साइबर ठगों ने 19,380 रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली है। पीड़ित अमित जायसवाल ने इसकी शिकायत साइबर पोर्टल पर की है। कैंपियरगंज के गुलरिहा निवासी अमित जायसवाल की चौमुखा में सुर्ती की दुकान है। 12 मार्च को मोबाइल पर फोन कर कहा कि क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए मोबाइल नंबर सत्यापित किया जा रहा है, इन्होंने एसबीआई क्रेडिट कार्ड में पंजीकृत मोबाइल नंबर दे दिया। इसके बाद ही ठग ने दो बार में 9690 और 9690 रुपया ट्रांसफर कर लिया। ब्यूरो

# हत्या का केस दर्ज कर विवेचना का आदेश

गोरखपुर। हत्या के मामले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आदर्श श्रीवास्तव ने सहजनवां थाना क्षेत्र के हनुमंत नगर घघसरा बाजार निवासी मन्नु साहनी, शेरू व कुसम्हा खुर्द निवासी अंगद साहनी के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना का आदेश थानाध्यक्ष सहजनवां को दिया है।

अदालत के समक्ष घघसरा बाजार निवासी वादिनी केवला देवी की ओर से मनोज कुमार सिंह एडवोकेट का कहना था कि घटना नौ जनवरी, 2024 की शाम सात बजे की है। मन्नु साहनी, शेरू व अंगद साहनी वादिनी के घर आए और उसके लड़के संतराम को चाय नाश्ता और कुछ खाने-पीने के बहाने जबरदस्ती बाजार ले गए।

वादिनी के लड़के को बाजार स्थित मछली मंडी में ले जाकर शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिए थे। ब्यूरो

# डीडीयू : परिसर में वाहन ले जाने के लिए हंगामा, एक घंटे बंद रहा गेट

## गाड़ी रोकने पर दोपहर तीन बजे कुछ छात्रों ने गेट बंद करके किया प्रदर्शन

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को हुई बोलेरो पलटने की घटना के बाद शुक्रवार को मुख्य गेट पर काफी सख्ती रही। विद्यार्थियों के वाहनों को प्रवेश नहीं मिला। गेट पर गार्ड द्वारा गाड़ी रोकने पर कुछ छात्रों ने विरोध किया और गेट बंद कर धरने पर बैठ गए। लगभग एक घंटे तक विश्वविद्यालय का गेट बंद रहा, जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को काफी परेशानी हुई।

डीडीयू में छात्रों के लिए किसी भी प्रकार का वाहन ले जाना प्रतिबंधित है। इसके बाद भी बृहस्पतिवार को बोलेरो में सवार दो छात्र मेन गेट पर गार्डों को चकमा देकर अंदर घुस गए थे। इसको लेकर शुक्रवार को विश्वविद्यालय नियंता मंडल ने शुक्रवार को चेकिंग अभियान चलाया और गेट पर विद्यार्थियों के वाहनों को रोका। कुछ विद्यार्थी फिर भी जबरदस्ती या चकमा देकर घुस गए।

दोपहर तीन बजे के करीब छात्र नेता प्रतीक तिवारी और सत्यम गोस्वामी दो पहिया वाहन लेकर अंदर जा रहे थे। वहां पर गार्डों ने रोका तो उनसे नोकझोंक हो गई। गुस्साए छात्रों ने गेट बंद कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। चार बजे के करीब एसएचओ कैंट रणधीर मिश्रा ने आकर छात्रों को समझाया और प्रदर्शन खत्म कराया।



गेट में ताला बंद होने से परेशान रहे लोग। अमर उजाला



विश्वविद्यालय गेट में ताला बंद कर प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओं से बातचीत करते नियंता और पुलिस। अमर उजाला

**छात्रों का आरोप- एक खास संगठन के लोगों को मिल रहा प्रवेश, बाकी को रोका जा रहा**

विश्वविद्यालय परिसर में जबरदस्ती वाहन लेकर प्रवेश करने वालों की सूची तैयार की गई है। इनकी गाड़ी का नंबर पुलिस को दिया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के वाहन का प्रवेश वर्जित है। गेट पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या को बढ़ाया जाएगा, जिससे इनपर नजर रखी जा सके।

**-प्रो. पूनम टंडन**, कुलपति, गोरखपुर विश्वविद्यालय

**एक छात्र संगठन के वाहनों को प्रवेश :** प्रदर्शन कर रहे छात्र नेता प्रतीक तिवारी ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में यदि विद्यार्थियों के वाहनों का प्रवेश वर्जित है, तो यह नियम सभी पर लागू होना चाहिए, लेकिन एक विशेष छात्र संगठन के वाहनों को प्रवेश दे दिया जाता है और हमारे वाहन को पुलिस चौकी पर भेज दिया जाता है।

**एक साथ बंद रहे दोनों गेट**

तीन बजे के बाद विद्यार्थी परिसर से बाहर आते हैं। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने मेन गेट के साथ ही उत्तरी गेट को भी बंद कर दिया था। केवल पैदल चलने वाले लोग ही परिसर से बाहर निकल पाए। चार बजे के करीब जब मुख्य नियंता बाहर आए तो छात्रों से उनकी नोकझोंक भी हो गई।

चोरी | घरेलू नौकरी पर भरोसा करके लोग गवां रहे नकदी और गहने, रामगढ़ताल, खोराबार और शाहपुर इलाकों में सामने आ चुकी हैं घटनाएं

# नौकरानियों पर कर रहे ऐतबार, लुट रहा है घर-बार

गोरखपुर, निज संवाददाता। शहर में नौकरानियों पर भरोसा करना भारी पड़ रहा है। घर का कामकाज करने वाली नौकरानियां पहले लोगों का भरोसा जीत रहीं। इसके बाद नकदी और गहने चुरा ले रही हैं। बीते दो माह के भीतर तीन मामलों की रिपोर्ट दर्ज हुई है। नौकरानियों की हरकत सामने आने पर लोग हैरान हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नौकर रखते समय उसका पुलिस वेरीफिकेशन जरूरी है। लेकिन लोग इसकी जहमत नहीं उठाते। अधिक भरोसा करने की वजह से भी मालिकानों के साथ नौकरानियां छल कर रही हैं।

**पुलिस से जांच कराएं, फिर रखें नौकरानी :** शहर में नौकर रखते समय लोग पुलिस की जांच नहीं करा रहे हैं। सहारा स्टेट में दंपति के घर में सिद्धार्थनगर की रहने वाली महिला नौकरानी थी। जबकि आर्किटेक्ट के घर से 15 लाख रुपये के गहने चोरी कराने की आरोपी महिला मुजफ्फरपुर की रहने वाली है। वह करीब 10 साल से शहर में रहती है। इन दोनों मामलों में उनकी कोई पुलिस जांच नहीं हुई थी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नौकरानी रखने के पहले उसके बारे में जानकारी जरूर कर लें।

### युवक को बुलवाकर घर में करा दी चोरी

केस 1

10 मार्च 2023: शिवाजीनगर कॉलोनी निवासी आदित्य सिंह आर्किटेक्ट हैं। उनकी पत्नी निजी बैंक में डिप्टी मैनेजर हैं। 10 मार्च को उनके माता-पिता किसी काम से लखनऊ चले गए। पति-पत्नी भी घर पर नहीं थे। इस दौरान घर में घुसकर युवक उनकी आलमारी में रखा गहना चुरा ले गया। इस मामले में उन्होंने नौकरानी रंजू और कविता के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कराया है।

### नौकरानी ने गायब कर दिए लाखों के गहने

केस 2

10 फरवरी 2024: खोराबार इलाके के सहारा स्टेट में रहने वाले अरविंद कुमार त्रिपाठी के घर में रहने वाली सिद्धार्थनगर जिले के उसका बाजार, पनियहवा की सावित्री देवी नौकरानी थी। आरोप है कि उसने पहले मालिक और उनकी पत्नी का भरोसा जीता। इसके बाद कीमती गहने धीरे-धीरे चुरा ले गई। 10 फरवरी को दंपति को शादी में जाना था। उन्होंने जब अलमारी खोली तो गहने गायब थे।

### सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई करतूत

केस 3

09 मार्च 2024: शाहपुर इलाके के जेमिनी अपार्टमेंट निवासी दीक्षा निगम ने शाहपुर पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। उन्होंने बताया कि बशारतपुर की अनीता देवी दो साल से उनके घर में खाना बनाती है। वह साफ-सफाई भी करती थी। कुछ दिन से उनके घर के कीमती गहने गायब हो रहे थे। नौकरानी के इंकार करने पर उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगवा लिया।

“नौकर रखते समय पुलिस वेरीफिकेशन कराना चाहिए। जिसे भी घर की जिम्मेदारी दें। उस पर कतई आंख मूंदकर भरोसा न करें। कीमती गहने और अन्य सामान बैंकों के लॉकर में रखें। इससे वे सुरक्षित रहेंगे।



-केके बिश्नोई, एसपी सिटी

# मां ने रोका था...दोस्त के घर जाने को कहकर निकल गया आकाश

## पछता रही बहन- काश मां की बात मान गया होता, डूबने से तीन की मौत से छाया मातम

अमर उजाला ब्यूरो



आकाश की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। संवाद



आर्यन शर्मा व आकाश। (फाइल फोटो)

गोरखपुर। सहजनवां इलाके में तीन युवकों की मौत से मातम छाया है। होली से चंद दिन पहले ही हुए इस हादसे से गांव-आसपास के लोग, जिसने भी घटना को सुना, सबकी आंखें नम हो गईं। गर्मी आते ही बच्चों की गलती पर सब पछता रहे हैं। तीनों में से किसी को भी तैरना ठीक से नहीं आता था, फिर भी नदी में नहाने की गलती कर जान गंवा बैठे।

सबसे बुरा हाल वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज निवासी आकाश उर्फ शिवम पासवान के घर का है। मां-बाप के इकलौते बेटे की मौत से मां बदहवास हो गई हैं तो कठोर मन से पिता जयनाथ पासवान किसी तरह से पत्नी, बेटी को संभाल रहे हैं। पछतावा है कि बेटे ने बात क्यों नहीं मानी। बहन प्रीति बताती है कि मां ने उसे नदी की ओर जाने से मना किया तो उसने दोस्त के घर जाने की बात कहकर निकल गया। वहीं, मौजूद गांव वाले नियती का फैसला बताकर उन्हें किसी तरह शांत करा रहे हैं। बदहवास हो रही मां को किसी तरह से पानी का छींटा डालकर होश में लाया गया। तीनों ने एक साथ ही हाईस्कूल की परीक्षा दी थी। आकाश की बहन प्रीति इंटरमीडिएट में पढ़ती है। पिता जयनाथ पासवान गीडा के एक फैक्ट्री में काम करते हैं।

घाट किनारे सभी को आभास हो गया था कि अब डूबे युवकों का बच के निकलना मुश्किल है, लेकिन फिर भी मन को संतोष दिला रहे थे। कोई भगवान से मन्नत कर रहा था कि बच्चा बच जाए तो कोई खुद को दिलासा देने के लिए बोल रहा था कि हो सकता है कि किसी ने बचा लिया हो और डर की वजह से बच्चे सामने नहीं आ रहे हैं। सांत्वना और खुद को समझाने के बीच ढाई घंटे का समय बीत गया और जैसे ही एक एक कर शव बाहर निकाले गए, मौजूद सभी परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे।

### सबसे छोटा था आर्यन

आर्यन शर्मा दो भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। पिता जूट मिल में काम करते हैं तो भाई विशाल बंगलूरू की प्राइवेट फर्म में नौकरी करता है। बहन दिल्ली में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। अभी बहन को घटना की जानकारी नहीं दी गई है, वह होली में घर आने वाली थी, उसे हादसा बताकर घर बुलाया गया है।

### पूर्व मंत्री का भतीजा था दिव्यांशु

दिव्यांशु दो भाइयों में छोटा था। बड़ा भाई प्रियांशु सिंह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है। पिता नन्हे सिंह खेती करते हैं। प्रियांशु पूर्व विधायक देवनारायण उर्फ जीएम सिंह का भतीजा भी था। शव घर पर पहुंचते ही परिजन दहाड़े मारकर रोने लगे। मां बोली, अब उनके पास कुछ नहीं बचा। कितनी बार समझाया था कि नदी की तरफ मत जाना, लेकिन उसकी जान चली गई।



दिव्यांशु (फाइल फोटो)

# लूट का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। महिला का पर्स लूटने के आरोपी को कैंट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसके साथी की तलाश में जुटी है। नहर रोड पर रहने वाली सीमा सिंह पत्नी कृष्ण प्रताप सिंह के रिश्तेदार मोहद्दीपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती थे। 12 मार्च की रात में वह अपने बच्चों के साथ रिश्तेदार को देखने गई थीं। लौटते समय पैडलेगंज व देवरिया बाइपास तिराहा के बीच स्थित रचित हास्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों ने झपट्टा मारकर बैग छीन लिया। ब्यूरो

# दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की कैद

गोरखपुर। दुष्कर्म के जुर्म में अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर टोला महुअवा निवासी अभियुक्त शिव निषाद को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 25 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड नहीं देने पर एक साल का कारावास अलग से भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद कुमार मौर्य एवं रविंद्र यादव का कहना था कि पीड़िता ने दो अप्रैल 2021 को केस दर्ज कराया। अभियुक्त ने तीन वर्षों से उसे शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब पीड़िता दो माह की गर्भवती हो गई तो अभियुक्त ने शादी से इंकार कर दिया। ब्यूरो

## फूल का पौधा उखाड़ने के विवाद में मारपीट, केस

सरदार नगर। चौरीचौरा थानाक्षेत्र के ग्राम सभा दुधई निवासिनी रेशमी पत्नी मधुसूदन ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके खेत में फूल का पौधा था। जिसे गांव के ही एक लड़के प्रिंस ने उखाड़ दिया। उसकी शिकायत करने जब उसके घर पर गई तो उसके परिजनों खुशबू, चांदनी व जोती पुत्री रामजीत ने गाली देते हुए लाठी डंडा से मारपीट कर घायल कर दिया। थाने जाने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

## छेड़खानी का आरोप, केस दर्ज

चौरीचौरा। चौरीचौरा क्षेत्र के नई बाजार मार्ग पर किराये के मकान में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 12 मार्च को उनके कमरे के ऊपरी छत पर किराये पर रहने वाले राजू नामक युवक ने स्कूल से घर लौटी उनकी सात वर्ष की पुत्री को चॉकलेट देकर उसके साथ छेड़खानी की। पुलिस ने आरोपी राजू के खिलाफ बृहस्पतिवार की रात में केस दर्ज कर लिया। ब्यूरो

# लेखपाल ने बेच दिया था कमिश्नर आवास

## नई नजूल नीति के बीच लेखपाल मारुति मिश्रा के किस्से चर्चा में

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** नजूल अध्यादेश-2014 को लेकर शहर में इन दिनों हलचल मची है। सरकारी जमीनों को पट्टे पर लेने वाले नए अध्यादेश के आने के इंतजार में हैं तो वहीं नजूल और सीलिंग के साथ चर्च सोसायटी की जमीनों को गलत तरीके से बेचने के मामले भी सामने आ रहे हैं। इसी शहर में एक लेखपाल ने कमिश्नर का आवास और बेतियाहाता में एक पोखरी बेच दी थी। इसके बाद शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया था। हालांकि, इस मामले में लेखपाल को जेल की हवा खानी पड़ी थी।

मामला 1985-86 का है। बेतियाहाता हलका के लेखपाल दिग्विजय मिश्र उर्फ मारुति मिश्रा थे। सूर्यकुंड निवासी मारुति मिश्र हालांकि अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके कारनामों के किस्से अब एक बार फिर चर्चा में हैं।

शहर में बेतिया इस्टेट की करीब 51 एकड़ जमीन थी। इसमें बेतियाहाता मोहल्ले में पांच एकड़ से ज्यादा जमीन पर कमिश्नर का आवास और हाता था। इस जमीन को लेखपाल ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे बेच दिया था।

मामले की जानकारी हुई तो शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। जांच शुरू कराई गई। मामला सही पाया गया तो लेखपाल के खिलाफ केस दर्ज कर निलंबित कर दिया गया।

इसके बाद लेखपाल, हाईकोर्ट से स्टे लेकर आ गया। बाद में पता चला कि वह भी फर्जी है। इस मामले में उसे जेल भी जाना पड़ा। वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्ण बिहारी दुबे बताते हैं- बेतिया इस्टेट की जमीन ही नहीं, बेतियाहाता में एक पोखरा था, जिसका नाम था तेल गड़हिया। करीब सात एकड़ से ज्यादा जमीन को लेखपाल ने फर्जी दस्तावेज के आधार पर बिकवा दिया था। मारुति मिश्र का नाम बहुत ही चर्चित था।




11 मार्च को प्रकाशित खबर।

## पहले लेखपाल थे, जिन्होंने खरीदी थी मारुति कार...नाम भी पड़ गया मारुति मिश्रा

**गोरखपुर।** मारुति मिश्रा के नाम से मशहूर लेखपाल का असली नाम दिग्विजय मिश्र था। 1980 के दशक में उनका बड़ा रुतबा था। कलक्ट्रेट में शायद ही कोई शख्स रहा, जो उन्हें नहीं जानता हो। उनके मारुति नाम से मशहूर होने का किस्सा दिलचस्प है। वरिष्ठ अधिवक्ता रवि श्रीवास्तव बताते हैं- दिग्विजय प्रशासनिक अमले में पहले ऐसे लेखपाल या कानूनगो थे, जिन्होंने सबसे पहले मारुति कार खरीदी थी। कहा जाता है कि वह लेखपालों के काम से लखनऊ गए थे और वहां उन्होंने कार बुक करा दी थी। उस दौर में भी वह मारुति कार से ही चलते थे, जबकि बहुत सारे लेखपाल को बाइक तक नसीब नहीं थी, साइकिल से ही लोग चलते थे। ब्यूरो

# एक क्लिक से आपराधिक इतिहास पता कर लेगी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

## डीजीपी प्रशांत कुमार ने तमाम खूबियों वाला त्रिनेत्र एप 2.0 किया लांच

लखनऊ। किसी संदिग्ध व्यक्ति को चेकिंग के दौरान रोकने के बाद पुलिस एक क्लिक में उसका आपराधिक इतिहास का पता लगा लेगी। उसकी फोटो, आवाज, फिंगरप्रिंट, मुकदमों आदि की जानकारी तत्काल पुलिस अधिकारी के मोबाइल में आ जाएगी। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कुछ ऐसी ही खूबियों वाले त्रिनेत्र 2.0 एप को शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में लांच किया। यह एंड्राइड एवं आईओएस फोन में एप के रूप में, जबकि कंप्यूटर पर वेब डैशबोर्ड के माध्यम से संचालित किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल जरूरत के मुताबिक निरीक्षक या उससे ऊपर की रैंक के पुलिस अधिकारी ही कर सकेंगे।

डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में त्रिनेत्र में करीब 9.50 अपराधियों का डाटा मौजूद है। इसका उपयोग लोकसभा चुनाव में ग्राउंड जीरो पर पुलिसकर्मी आसानी से चेकिंग के दौरान कर सकेंगे। वह अपने स्मार्टफोन के त्रिनेत्र एप की मदद से संदिग्ध व्यक्ति की पहचान का मिलान डाटाबेस से कर सकेंगे। साथ ही, क्राइम जीपीटी के फीचर से वांछित सूचनाएं भी हासिल कर सकेंगे। त्रिनेत्र 2.0 पुलिस को अपराध संबंधित डाटा जैसे क्राइम हिस्ट्री, एफआईआर डिटेल, इंट्रोगेशन रिपोर्ट, ऑडियो, फोटोग्राफ, रिवॉर्ड, जेल इन, जेल आउट डिटेल, सीजर डिटेल को डिजिटाइज्ड करने की सुविधा देगा। वहीं फेशियल रिकॉजिनिशन की सुविधा भी मिलेगी, जिससे संदिग्ध को उसके फोटो के माध्यम से सर्च किया जा सकेगा।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

s

# फंदा लगाकर युवती ने किया आत्म हत्या

**बरहज(एसएनबी)।** नगर के पुराना बरहज निवासी कुमारी रतन किसी बात को लेकर शुक्रवार की देर रात कमरे के अंदर छत की कुंडी से लटक कर अपनी जान दे दी। घर के अंदर रस्सी से लटक रही रतन को देखकर परिजन रोने चिल्लाने लगे। घटना की जानकारी होने पर मुकामी पुलिस मौके पर पहुँच गई। शव को नीचे उतर पंचनाम के बाद शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने बताया की युवती द्वारा आत्महत्या करने की सूचना मिली है। शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

# थाना परिसर से हुई पेड़ो की नीलामी

**श्रीरामपुर (एसएनबी)।** अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया के आदेशानुसार,सी ओ भाटपार रानी की अध्यक्षता व थानाध्यक्ष श्रीरामपुर कल्याण सिंह सागर की मौजूी में थाना श्रीरामपुर परिसर से 35 पेड़ों की नीलामी की गई। जिसमें पांच लोगों ने भाग लिया।

# अलग अलग मार्ग दुर्घटना में आधा दर्जन घायल, दो गम्भीर

**गौरीबाजार(एसएनबी)।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बरारी गाँव निवासी रेनू देवी 25 पत्नी राजू के परिवार व रिश्तेदार के लोग गोरखपुर जनपद स्थित तरकुलहा देवी मंदिर पिकप से गये थे,शुक्रवार की देर शाम वहां से वे वापस गाँव लौट रहे थे,अभी वे लोग देवरिया गोरखपुर मार्ग गौरी बुजुर्ग गांव के मोड़ के समीप पहुँचे थे,की पीछे से रोल टैंकर ने पिकप में ठोकर मार दिया,जिससे पिकप अनियंत्रित हो डिवाइडर पर पलट गया। पिकप में कुछ नौ लोग सवार थे, जिसमे छेदी 55 पुत्र स्व राम राज, गुड्डी देवी 48 पत्नी छेदी, पम्मी 20 पुत्र छेदी व रीना 20 पुत्री सुरेश घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के किये गौरीबाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया,जहा प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने गुड्डी देवी की हालत गंभीर देख मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। वही गौरीबाजार थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी दुर्गेश सिंह 45 पुत्र स्वर्गीय रमायण सिंह जो एक शिक्षक है,शुक्रवार की देर शाम बाइक से चौराहे पर कुछ सामान लेने गए थे और सामान लेकर वापस घर जा रहे थे,अभी वह गौरीबाजार हाटा मार्ग पर देवगांव मोड़ के समीप पहुँचे थे कि हाटा की तरफ से तेज गति से आ रहे टेम्पू ने उनकी बाइक में ठोकर मार दिया,जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए,सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद डक्टर ने उनकी हालत गम्भीर देख गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

# ग्राम प्रधान सहित चार पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरा कछार निवासी नेहा देवी पुत्री स्व. राजबली रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि प्रार्थिनी अनुसूचित जाति की गरीब महिला है। 13 फरवरी को गांव की मधु देवी, मनीषा, लक्ष्मी से नाली पानी का विवाद हो गया। जिसमें ग्राम प्रधान पंचायत में आये पूर्व रंजिश को लेकर पक्षपात करते हुए माता बलवन्ती देवी को भद्दी गाली व जातिसूचक गालियां और धमकी दिया। इस मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान कृष्णा सिंह, मनीषा देवी पत्नी सतीराम, लक्ष्मी देवी पत्नी सतीश, सुनिता देवी पत्नी प्रकाश निवासी पिपरा कछार के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# रासेयो ने चलाया स्वच्छता अभियान

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय रामजी सहाय पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे व तीसरे दिन क्रमशः बौद्धिक



चर्चा के अन्तर्गत भ्रूण हत्या एवं स्वच्छता जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर महाविद्यालय परिसर की साफ सफाई की। प्राचार्य प्रोफेसर बृजेश कुमार पाण्डेय ने स्वयंसेवकों नो संबोधित करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को साफ सफाई पर ध्यान रखना चाहिये। हमें निर्धारित स्थान पर ही गीला एवं सूखा कूड़ा फेंकना चाहिये। कोरोना जैसी महामारी आने के बाद हम सभी की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, कि सफाई पर ध्यान दें। हम सभी को अपने परिवार व बच्चों पर स्वच्छता अभियान की आदत डालनी चाहिये। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी सुधीर दीक्षित, डॉ. शरद वर्मा, डॉ. अजय पाण्डेय मौजूद रहे।

# मुण्डन कराने जा रहे लोगों से मारपीट, केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोगिया खुर्द निवासी सुशील शुक्त पुत्र रामानन्द ने पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि हम अपने परिवार के साथ चारपहिवा वाहन से मुण्डन समारोह में जा रहे थे। तभी गांव के कुछ लोगों ने बीच रास्ते में रोककर गाली गुत्ता देने लगे। वे सभी हाथ में हथियार लिये हुए थे। वे महिलाओं पर प्राण घातक हमला भी किये व वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों को गंभीर चोंटे आयी। इस मामले में पुलिस ने रामजतन पुत्र प्रभु, हरिकेश यादव, मुकेश पुत्र गण सत्यदेव यादव, सविता देवी पत्नी सत्यदेव निवासी जोगिया खुर्द के खिलाफ धारा 323, 504, 506, 352 के तहत मुकदमा दर्ज किया।

# मारपीट का केस दर्ज

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सतुआभार निवासिनी कंचन सिंह पत्नी अमर सिंह ने दिये तहरीर में कहा कि मेरी देवरानी ने मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने किरन के खिलाफ धारा 324 का मुकदमा पंजीकृत किया। वहीं दूसरी ओर फतेहपुर टोला अभयपुर निवासी छोटू राजभर पुत्र रामनगीना ने दिये गये तहरीर में कहा कि पुरानी रंजिश को लेकर उपरोक्त गावं निवासी विकास पुत्र छोटू मुण्डन समारोह से आ रहा था, इस बीच रास्ते में उसे रोकर मारपीट कर घायल कर दिया। जहां पुलिस ने विकास पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

# लड़की भगाने में तीन पर केस

**रुद्रपुर (एसएनबी)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि थाना तमकुही रोड निवासी युवक मेरी पुत्री को लेकर भाग गया। इस मामले में पुलिस ने विमला उर्फ समुन्द्र निवासी तमकुही रोड, कृष्णा, भोलू रुद्रपुर के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 25 लाख की ठगी

**तरकुलवा(एसएनबी)।** सिंचाई विभाग में लिपिक के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों द्वारा पूर्व ब्लाक प्रमुख से 25 लाख रुपए की ठगी कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। जालसाजों के इस गिरोह में सिंचाई विभाग का एक पूर्व अभियंता भी शामिल है। पैसा वापस मांगने पर जालसाज जानमाल की धमकी दे रहे हैं। इस मामले में पुलिस ने आरोपी सिंचाई विभाग के अवर अभियंता सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी का केस दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

## पूर्व जेई सहित पांच पर केस

### पथरदेवा के पूर्व ब्लक प्रमुख ब्रह्मा यादव की तहरीर पर हुई कार्रवाई

तरकुलवा थाना क्षेत्र के वृक्षापट्टी गांव के रहने वाले पूर्व ब्लाक प्रमुख ब्रह्मा यादव की गोरखपुर क्षेत्र के एक सिंचाई विभाग के अवर अभियंता बलवंत प्रसाद सिंह से जान-पहचान थी। आरोप है कि अवर अभियंता बलवंत प्रसाद सिंह ने पूर्व प्रमुख को बताया कि वह कुछ ऐसे लोगों को जानता है, जो रुपए लेकर नौकरी दिलाने का काम करते हैं। आरोपी जेई ने पूर्व प्रमुख की उन लोगों से परिचय भी करा दी। पूर्व ब्लाक प्रमुख ब्रह्मा यादव जालसाजों के झांसे में आ गए। जालसाज सिंचाई विभाग में लिपिक की नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे 25 लाख रुपए की मांग किए। पैसे का इंतजाम कर पूर्व प्रमुख ने 14 अगस्त 2020 को दो लाख रुपए अग्रिम के तौर पर उनके खाते में ट्रांसफर कर दिए। बाद में अवर अभियंता बलवंत के कहने पर उन्होंने 2 सितंबर 2020 को नौकरी दिलाने वाले गिरोह के अन्य लोगों के खाते में 23 लाख रुपए हस्तांतरित कर दिया। लगभग साढ़े तीन साल बीत जाने के बाद भी आरोपियों ने नौकरी नहीं दिलाई। जब पूर्व प्रमुख ने अपने रुपए वापस मांगे तो वे लोग टाल मटोल करने लगे। जब रुपए वापस करने के लिए पूर्व ब्लाक प्रमुख ने दबाव बनाना शुरु किया तो जालसाज परिवार सहित उनको जानमाल की धमकी देने लगे। इसके बाद उन्होंने आरोपितों के खिलाफ तरकुलवा थाने में तहरीर दी। पुलिस ने सिंचाई विभाग के पूर्व अभियंता बलवंत प्रसाद सिंह निवासी हरदिया थाना गुलहरिया, धीरज जायसवाल निवासी जेबीएल हाउस रसूलपुर गोरखपुर, सुनील सिंह गोरखपुर, प्रभाकर दुबे निवासी रघुनाथपुर, सीवान बिहार और राजीव गोयल निवासी बीपी आवास अकबर रोड नई दिल्ली के खिलाफ धारा 406, 420 व 506 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि पूर्व जेई समेत पांच लोगों पर धोखाधड़ी व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया गया है। जल्दी ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सवारी भरी टेम्पो को कार ने मारी टक्कर, छह घायल

**तरकुलवा(एसएनबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के देवरिया- कसया मार्ग पर गढ़रामपुर नहर पुलिया के समीप सवारी भरकर कंचनपुर की तरफ जा रही टेंपो को ब्रेजा कार ने टक्कर मार दी। जिसमें टेंपो में बैठे छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने एंबुलेंस 108 को बुलाकर सभी घायलों को सीएचसी तरकुलवा पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक देख डाक्टरों ने महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज देवरिया रेफर कर दिया। इस दौरान आधा घंटे तक देवरिया-कसया मार्ग पर आवागमन ठप रहा।

तरकुलवा निवासी शत्रुघ्न अपनी टैम्पों में कसया से सवारी भरकर कंचनपुर की तरफ जा रहा था। वह गढ़रामपुर नहर पुलिया के समीप पहुंचा था कि देवरिया की तरफ से कसया की ओर जा रही तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने अनियंत्रित होकर सामने से ठोकर मार दी, इस हादसे में टेंपो के परखचे उड़ गए। उसमें बैठे थाना क्षेत्र के बालपुर गांव निवासी शशि साहनी(20)पुत्री मोतिचन्द, मैंना देवी (48) पत्नी मोतीचंद, फूलपति (45) पत्नी हीरा साहनी, शशि (16) पुत्री मोती चंद तथा बघौचघाट थाना क्षेत्र के अमवा दुबे गांव निवासी कृष्णवती(50)पत्नी राम अशीष व विशुनपुरा बाजार निवासी तैमूर निशा (45) पत्नी ईश मोहम्मद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# हत्यारोपी पति को पुलिस ने दबोचा

लार। थाना क्षेत्र के चुरिया गांव की रहने वाली रिंकू यादव के हत्यारोपी पति को पुलिस ने दबोच लिया है। पत्नी की हत्या के बाद से ही वह फरार था। उसकी एक आठ वर्षीय बच्ची का अभी पता नहीं चल रहा है। चुरिया गांव की रिंकू यादव का शव गांव के प्राथमिक स्कूल के समीप गेहूं के खेत में 5 फ़रवरी की सुबह मिला था। पुलिस ने इस मामले में मृतका के पिता बेचन यादव की तहरीर पर रिंकू के पति राजू यादव उर्फ़ लाला के विरुद्ध केस दर्ज किया था।

## एक वर्ष में जिले में मिलावट के 118 मामलों में लगाया गया 15 लाख रुपये जुर्माना

# 183 में से 71 खाद्य नमूने फेल

**सेहत में सेंध**

**146** नमूनों की जांच रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा आयुक्त को मिली

■ तेल, मसाला, हल्दी, लाल मिर्च समेत सभी में होता है मिलावट का खेल

"शासन व जिलाधिकारी के निर्देश पर अपमिश्रित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान समय समय पर चलाए जाते हैं। इसके साथ ही विभागीय स्तर पर नियमित रूप से खाद्य पदार्थों की जांच की जाती है। इसमें सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाता है। वहां से अपमिश्रण की रिपोर्ट मिलने पर संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा दाखिल कर जुर्माने की कार्रवाई कराई जाती है।

**-विनय कुमार सहाय,** सहायक आयुक्त ग्रेड-1, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, देवरिया

**देवरिया, निज संवाददाता।** होली में मिलावटखोरों से सावधान रहिए, वरना सेहत बिगड़ जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जांच से इसकी पुष्टि होती है। विगत एक वर्ष में जिले में लिए गए कुल 183 नमूनों में से 71 नमूने फेल हो गए। वहीं मिलावट के 118 मामलों में कोर्ट ने 15 लाख का जुर्माना भी मिलावटखोरों पर लगाया है।

मिलावटखोरी अब एक सामान्य बात हो चली है। इसके चलते आए दिन लोग बीमार पड़ते रहते हैं। मिलावट का यह कारोबार तीज त्यौहारों पर अधिक हो जाता है। होली, दिपावली, रक्षाबंधन, नवरात्र में मिठाईयों से लेकर अनेक प्रकार के खाद्य पदार्थों की मांग में भारी वृद्धि हो जाती है।

लगन के समय पनीर समेत अन्य चीजों की भारी मांग का लाभ लेकर मिलावटखोर मुनाफाखोरी में लग जाते हैं। लोगों की सेहत के आगे धन कमाने की चिंता अधिक रहती है। इसको देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग आम दिनों के साथ साथ त्यौहारों के समय विशेष रूप से जांच अभियान संचालित करता है। इसके तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष के आंकड़ों को देखें तो अप्रैल 2023 से अब तक कुल 183 नमूने विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए गए। इनमें से 146 नमूनों की जांच की रिपोर्ट खाद्य सुरक्षा आयुक्त को मिल गई है। इसमें से 71 नूमने फेल हो गए। इसमें आठ नमूनों में स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थ पाए गए। इसमें से एक घी का नमूना, एक दूध से बनी मिठाई, एक वनस्पति तेल, दो नमूने मसाले के, एक अनाज के, दूध से इतर पदार्थ से बनी मिठाई, एक मांस से बने पदार्थ और एक अन्य खाद्य पदार्थ के नमूना शामिल है। वहीं 47 खाद्य पदार्थ के नमूनों की गुणवत्ता कम पाई गई। इसको लेकर विभागीय कार्रवाई जारी है।

### एक साल में 101 मुकदमे हुए दाखिल

जिले में बीते एक वर्ष में खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटी खोरों के खिलाफ 101 नए मुकदमे दाखिल किए। वहीं एक साल में नए पुराने मिलाकर 118 मुकदमों में निर्णय हुआ। इसमें मिलावटखोरों पर कुल 15,25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसमें दूध के 17 मिलावटी नूमनों के लिए 1,57,000 रुपये, खोवा के सात मामलों के लिए 61 हजार रुपये व पनीर के 11 मामलों के लिए 71 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं दूध से बनी मिलावटी मिठाई के लिए 3,34,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। बिना दूध वाली मिठाईयों के दो मामलों में 16 हजार रुपये, रिफाइन के छः मामलों में 62 हजार रुपये, दाल के चार मामलों के लिए 32 हजार रुपये, अनाज के एक मामले में 68 हजार रुपये, दाल के 10 मामलों में 1,27,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

### चार उत्पादों पर लगा जुर्माना

बेकरी उत्पाद के चार मामलों में 1,77,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नमकीन के चार मामलों में 60 हजार रुपये, नमक के चार मिलावट के मामलो में 31 हजार रुपये, चाय काफी के एक मामले में आठ हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मांस और इससे बने सात मामले में 36 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। 16 अन्य मामलों में 2,02,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# ईओ पर लगाया 25 हजार का जुर्माना

रुद्रपुर। राज्य सूचना आयुक्त ने रुद्रपुर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। जो उनके वेतन काटने का निर्देश दिया है। रुद्रपुर नगर पंचायत के बरई टोला वार्ड के रहने वाले राघव तिवारी ने नगर पंचायत के जन सूचना अधिकारी से भूमि संबंधी जानकारी मांगा था। जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा (20) 1 के अधीन के तहत उन्होंने सूचना पाने के लिए कई बार गुहार लगाया। लेकिन नगर पंचायत ने उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराया। जिससे राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चन्द्र सिंह अधिशासी अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना लगाया है। इस संबंध में नगर पंचायत रुद्रपुर के अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव ने कहा कि मामला मेरे समय का नहीं है। इसलिए इसके बारे में मुझे बहुत जानकारी नहीं है।

# स्कूल के पास शराब दुकान के प्रस्ताव पर रोष

रामपुर कारखाना । स्कूल और मंदिर के नजदीक देसी शराब की दुकान खुलने जा रही है। इसको लेकर स्कूल प्रबंधक और कस्बा वासियों ने आक्रोश जताया है। कस्बा वासियों ने जिलाधिकारी को शिकायत की पत्र देकर दुकान का स्थानांतरण रद्द कराने की मांग की है। नगर पंचायत रामपुर कारखाना के गुदरी वार्ड में देसी शराब की दुकान संचालित है। इस वित्तीय वर्ष में दुकान को रामपुर कारखाना मेन चौराहा पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया है। मकान मालिक ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है। जिस मकान में दुकान खोलने का प्रस्ताव किया गया है, उससे महज 20 मीटर दूरी पर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित है। जबकि लगभग 50 मीटर दूरी पर दुर्गा और हनुमान मंदिर स्थापित है।



शुक्रवार को परसिया देवार में लहन नष्ट करते पुलिसकर्मी।

# आबकारी टीम ने पांच कुंतल लहन नष्ट किया

बरहज। शुक्रवार को बरहज थाना क्षेत्र के ग्राम परसिया देवार में आबकारी विभाग की टीम ने कच्ची के अड्डो पर छापेमारी की। इस दौरान 52 लीटर कच्ची बरामद किया। पांच कुंतल लहन नष्ट किया गया। दो धंधेबाजों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक, सुधीर सिंह, मनीष सिंह, मिथलेश आदि थे।

# सपा नेता पर हमला करने वाले सात के विरुद्ध केस दर्ज

## बृहस्पतिवार को बाइक में कार की टक्कर मारकर किया गया था कुचलने का प्रयास

अमर उजाला लाइव

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामपुर कारखाना।** सपा के जिला सचिव मुन्ना यादव पर हमला करने वाले सात लोगों के विरुद्ध पुलिस ने हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में शुक्रवार की देर रात केस दर्ज कर लिया है।

शहबाजपुर गांव निवासी मुन्ना यादव के कुछ लोगों से रंजिश चलती थी । बुधवार की सुबह मुन्ना यादव अपने मोटरसाइकिल से देवरिया जा रहे थे अभी वह पुरुषोत्तमपुर चौराहे के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही एक अर्टिगा कार ने मुन्ना यादव को ठोकर मार दिया। जिससे वह सड़क पर गिर गए मुन्ना यादव का आरोप है कि कार सवार लोगों ने दोबारा मुड़कर उनके ऊपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया तथा कट्टे से फायर भी किया। आसपास के ग्रामीणों के शोर मचाने पर कार सवार कसया की तरफ भाग निकले।

सूचना घटना घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मुन्ना यादव को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनकी इलाज चल रही है। देर शाम रामपुर कारखाना पुलिस ने मुन्ना यादव के तहरीर पर दो महिलाओं समेत 7 लोगों के विरुद्ध मारपीट हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### एक व्यक्ति से हुआ था विवाद

रामपुर कारखाना के विशुनपुर भरत राय गांव का एक व्यक्ति शहबाजपुर गांव निवासी एक व्यक्ति का खासमखास है, जिससे मुन्ना का विवाद भी था। मुन्ना यादव का विशुनपुर भरत राय निवासी व्यक्ति से भी विवाद था। साथ ही उसकी सास रुद्रपुर ब्लॉक में सफाईकर्मी थी। दो साल पहले मुन्ना यादव ने उनके खिलाफ डीएम को पत्र दिया था कि सफाई कर्मी का जन्मप्रमाण पत्र फर्जी है। जांच के बाद मामला सही निकला। वह छह माह पहले बर्खास्त कर दी गई। मुन्ना ने जिलाधिकारी को पत्र देकर वेतन के रूप में पाए करीब 58 लाख रुपये की रिकवरी के लिए पत्र दिया था। जिस पर रुद्रपुर कोतवाली में धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ और रिकवरी का आदेश हुआ। इसी के क्रम में बृहस्पतिवार को पुलिस उनको गिरफ्तार करने आई थी। सफाई कर्मी के परिजन और उनके दामाद ने सुबह झगड़ा किया था। पुलिस की मानें तो विवाद की जड़ यहीं से शुरू हुई है और मुन्ना यादव ने यह कहानी रच दी।

### ग्रामीणों के शोर मचाने पर कार सवार कसया की तरफ भाग निकले थे

*जैसे ही सपा मुन्ना यादव को वाहन से कुचलने व फायरिंग की जानकारी थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद से ली। इसके बाद मुन्ना के साथ मौजूद हरपुर के धर्मेंद्र राव से पूरा ब्योरा लिया और मामला मनगढ़ंत पाया गया। मुन्ना पर पहली से नौ मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।* - **संजय कुमार रेड्डी,** सीओ सिटी

# जमीन पर पट्टीदारों ने कब्जा कर लिया

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव में एक अंधी महिला के आवासीय पट्टे की जमीन पर पट्टीदारों ने कब्जा कर लिया है। हालांकि लेखपाल ने पट्टे की जमीन की पैमाइश कर कब्जा हटाने का निर्देश दिया है, लेकिन अतिक्रमणकारी कब्जा हटाने का आश्वास देने के बाद भी नहीं हटा रहे हैं। पीड़ित महिला की बेटी ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है।

थाना क्षेत्र के बंजरिया गांव में मायके में रहकर अंधी मां और भाई की देखरेख करने वाली सुमन देवी पत्नी निरंजन निवासी जगदीशपुर थाना सेवरही ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। कहा कि माता जगदंबा देवी दोनों आंख से अंधी हैं। एक भाई है, जो मंदबुद्धि है।

## चुनाव को लेकर अर्धसैनिक बल के लिए 75 विद्यालयों को रखा गया आरक्षित

# 122 स्कूलों में ठहरेगी फोर्स पुलिस महकमे ने की व्यवस्था

**लोकसभा चुनाव**

**देवरिया, निज संवाददाता।** आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान बाहर से आने वाले केन्द्रीय सुरक्षा बलों और गैर जनपदों से आने वाले पुलिस, पीएसी बल और होमगार्ड के रुकने के लिए पुलिस विभाग तैयारी में लगा हुआ है। इसके लिए जिले के 122 विद्यालयों को चिह्नित किया गया है। इसमें महाविद्यालय,राजकीय, वित्त पोषित, वित्त विहीन और प्राइवेट विद्यालय को शामिल किया गया है। सभी सर्किल के सीओ स्कूलों का निरीक्षण कर संसाधन उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे है।

लोकसभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल व केन्द्रीय सुरक्षा बल का उपयोग कराया जाता है। शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिए अर्धसैनिक बलों को लगाया जाता है। अर्धसैनिक बलों की सुरक्षा में सभी बूथ रहते हैं। इस लिए जिले में बड़े पैमाने पर अर्धसैनिक बलों को तैनात किया जाता है। जिले में 100 कंपनी अर्धसैनिक बल चुनाव में आते है। इसे देखते हुए उनके रहने की भी व्यवस्था विभाग को करना पड़ता है। इसके लिए जिले के पुलिस अधिकारी, महाविद्यालय, राजकीय, वित्त पोषित, वित्त विहीन और प्राइवेट स्कूलों का निरीक्षण कर विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। जिसमें फोर्स को रोका जाएगा। इसके लिए डीआईजी, एसपी , एएसपी स्कूलों का निरीक्षण कर चुके है।

**इनके लिए सुरक्षित किया गया है स्कूल :** देवरिया सदर कोतवाली क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के लिए 8 केंद्र, पुलिस और पीएसी के लिए 14, होमगार्ड के लिए 5 स्कूल चिन्हित किया गया है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के लिए दो, होमगार्ड के लिए एक, तरकुलवा थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के लिए तीन, होमगार्ड के लिए तीन, बघौचघाट थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के लिए सात, महुआडीह थाना क्षेत्र में अर्धसैनिक बल के लिए 4 और होमगार्ड के लिए एक स्कूल को चिन्हित किया गया है।

## आयोग के निर्देश पर तीन मतदेय स्थलों में संशोधन

**देवरिया।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने बताया है कि लोकसभा चुनाव के लिए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-337 देवरिया में स्थापित तीन मतदेय स्थलों का भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा संशोधन प्रस्ताव का अनुमोदन प्राप्त हुआ है। इसमें पूर्व में स्थापित प्रा.वि. देवकुआं पूर्वी कक्ष सं. का भवन ध्वस्त हो जाने के कारण इसी ग्राम में स्थापित शहीद ऊधम सिंह ग्राम सचिवालय में मतदेय स्थल संशोधन प्रस्ताव अनुमोदित हुआ है। मतदेय स्थल देवकुआं 1-1 में मतदेय स्थल की संख्या 104 तथा मतदाताओं की 1020 है तथा मतदेय स्थल देवकुआं 1-2 में मतदेय स्थल की संख्या 105 तथा मतदाताओं की 990 है। विगत निर्वाचन में प्राथमिक विद्यालय हरैया भवन ध्वस्त होने के कारण निजी अनएडेड बबन सिंह इण्टर कॉलेज में स्थापित किया गया था।

# वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व एडीजे अशोक कुमार दूबे ने शुक्रवार को वन स्टाप सेंटर और जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वन स्टाप सेंटर पर महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों पर आमजनमानस को जागरूक करने का निर्देश दिया। उधर बंदियों को उनके लिए चलाई जाने वाले सहायता के बारे में जानकारी दिया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोक कुमार दूबे ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहिए। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के प्रभारी केन्द्र प्रबन्धक मीनू जायसवाल को निर्देशित करते कहा कि महिला एवं बच्चों जिनकों विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय में संदर्भित करें ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सकें।

# पति समेत चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

सलेमपुर, हिन्दुस्तान संवाद। पुलिस ने एक नवविवाहिता की तहरीर पर पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के तिलौली सोहनाग गांव निवासी हिना उर्फ शबनम खातून पुत्री मुहम्मद नन्हे ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि मेरी शादी वर्ष 2021 में महुआडीह थाना क्षेत्र के तवकलपुर इमामबाड़ा निवासी शाहजादा पुत्र करार अहमद के साथ तय दान दहेज देकर धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद जब मैं ससुराल पहुंची तो कुछ दिन ठीक रहा। उसके बाद मेरे पति, सास, ससुर व देवर आए दिन दहेज में चार पहिया वाहन की मांग को लेकर मरना पीटना एवं उत्पीड़न करते थे। जिससे हम प्रार्थीनी अपने मायके तिलौली गांव 20 दिन पूर्व आ गई। मेरे ससुराल पक्ष से 10 मार्च को लगभग 5 बजे शाम को पति व देवर शलमान व सास शाबिया खातुन और उसकी खाला आसिया खातुन घर में घुस गए एंव पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इस मामले में नवविवाहिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति शाहजादा, देवर सलमान, सास शाबिया, आशिया के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

# घर से युवती गायब, मुकदमा

वनकटा : क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती गुरुवार को गायब हो गई। इस मामले में पुलिस ने दूधपुरा के रहने वाले आदित्य के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपित की गिरफ्तारी में पुलिस जुट गई है।

# सपा नेता के हमलावरों के विरुद्ध नहीं हुई कार्रवाई

**रामपुर कारखाना के पुरुषोत्तमपुर के पास हुआ था हमला, घायल सपा नेता का मेडिकल कालेज में चल रहा उपचार**

**जागरण संवाददाता, रामपुर कारखाना:** क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर के समीप कसया-देवरिया मार्ग पर सपा नेता के ऊपर हुए हमले के मामले में 26 घंटे गुजर जाने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद पुलिस की कार्यशैली पर लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं। उधर जिम्मेदार अधिकारी जांच के बाद ही आवश्यक कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

रामपुर कारखाना के सहबाजपुर के रहने वाले मुन्ना यादव सपा नेता है। गुरुवार को वह जिला मुख्यालय बाइक से आ रहे थे। उनका आरोप है कि पुरुषोत्तमपुर के समीप उनके कार से कुचलने का प्रयास किया गया। साथ ही गोली चलाई गई। हालांकि गोली उन्हें नहीं लगी। घायल सपा नेता का मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है। इस मामले में सपा नेता ने नामजद तहरीर दी है। बावजूद इसके पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

थानाध्यक्ष नंदा प्रसाद ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हत्यारोपित पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- लार थाना क्षेत्र के चुरिया गांव के बाहर महिला का शव मिलने का मामला
- बलिया जनपद से एक रिश्तेदार के घर से पुलिस ने आरोपित को उठाया

जासं, लार: क्षेत्र के चुरिया टोला की महिला की हुई हत्या के मामले में फरार चल रहे पति को गिरफ्तार करने में पुलिस को शुक्रवार को सफलता मिल गई। पुलिस ने बलिया में रिश्तेदार के घर छिपे हत्यारोपित को उठा लिया। देर शाम तक पुलिस पूछताछ कर रही थी।

चुरिया गांव के खेत में पांच फरवरी की सुबह शव मिला। शव की शिनाख्त रिंकू पत्नी राजू यादव निवासी चुरिया के रूप में हुई। मृतका के पिता बेचन यादव निवासी मिल्की मुहल्ला थाना सिकंदरपुर जिला बलिया की तहरीर पर पति राजू यादव के विरुद्ध हत्या व साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि पति को बलिया जनपद से हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। मासूम अभी भी गायब बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों का हो संरक्षण



वन स्टाप सेंटर पर जानकारी लेते अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवरिया:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज अशोक कुमार दुबे ने शुक्रवार को वन स्टाप सेंटर व जिला कारागार का निरीक्षण किया। साथ ही व्यवस्था बेहतर करने का निर्देश दिया। वन स्टाप सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों के संरक्षण किया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के स्वतंत्रता और समानता का अधिकार, नारी की गरिमा का अधिकार, घरेलू हिंसा का कानून, दहेज निवारण कानून, नौकरी करने का अधिकार, प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार एवं संपत्ति का अधिकार जैसे अनेक अधिकार प्राप्त हैं। इसके बाद वह जिला कारागार पहुंचे और वहां की व्यवस्थाएं देखी। कुछ बंदियों से उन्होंने बातचीत की। उनसे भोजन, दवा व अन्य जानकारियां प्राप्त की। इस दौरान जेल अधीक्षक प्रेम सागर शुक्ला, जेलर राजकुमार, बाल संरक्षण अधिकारी जयप्रकाश तिवारी, वन स्टाफ सेंटर की प्रभारी केंद्र प्रबंधक मीनू जायसवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# मारपीट के मामले में चार लोगों पर मुकदमा

देवरिया: शहर के आर्य समाज गली में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। राम गुलाम टोला के रहने वाले संतोष कुमार वर्मा ने मारपीट करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने आर्य समाज गली के रहने वाले गोलू वर्मा, मोनू वर्मा, प्रिंस वर्मा व अमन वर्मा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# चार लोगों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा

देवरिया : खामपार के खैराट में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों के विरुद्ध प्राण घातक हमले का मुकदमा दर्ज किया है। गांव के जयराम प्रसाद का कहना है कि आपसी रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट की, जिससे पत्नी बेहोश होकर गिर गई। उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में पुलिस ने गांव के सोनू गौतम, चंद्रशेखर, अनीता देवी, अन्नू कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। (जासं)

# स्कूल व मंदिर के पास शराब की दुकान खोलने का विरोध

**जासं, रामपुर कारखाना :** नगर पंचायत के सुभाष चौक स्थित विद्यालय व देवी मंदिर के निकट देशी शराब की दुकान खोलने का विरोध शुरू हो गया है। लोगों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर दुकान हटवाने की मांग की है। साथ ही आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

नगर पंचायत के गुदरी वार्ड में देसी शराब की दुकान संचालित है। नए वित्तीय वर्ष में दुकान को मेन चौराहा पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया गया है। मकान मालिक ने निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया है। जिस मकान में दुकान खोलने का प्रस्ताव किया गया है, उससे महज 20 मीटर दूरी पर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालित है। करीब 50 मीटर दूरी पर दुर्गा व हनुमान मंदिर है। प्रस्तावित दुकान के रास्ते से होकर छात्र व छात्राएं जनता इंटर कालेज में पढ़ने जाते हैं। नगर पंचायत के हरिओम यादव, शमशेर अली, वकील, अलाउद्दीन, हरे राम, नीलम व स्कूल प्रबंधक शौकत अली ने अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी, डीएम को शिकायती पत्र दिया है। शराब की दुकान खुलने से दिक्कतों से अवगत कराया है। नगर पंचायत रामपुर कारखाना की अध्यक्ष शिव कुमारी देवी ने बताया कि स्कूल व मंदिर के बगल में शराब की दुकान नहीं खुलने दी जाएगी। नगरवासियों की ओर से शिकायती पत्र मिला है।



बरहज के परसिया देवार में कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाती आबकारी टीम • जागरण

# परसिया देवार में कच्ची के विरुद्ध चला अभियान, नष्ट किया लहन

- 52 लीटर कच्ची बरामद, अवैध कार्य में संलिप्त आरोपित हो गए फरार
- डीएम के निर्देश पर आबकारी विभाग की टीम ने चलाया अभियान

जागरण संवाददाता, बरहज: होली का त्योहार नजदीक आते ही कच्ची के विरुद्ध अभियान तेज हो गया है। शुक्रवार को डीएम अखंड प्रताप सिंह के निर्देश पर आबकारी टीम ने बरहज के परसिया देवार में अभियान चलाया। इस दौरान 52 लीटर कच्ची बरामद की गई। जबकि भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया। इस मामले में दो के विरुद्ध मुकदमा भी दर्ज किया गया।

आबकारी निरीक्षक पंकज विवेक, सुधीर सिंह व मनीष सिंह के नेतृत्व में कच्ची के विरुद्ध अभियान चलाने को सुबह आठ बजे ही टीम पहुंच गई। टीम के पहुंचते ही धंधेबाज भाग निकले। पुलिस टीम का लगभग दो घंटे तक अभियान चला रहा। इस दौरान चार बड़ी भट्ठियां क्षतिग्रस्त कर गई।

आबकारी इंस्पेक्टर ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा। किसी भी दशा में न तो कच्ची बनने दी जाएगी और न ही बिकने दी जाएगी।

# खेत घूमने गए व्यक्ति पर कुदाल से हमला

देवरिया। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मोहन पट्टी निवासी डिंपल यादव ने अपने पिता के साथ मारपीट करने व कुदाल से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर देने का मुकदमा दर्ज करवाया है। दर्ज मुकदमा के अनुसार, डिम्पल यादव के पिता रामप्रीत यादव खेत की तरफ गए थे। इसी दरम्यान उसके चाचा गुलाब यादव, उनका पुत्र धीरज यादव, नीरज यादव, उनकी पत्नी शकुन्तला देवी को खेत में घेर लिया। इसके बाद मारपीट करने लगे। कुदाल से सिर पर वार कर दिया। जिससे काफी गंभीर चोटें आयी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। संवाद

# नौ लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

देवरिया। शहर के सीसी रोड में कोतवाली पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति कच्ची शराब लेकर खोराराम से अमेठी तिराहे पर की तरफ से आ रहा है। इसके बाद पुलिस बल के साथ सीसी रोड से अमेठी तिराहे की तरफ पहुंचे। संवाद

# ग्राम प्रधान समेत चार पर दलित उत्पीड़न का केस

रुद्रपुर। पैरा ओलंपिक स्व. राजबली की पत्नी और बेटी से मारपीट के आरोप में करनपुरा के ग्राम प्रधान समेत चार पर दलित उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज किया गया है। एक साल पहले भी मामले में पुलिस केस दर्ज कर चुकी है। पिपरा कछार निवासी पैरा ओलंपिक स्व.राजबली प्रसाद की बेटी नेहा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 मार्च को एक विवाद में दूसरे पक्ष से उनकी पंचायत चल रही थी। इसमें करनपुरा के प्रधान भी मौजूद थे। उन्होंने रंजिश को लेकर शिकायतकर्ता और उसकी मां बलवंती देवी की पिटाई शुरू कर दी। संवाद

# उप निबंधक कार्यालय के लिपिक व मुंशी के खिलाफ केस दर्ज

**अमर उजाला फॉलोअप**

**सलेमपुर।** दस्तावेज के नाम पर रकम लेने वाले उप निबंधक कार्यालय के लिपिक समेत एक प्राइवेट मुंशी के खिलाफ विजिलेंस ने केस दर्ज कराने के बाद दोनों को जेल भेज दिया।

लार थाना क्षेत्र के बरडीहा दलपत गांव निवासी अवध किशोर सिंह गांव के धनीराम सिंह पुत्र बाबू नंदन सिंह से 17 फरवरी को गांव में 37 डिस्मिल जमीन पत्नी ऊषा सिंह के नाम से खरीदी थी। दो बार स्टांप लेने गए, लेकिन लिपिक पैसे के लिए दे नहीं रहा था, जबकि अवध किशोर पांच हजार रुपये देने को तैयार थे, लेकिन लिपिक कमलेश कुमार गौड़ 15 हजार की मांग कर रहा था।

पैसा नहीं देने पर स्टांप जांच में भेजने की धमकी दे रहा था। परेशान होकर पीड़ित ने इसकी शिकायत विजिलेंस टीम से की। टीम ने बृहस्पतिवार को कमलेश कुमार व रामानंद को 15 हजार रुपये के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। संवाद

## अज्ञात शव की हुई शिनाख्त, दो दिन पूर्व हुई थी मौत

**देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के पुरवा के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त शुक्रवार को हो गई। बुधवार को उसकी सड़क हादसे में मौत हो गई थी, परिजन पोस्टमॉर्टम हाउस पर पहुंच कर शव की पहचान की। गौरीबाजार थाना क्षेत्र के बेलही के रहने वाले कलामुद्दीन (40) पुत्र जलील बुधवार को बांसपार स्थित एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुधवार को घर से निकले थे, उनका शव पुरवा के समीप मिला, उनकी मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# तीन पशु तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पडरौना, कुशीनगर।** कुशीनगर जिले की तरयासुजान थाने की पुलिस ने तीन पशु तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अमरोहा, शाहजहांपुर एवं मेरठ जिले के रहने वाले इन तस्करों को पुलिस ने कंटेनर में लदे 30 प्रतिबंधित पशुओं के साथ गिरफ्तार किया था।

गिरफ्तार आरोपी प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी के गैंग से जुड़े हैं। इनकी पहचान मो. बिलाल पुत्र अजीज निवासी वार्ड नं. 17 लालबाग कनेटा रोड, हसनपुर कोतवाली हसनपुर, जिला अमरोहा, जुनैद उर्फ जुबैद पुत्र तौफीक निवासी अंजुम पैलेस, थाना बैरमपुरा, जिला मेरठ एवं नसीम पुत्र अलीराज निवासी रावतपुर थाना कांट जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई है। इन पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई है। ये पश्चिमी उत्तर प्रदेश व अन्य जगहों से प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करते हैं। गत 3 फरवरी को पुलिस ने इन्हें पशुओं के साथ गिरफ्तार किया था।

## वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**लक्ष्मीगंज।** रामकोला थाने की पुलिस ने मुकदमे में वांछित अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसओ विनय कुमार सिंह ने बताया कि जानलेवा हमले के मुकदमे में वांछित अरमान पुत्र सुलेमान निवासी रामकोला कस्बा वार्ड नंबर 12 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# दहेज हत्या के दोषी पति को दस साल की कैद

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी की अदालत ने दहेज हत्या के दोषी को दस साल के सश्रम कारावास व 11 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जब विवाहिता की हत्या की गयी तब उसके गर्भ में एक शिशु भी पल रहा था। अदालत में मौजूद दोषी को अदालत ने जेल भेज दिया।

विशेष शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने मुकदमे के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 13 मार्च 2017 को सेवरही थाने में इस मामले में पति के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करने व हत्या का केस दर्ज किया गया था। तहरीर तरया सुजान थाना क्षेत्र के मठिया निवासी भगवती मद्धेशिया ने दी थी। तहरीर में बताया था कि उन्होंने अपनी बेटी की शादी कुछ महीने पहले सेवरही थाने के हाता धुरिया निवासी हरिकेश गुप्ता पुत्र रामचंद्र गुप्ता से की थी।

पति ने दहेज में शौचालय बनवाने व मोटरसाइकिल का पैसा नहीं देने पर बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि बाद में उसे जमानत मिल गयी थी। विवेचना पूरी करने के बाद विवेचक ने साक्ष्यों के साथ हरिकेश गुप्ता के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी।

# शराब के साथ पांच गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले की अलग-अलग थानों की पुलिस ने शुक्रवार को अवैध शराब के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया। पकड़े गये तस्करों में सभी बिहार प्रांत के निवासी हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज कर उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।



लालीपार गांव में आंबेडकर की प्रतिमा को ठीक करता मजदूर।

# आंबेडकर प्रतिमा की तोड़ी अंगुली, प्रशासन ने बनवाया

**हाटा, हिसं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के गांव लालीपार में वर्षो पूर्व स्थापित भीमराव आंबेडकर प्रतिमा की अंगुली गुरूवार की रात किसी शरारती तत्व ने तोड़ दी। शुक्रवार को सुबह नजर पड़ी तो लोगों में आक्रोश फैल गया।

इसकी सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार हाटा सुनील कुमार सिंह एवं कोतवाल राजप्रकाश सिंह मौके पर पहुंच कर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर उनकी रजामंदी से प्रतिमा की क्षतिग्रस्त अंगुली को ठीक कराया। हाटा कोतवाली क्षेत्र के गांव लालीपार में भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा डेढ़ दशक पूर्व स्थापित की गयी। प्रतिमा के बगल में अन्नपूर्णा भवन बनाने के लिए गुरुवार को ग्राम प्रधान की मौजूदगी में राजस्व विभाग ने भूमि चिह्नित कर दिया था। रात में किसी शरारती तत्व ने ईंट पत्थर फेंक कर प्रतिमा की एक अंगुली को तोड़ दी। शुक्रवार को सुबह गांव में आक्रोश पैदा हो गया। जानकारी होने पर कोतवाल राजप्रकाश सिंह मौके पर पहुंच गये। प्रशासनिक अधिकारियों ने टूटी अंगूली सही करा दिया।

# अफवाह को लेकर हलकान रही पुलिस

**खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की नाबालिग पुत्री नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र निवासी अपने बुआ के घर से लापता हो गयी है। इसकी जानकारी होने पर परिजन उसकी खोजबीन कर रहे हैं। वहीं दूसरी इसी मामले को लेकर फैले अफवाह से पुलिस काफी देर तक हलकान रही।

हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति की नाबालिग पुत्री लगभग एक सप्ताह पूर्व नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र निवासी अपनी बुआ के यहां गई थी, जहां से वह लापता हो गई। इसकी सूचना उसकी बुआ ने अपने भाई को दी। इस पर लड़की के पिता ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए लड़की की खोजबीन में जुट गये। शुक्रवार को गांव के कुछ लोगों ने लड़की को उसके परिजनों द्वारा मारकर उसे जमीन में गाड़ देने का अफवाह फैला दिया। इसको लेकर हनुमानगंज पुलिस हलकान रही।

बाद में पुलिस लापता किशोरी के बुआ का बयान दर्ज किया, जहां लड़की की बुआ ने उसके घर से भतीजी के लापता होने की बात पुलिस को बताया। इस संबंध में हनुमानगंज एसओ अजय पटेल का कहना है कि इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। हालांकि हनुमानगंज थाना क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र से अपने बुआ के घर से लापता हुई है।

## सुरक्षा के कड़े इंतजामात, मस्जिदों में उमड़ी भीड़, मुल्क की सलामती की दुआ मांगी

# अकीदत के साथ हुई जुमे की नमाज

कुशीनगर, हिन्दुस्तान टीम। माह-ए-रमज़ान के पहले जुमे की नमाज़ शुक्रवार को जामा मस्जिद पडरौना, दालमंडी, डाकखाने वाली मस्जिद, जमालपुर, हरिहरपुर, हथिसार मुहल्ला, गुप्ती शहीद ईदगाह कठकुइयां मोड़, छावनी, मुग़लपुरा, खिरिया टोला, नोनिया पट्टी, जामा मस्जिद बतरौली बाजार, सरेयां, सिकटा, बदलपट्टी, प्रधानपट्टी, पिपरा जटामपुर, अमवा बुजुर्ग सहित जिले की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज़ अदा कर रोज़ेदार अकीदतमंदों ने मुल्क की सलामती व खैरो बरकत की दुआएं मांगी। नमाज़ के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिए सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस कर्मी तैनात रहे।

जुमे की नमाज़ अदा करने से पहले जामा मस्जिद बतरौली बाजार के पेश ईमाम मुफ़्ती ज़ियाऊलहक़ क़ासमी ने माहे रमज़ान की अज़मत बयान करते हुए कहा कि रमजानुल मुबारक दरअसल उम्मते मुहम्मदिया के लिए अल्लाह की जानिब से एक खुसूसी इनाम है। इसके जरिये उम्मते मुहम्मदिया को दीगर तमाम उम्मतों पर फजीलत और फौकियत बखशी गई। रमजान की अजमत व फजीलत के लिए इतना ही काफी है कि अल्लाह ने अपनी मुकदस किताब को इसी माह-ए-मुबारक में नाजिल किया।

अल्लाह के रसूल सल्लल्लाहु अलैहिवसल्लम शिद्दत से रमजान के मुबारक महीने का इंतिजार किया करते थे और माह-ए-रजब के आगाज के साथ ही बकसरत ये दुआ पढ़ा करते थे की ऐ अल्लाह हमारे लिए रजब और शाबान बाबरकत बना दे और हमें रमजान नसीब फरमा। इसलिए रमजान में इंसान तमाम आमाल खैर कसरत से करे, रोज़ा रखे और तिलावते कुरआन का भी खूब एहतिमाम करे, फर्ज और सुन्नत नमाजों के अलावा नवाफिल भी कसरत से पढ़े। गरीबों, मोहताजों और बे-कसों का खास ख़्याल रखे, सदका, जकात व दीगर रकूम से उनकी खूब मदद करे ताकि वो भी अच्छे से इस माह-ए-मुबारक को गुजार सकें।



शुक्रवार को कुबेरस्थान के बतरौली बाजार में जुमे की नमाज पढ़ते रोजेदार।

### मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (16 मार्च) रोजा शनिवार**

सुन्नी : 6:09 बजे शाम

**सहरी (17 मार्च) रोजा रविवार**

सुन्नी : 04:38 बजे प्रात:

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

## अर्ध सैनिक बल के साथ पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

अहिरौली बाजार। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न चौराहों पर शुक्रवार को अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ पुलिस कर्मियों ने फ्लैग मार्च करते हुए क्षेत्र में अमन एवं शांति का संदेश दिया। एसओ मनोज कुमार वर्मा ने अर्ध सैनिक बल के जवानों को लेकर थाना क्षेत्र के जगदीशपुर, खोड्डा बाजार, भैंसही बाजार, रामपुर झुरिया, तिनहवा चौराहा आदि पर मार्च किया।



अहिरौली बाजार में अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च करती पुलिस।

# अर्द्ध सैनिक बलों ने किया पैदल मार्च

जासं, दुद्धी : आगामी लोकसभा चुनाव को शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को सायं पांच बजे केंद्रीय पुलिस बल व नागरिक पुलिस ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च किया। इस दौरान अफवाह फैलाने वालों के बारे में तत्काल सूचना देने की बात कही गई। प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान के नेतृत्व में फोर्स ने कस्बा के ब्लाक मुख्यालय, रेलवे रोड, सुराजी बाजार, स्टेशन बाजार, बैंक रोड, चांदनी चौक, गोला बाजार, ग़ांधी चौक, टैक्सी स्टैंड, बड़हरा व आसपास के गांव गौरी श्रीराम, गोडरिया, नौगवां, चाफ, दुबौली, बैकुंठपुर कोठी, जमुआन आदि में पैदल मार्च किया।

# तीन गो-तस्करों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

जासं, तरयासुजान: तरयासुजान पुलिस तीन गो-तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की है। अपराध से अर्जित इनकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

पुलिस ने यह कार्रवाई शुक्रवार को की। बताया कि तीन फरवरी को मंझरिया गांव के पास फोरलेन पर कंटेनर से 30 गोवंश बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। तीनों की पहचान मोहम्मद बिलाल निवासी वार्ड संख्या 17 लालबाग कनेटा रोड हसनपुर थाना कोतवाली हसनपुर जिला अमरोहा, जुनैद उर्फ जुबैद निवासी अंजुम पैलेस थाना बैरमपुरा जिला मेरठ व नसीम निवासी रावतपुर थाना कांट जिला शाहजहांपुर के रूप में हुई। विवेचना के दौरान पता चला कि ये तीनों पेशेवर गो-तस्कर हैं। इनके विरुद्ध प्रदेश के कई जनपदों में गोवध व पशु क्रूरता के मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया कि अब इनकी संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।



कप्तानगंज थाना में समीक्षा करते एएसपी दक्षिणी अभिनव त्यागी दाएं● जागरण

# आइजीआरएस की शिकायतों का ससमय करें निस्तारण

जागरण संवाददाता, कप्तानगंजः एएसपी अभिनव त्यागी ने कहा कि आइजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का तय समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर पीड़ितों को राहत दिलाएं। पीड़ितों की संतुष्टि ही गुणवत्ता के मानक का आधार होगा। महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर पुलिसकर्मी सजगता बरतें। इसमें लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

वे गुरुवार की रात कप्तानगंज थाने की समीक्षा कर रहे थे। कहा कि शिकायतों के निस्तारण के दौरान इसका ध्यान रखें कि शिकायतकर्ता कार्रवाई से संतुष्ट हो। महिला सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरतें। इससे जुड़ी शिकायत मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने पिछले 15 दिनों में महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों की जानकारी मांगी।

थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार ने बताया कि 33 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। 12 से अधिक मामलों में मुकदमा पंजीकृत किया गया। एएसपी ने गो-तस्करी, लूट, चोरी आदि की घटनाओं की जानकारी ली। शीघ्र पर्दाफाश के निर्देश दिए। लंबित विवेचनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान थाने के पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# हत्या के मामले में पति को 10 वर्ष का सश्रम कारावास

जासं,पडरौना: सात वर्ष पूर्व दहेज के लिए पत्नी की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोप सिद्ध होने पर शुक्रवार को अभियुक्त पति को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि वादी मुकदमा भगवती मद्धेशिया निवासी गाजीपुर थाना तरयासजान ने थाने में 13 मार्च 2017 को तहरीर देकर बताया कि उनकि पुत्री दुर्गावती की शादी 13 मार्च 2013 को सेवरही थाने के हाता धुरिया के हरिकेश गुप्ता के साथ हुई थी। बेटी की विदाई 2015 में हुई थी। ससुराल जाते ही पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। 12 मार्च 2017 को गला दबाकर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या छह के विद्वान न्यायाधीश शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दहेज उत्पीड़न व हत्या के मामले में पति को सजा सुनाई है।

# आठ पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

तमकुहीराज ःतरयासुजान पुलिस ने शुक्रवार की शाम को क्षेत्र के बाघाचौर के समीप बोरे में रखी आठ पेटी शराब बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान सुभाष सिंह निवासी बाघाचौर के रूप में हुई।

# उपभोक्ता अधिकार की रक्षा को जताई प्रतिबद्धता



पुलिस लाइन परिसर में उपभोक्ता अधिकार दिवस पर पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते एसपी धवल जायसवाल। ● सौ. पुलिस मीडिया सेल

जागरण संवाददाता, पडरौनाः एसपी धवल जायसवाल ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के साथ साथ उनके हितों की रक्षा प्राथमिकता है। नागरिक हितों को लेकर पुलिसकर्मी तत्परता बरतें। ठगी, छल आदि के शिकार व थाने पहुंचे व्यक्ति की सुनकर उनके हितों की रक्षा के लिए तत्काल आवश्यक कदम उठाएं।

वे पुलिस लाइन में उपभोक्ता अधिकार दिवस पर पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नागरिक हितों की रक्षा का संकल्प दिलाया। कहा कि आज उपभोक्ता अधिकार दिवस है। हर नागरिक कहीं न कहीं उपभोक्ता है। आन लाइन खरीदारी के इस दौर में आए दिन नागरिकों के साथ छल व उनके हितों की अनदेखी के मामले सामने आ रहे हैं। इस तरह की घटना की जानकारी पर तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक छानबीन की जाए। नागरिकों की सुरक्षा के साथ ही उनके हितों की रक्षा को लेकर पुलिस प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं के अधिकार को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक लोगों से संपर्क कर उन्हें जागरूक करें। ताकि वे अपना अधिकार जाने, समझें और इसे लेकर सजग हों। आरआइ रूपेश कुमार, पीआरओ भुपेंद्र दुबे सहित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पिकअप से आठ गोवंश बरामद, तस्कर गिरफ्तार

पडरौना :कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बांसी बाजार के समीप पिकअप से आठ गोवंश बरामद कर तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान मुस्ताफा अंसारी निवासी दहवा थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार व हाल मुकाम सौरहा खुर्द टोला दुबरहा नेबुआ नौरंगिया के रूप में हुई। कोतवाल सुशील कुमार शुक्ल मातहतों संग गश्त पर थे। बांसी बाजार के समीप पिकअप आते देख टीम ने रोक कर तलाशी ली तो आठ गोवंश मिले। टीम ने तस्कर को पकड़ लिया। कोतवाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।( जासं)

# किसी की भावना आहत करने का न करें कार्य

जासं, तमकुहीराज : तमकुहीराज थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग एकत्रित हुए। सीएए कानून लागू होने तथा रमजान को देखते हुए सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी बात रखी।

प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रमजान पर किसी भी समुदाय की भावनाओं को आहत करने जैसा कोई कार्य न करें। क्षेत्र में भय मुक्त माहौल पैदा करना है, सभी लोग त्योहारों को आराम से मनाएं। किसी भी प्रकार के विवाद पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

# मूर्ति खंडित करने के मामले में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

तरयासुजान : अहिरौलीदान के लोकन्हा टोले में स्थापित संत रविदास की मूर्ति को खंडित किए जाने के मामले में पुलिस ने चौकीदार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह ने बताया की गांव के चौकीदार शिवपूजन की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिला अस्पताल में छापेमारी पकड़े गए छह दलाल

जागरण संवाददाता, पडरौना: जिला संयुक्त चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राजकीय मेडिकल कालेज में शुक्रवार को छापेमारी कर पुलिस ने छह दलालों को पकड़ा है। रविंद्रनगर धूस थाने पर पूछताछ में दलालों ने इस धंधे में लिप्त दो दवा दुकानदारों व चार स्वास्थ्य कर्मियों के नाम भी बताए हैं, जिसके बारे में पुलिस छानबीन कर रही है।

अस्पताल में दलालों के प्रवेश को लेकर कालेज प्रबंधन की ओर से थाने पर नाम व फोटो उपलब्ध कराते हुए उनके बारे में जानकारी दी गई थी। इस पर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने पुलिस के साथ दोपहर में परिसर में छापेमारी की, जिसमें ओपीडी में दो, दवा काउंटर के पास दो व इमरजेंसी में दो दलाल पकड़े गए। जब पूछताछ में वे कुछ भी नहीं बता पाए तो पुलिस थाने ले आई। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. आरके शाही ने बताया कि दलालों के ओपीडी व दवा काउंटर पर बने रहने संबंधी सूचना थाने पर दी गई थी, पुलिस ने छह लोगों को पकड़ा है। बीते 48 घंटे में परिसर में पाए गए चार निजी एंबुलेंसों को पकड़ पहियों की हवा निकाल अंतिम चेतावनी दी गई है। प्राचार्य ने बताया कि सीएमएस को तहरीर देने का निर्देश दिया गया है। दलालों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए दलालों से पूछताछ चल रही है।

**चार एंबुलेंस के पहियों की निकाली गई हवा, दी गई चेतावनी, सीएमएस को थाने में तहरीर देने के लिए प्राचार्य ने दिए निर्देश**

# पांच वर्ष की बच्ची संग दुष्कर्म हिरासत में आरोपित मामा

जासं, कसया (कुशीनगर) : कसया के एक गांव में अधेड़ ने पांच वर्ष की बच्ची संग दुष्कर्म किया। वह रिश्ते में बच्ची का मामा बताया जा रहा है। बच्ची की हालत देखकर मां को चक्कर आ गया। पुलिस आरोपित को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बच्ची का उपचार एक अस्पताल में चल रहा है। महिला अपनी बच्ची के साथ मायके आई है। शुक्रवार की देर शाम साढ़े सात बजे बच्ची ननिहाल में घर के सामने खेल रही थी। गांव का ही एक अधेड़ आया और उसे बहला-फुसलाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। रोते-चिल्लाते बच्ची घर पहुंची। उसकी दशा देखकर मां के होश उड़ गए।

उसने तत्काल पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित को हिरासत में लेकर थाने लाई। स्वजन बच्ची का उपचार करा रहे हैं। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि मामले में आरोपित हिरासत में है। तहरीर अभी नहीं मिली है। मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा।

# क्षतिग्रस्त प्रतिमा की प्रशासन ने कराई मरम्मत

हाटा: तहसील के गांव लालीपार में शरारती तत्वों ने डा. आंबेडकर की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी थी। शुक्रवार को प्रशासन ने मरम्मत कराई। ग्रामीणों के अनुसार प्रतिमा के पास ही ग्राम पंचायत ने अन्नपूर्णा भवन के लिए भूमि प्रस्तावित है। नायब तहसीलदार हाटा सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रतिमा को दुरुस्त करा दिया गया है।

# बाजार गया किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

नेबुआ नौरंगिया : नौरंगिया से बाजार गया 17 वर्षीय विपिन पटेल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया है। पिता बृजेश पटेल ने शुक्रवार को थाने में दिए गए तहरीर में लिखा है कि बीते मंगलवार को वह घर से सुबह नौ बजे बाजार जाने की बात कह कर निकला था। (जासं)

## ट्रांसफार्मर की चिंगारी से चार झोपड़ियां जलीं

सिंगहा : नेबुआ नौरंगिया थाने के पकड़ियार बाजार के बड़का टोला में ईदगाह के समीप शुक्रवार की दोपहर ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से आग लग गई। इससे दो परिवारों की चार झोपड़ियां व सामान जल गए। बलदेव यादव की दो झोपड़ियों के समीप ट्रांसफार्मर लगा है। दोपहर में अचानक ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से उनकी झोपड़ी में आग पकड़ ली। चपेट में आने से पड़ोसी योगेश की भी दो झोपड़ियां व सामान जल गए।

# आठ गोवंशीय पशुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मंसाछापर।** पडरौना कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को वध के लिए वाहन से ले जाए जा रहे आठ पशुओं को पुलिस ने मुक्त करा दिया। पुलिस ने एक तस्कर भी पकड़ा गया है। उसे जेल भेज दिया गया।

बांसी के त्रिलोकपुर गांव से प्राथमिक विद्यालय के पास से एक वाहन पर आठ गोवंश को लादकर वध के लिए बिहार ले जाया जा रहा था। पुलिस ने गोतस्करी के आरोपी मुस्तफा अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के धनहा थाना क्षेत्र के दहवा का मूल निवासी और वर्तमान में नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सौरहा खुर्द गांव के दुबरहा टोला में रह रहा है। सीओ अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया है कि पशु तस्कर को आठ गोवंशीय पशुओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। संवाद

# दहेज हत्या में दस साल की कैद, अर्थदंड भी लगाया

## कोर्ट ने सुनाया फैसला, सेवरही थाना क्षेत्र के हाता धुरिया गांव में सात साल पहले हुई थी घटना

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** सेवरही थाना क्षेत्र के हाता धुरिया गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हत्या करने के मामले में शुक्रवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाया। आरोपी को दस साल की जेल के साथ 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा अदालत ने सुनाई। आरोपी को जेल भेज दिया गया।

तरयासुजान थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव निवासी भगवती मद्धेशिया ने अपनी बहन की शादी सेवरही थाना क्षेत्र के धुरिया गांव निवासी हरिकेश गुप्ता के साथ की थी। शादी के बाद उसका गवना वर्ष 2015 में हुआ था। ससुराल जाने के बाद भगवती के बहन को ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। दहेज के लिए 12 मार्च वर्ष 2017 को गला दबाकर ससुराल वालों ने वादी की बहन की गला दबाकर हत्या कर दी। 13 मार्च वर्ष 2017 को सेवरही पुलिस ने भगवती की तहरीर पर पति हरिकेश गुप्ता, रामेश्वर, राजेश, कयासपति, श्यामली देवी पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपी हरिकेश गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। मुकदमें की सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर छह शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी की अदालत ने आरोपी हरिकेश गुप्ता को दहेज हत्या के आरोप में दस वर्ष, दहेज उत्पीड़न में तीन साल और डीपी एक्ट में दो साल की सजा और 11 हजार रुपये का अर्थदंड से दंडित किया है। सभी सजाए साथ साथ चलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने पैरवी की।

# अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी की जमानत अर्जी खारिज

अदालत से

**पडरौना।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायालय पाक्सो एक्ट ने किशोरी के अपहरण, दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए उसे जेल भेज दिया है।

कसया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने 30 दिसंबर 2023 को थाना पुलिस को तहरीर दी कि उनकी नाबालिग पुत्री घर से कपड़ा सिलवाने गई थी लेकिन शाम तक घर नहीं लौटी। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध किशोरी के अपहरण का केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पुलिस ने किशोरी को खोज लिया। उसके बयान के आधार पर आरोपी रोहित कुशवाहा पुत्र दीनानाथ कुशवाहा निवासी करमैनी प्रेमवलिया गांव थाना क्षेत्र कसया को गिरफ्तार किया। विवेचक ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा लगाकर आरोपपत्र न्यायालय में पेश किया। शुक्रवार को मामले की सुनवाई प्रभारी न्यायाधीश पाक्सो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 6 शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी के न्यायालय में हुई। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता और किशोरी के बयान के आधार पर आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष शासकीय अधिवक्ता सुनील कुमार मिश्र ने मामले की पैरवी की। संवाद

## पशु तस्करों पर लगा गैंगस्टर एक्ट

**पडरौना।** थाना तरयासुजान पुलिस ने गोरखपुर से बिहार व अन्य जगहों पर गोवंशीय पशुओं की तस्करी करने वाले गैंग के तीन आरोपियों बिलाल पुत्र अजीज निवासी वार्ड नंबर 17 लालबाग कनेटा रोड हसनपुर कोतवाली हसनपुर जनपद अमरोहा ज्योतिबा फूलेनगर, जुनैद उर्फ जुबैद पुत्र तौफीक निवासी अंजुम पैलेस थाना बैरमपुरा जनपद मेरठ, नसीम पुत्र अलीराज निवासी रावतपुर थाना कांट जनपद शाहजहांपुर के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। संवाद

## अलग-अलग मामलों में दो पकड़े गए

**पडरौना।** पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में शुक्रवार को अलग-अलग मामलों में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना रामकोला पुलिस टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में कस्बा के वार्ड नंबर 12 निवासी आरोपी सुलेमान को गिरफ्तार किया है। सेवरही थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी पतिराम निषाद निवासी परसा उर्फ सिरसिया गांव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। संवाद

## अवैध शराब के साथ छह को दबोचा

**पडरौना।** पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब और तस्करी के मामले में शुक्रवार को छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना तमकुहीराज पुलिस टीम ने बिहार के जिला गोपालगंज थाना क्षेत्र कटया के पकड़ी डीह गांव निवासी गुड्डू शर्मा व परसौनी गांव निवासी धनंजय कुशवाहा 66 बोतल देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। थाना हनुमानगंज पुलिस टीम ने बिहार के पश्चिमी चंपारण जिला के थाना क्षेत्र रामनगर के मुजिला गांव निवासी संजीव जायसवाल, प्रिंस कुमार जायसवाल, चंदन कुमार को 55 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** थाना कोतवाली पुलिस टीम ने शुक्रवार को दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी मुकेश यादवतुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बलडीहा गांव निवासी है। गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। संवाद

# फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

## लोकसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

**दुदही/अहिरौली बाजार।** विशुनपुर और अहिरौली बाजार पुलिस ने शुक्रवार को क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। पुलिस ने लोगों को लोकसभा चुनाव और आने वाले त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

थाने के प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान की अगुवाई में शुक्रवार को केंद्रीय पुलिस बल और स्थानीय पुलिस ने कस्बा के ब्लॉक मुख्यालय, रेलवे रोड, सुराजी बाजार, स्टेशन बाजार, बैंक रोड, चांदनी चौक, गोला बाजार, गांधी चौक, टैक्सी स्टैंड, बड़हरा, गौरीश्रीराम, गोडरिया, नौगवां, चाफ, दुबौली, बैकुंठपुर कोठी, जमुआन आदि गांवों में फ्लैग मार्च किया।



जगदीशपुर बरडीहा चौराहे पर मार्च करते पुलिस और अर्धसैनिक बल। संवाद

थानाध्यक्ष ने लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कि कहा कि प्रशासन लोकसभा चुनाव और आने वाले त्योहार पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के प्रति गंभीर है। इस दौरान यदि कोई शरारती तत्व सामने आते है तो उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों को अफवाह पर ध्यान न देने और संदिग्ध व्यक्ति के बारे में पुलिस को जानकारी देने की अपील की।

अहिरौली बाजार एसओ मनोज कुमार वर्मा की अगुवाई में पुलिस ने अहिरौली बाजार, खोट्ठा बाजार, भैंसही बाजार, रामपुर झुरिया, तिनहवा चौराहा, सहजौली, टीकर बाजार, मुजडिहा बाजार, पकड़ी, जगदीशपुर बरडीहा सहित क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च किया। प्लाटून कमांडर धर्मेंद्र सिंह यादव ने कहा चुनाव एवं त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरोध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से दो झोपड़ियां राख

**पकड़ियार बाजार।** पकड़ियार गांव के पूरब पट्टी में शुक्रवार को ट्रांसफॉर्मर की चिंगारी से आग लग गई। इसके चपेट में आई दो झोपड़ियां जल गईं। गांव के पूरब पट्टी निवासी बलदेव और जोगेश ने गांव के विवाह भवन के पास झोपड़ी बनाई है। इसमें जलावन, अनाज और भूसा रखे थे। घर के पास ट्रांसफार्मर लगा है। इस ट्रांसफार्मर से शुक्रवार को निकली चिंगारी से बलदेव की झोपड़ी में आग पकड़ ली। गांव के लोग जब तक आग बुझाते, आग ने विकराल रूप धारण कर जोगेश की झोपड़ी को आगोश में ले लिया। आग से झोपड़ी सहित उसमें रखा सारा सामान जल गया। आग लगने की जानकारी पर पकड़ियार पुलिस बूथ के पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच लोगों के साथ आग बुझाने में लगे रहे। लेखपाल शीतल सिंह आग से हुई क्षति का आकलन किया। संवाद

# मेडिकल कॉलेज से पकड़े गए छह दलाल

## मरीज माफिया : मेडिकल कॉलेज के आसपास संचालित होने वाले मेडिकल स्टोर के तीन संचालक हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

पडरौना। मेडिकल कॉलेज से एसओजी टीम ने शुक्रवार को छह दलालों को दबोचा। इसमें मेडिकल स्टोर संचालक भी शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई के बाद दलालों और आसपास के मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया और दुकानें बंद हो गईं।

हिरासत में लिए गए दलालों से पुलिस पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में कई और दलालों और स्वास्थ्यकर्मियों के करीबियों के नाम सामने आए हैं।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन के शिकंजा कसने के बाद भी दलालों का तिलिस्म नहीं टूट रहा था। पर्चा काउंटर से डॉक्टरों के चेंबर, दवा काउंटर और जांच केंद्रों तक फैले दलालों के नेटवर्क से मरीज नहीं बच पाते थे। बेहतर इलाज का झांसा देकर मरीजों को निजी अस्पतालों में भेजते थे या डॉक्टर से दिखाने, जांच जल्दी कराने के लिए मरीजों का आर्थिक शोषण करते थे।

मेडिकल कॉलेज के आस-पास संचालित करने वाले मेडिकल स्टोर संचालक या इनके लोग स्वास्थ्यकर्मियों की सांठगांठ से निजी कंपनियों का दवा लिखवाकर मरीजों को दवा बेचते हैं। दलालों के चंगुल में मरीजों के लगातार फंसने की शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने एसपी से

### डॉक्टर के कक्ष और दवा काउंटर पर मिले दलाल पुलिस कर रही पूछताछ



05 मार्च को प्रकाशित खबर।

शिकायत की थी। एसपी के निर्देश पर एसओजी टीम दो दिनों से मेडिकल कॉलेज की रेकी करने के बाद शुक्रवार को डॉक्टर के 25 नंबर चैंबर, दवा वितरण काउंटर, ओपीडी, ओटी के बाहर से छह दलाल को दबोच लिया। इसकी भनक लगने पर बाकी दलाल भाग निकले और अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई।

एसओजी टीम रविंद्र नगर थाने में रखकर दलालों से पूछताछ कर रही है। सूत्रों की माने तो कई स्वास्थ्यकर्मियों के कई करीबियों के नाम सामने आए हैं। दलालों ने कमीशन के चक्कर में मेडिकल कॉलेज में होने वाली दलाली की पूरी कहानी बताया है। पुलिस इस खेल में शामिल अन्य लोगों की तलाश कर रही है।

**चहारदीवारी पर बैठ कर बेचते हैं दवाएं :** मेडिकल कॉलेज के चारों तरफ चहारदीवारी है। चहारदीवारी के बाहर दस से अधिक मेडिकल स्टोर संचालित होते हैं और चहारदीवारी पर बैठकर दलालों के माध्यम से दुकानदार दवाइयां बेचते हैं।

इसके पहले भी इन दुकानदारों को कई बार हिदायत मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से दिया जा चुका है। लेकिन अपनी आदत से बाज नहीं आते हैं। मेडिकल कॉलेज के पश्चिम तरफ की चहारदीवारी कुछ माह पहले गिर गई। इधर से निजी एंबुलेंस लाने का रास्ता दलालों ने बना रखा है। पोस्टमार्टम हाउस और कैंपस में संचालित आयुर्वेद अस्पताल के पास भी चहारदीवारी पर ओपीडी से मरीजों की पर्ची लेकर कर दवा दलालों के माध्यम से मेडिकल स्टोर संचालक बेचते हैं।

**दलालों की पहचान करने में लग गए दो दिन :** एसओजी टीम पहले दिन मेडिकल कॉलेज पहुंची और पूरे दिन एक-एक वार्ड की रेकी की। लेकिन, दलालों और स्वास्थ्यकर्मियों में टीम को फर्क नहीं समझ में आया।

दो दिन तक टीम दलालों और स्वास्थ्यकर्मियों में फर्क समझने में लग गया। पुलिस की माने तो ओपीडी से लेकर ओटी तक दलालों का बोलबाला है। लोगों में चर्चा है कि बिना स्वास्थ्यकर्मियों सह मिले दलालों की मेडिकल कॉलेज में इतना हस्तक्षेप नहीं हो सकता है।

कुछ दिन पहले प्राचार्य की जांच में एक स्टॉफ नर्स ने एक महिला डॉक्टर समेत कई स्वास्थ्यकर्मियों का नाम और निजी अस्पताल में मरीजों को भेजने की कहानी पूछताछ में बता चुकी थी।



मेडिकल कॉलेज में पहुंची रवींद्र नगर पुलिस की टीम। संवाद

*मेडिकल कॉलेज से छह दलालों को हिरासत में लिया गया है। इनसे पूछताछ चल रही है। इसमें शामिल अन्य लोगों का भी नाम सामने आ रहा है। पूछताछ के दौरान जो बातें सामने आ रही है। उस आधार पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस रैकेट में शामिल बाकी लोगों की जानकारी पुलिस जुटा रही है।* -**धवल जायसवाल**, एसपी

*मेडिकल कॉलेज में दलालों की सक्रियता की शिकायत हर रोज मिल रही थी। मेडिकल कॉलेज प्रशासन कई बार इसे रोकने का प्रयास किया। लेकिन दलाल मान नहीं रहे थे। इसकी शिकायत एसपी से की गई थी। पुलिस ने कुछ दलालों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रह है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन जितना हो सकेगा। उतना पुलिस की कार्रवाई में सहयोग करेगा।* -**डॉ. आरके शाही**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

### दलालों को संरक्षण देने वालों पर भी हो सकती है कार्रवाई

दलालों को एसओजी टीम जब हिरासत में लेकर चली गई तो कई स्वास्थ्यकर्मियों की सांस फूलने लगी। पुलिस की पूछताछ में दलालों को संरक्षण देने वाले स्वास्थ्यकर्मी और मेडिकल स्टोर संचालक का नाम सामने आया है। दलालों को संरक्षण देने वालों का नाम भी पुलिस कार्रवाई में शामिल कर सकती है। हालांकि, की पुलिस मेडिकल कॉलेज में सक्रिय दलालों पर बड़ी कार्रवाई करने की मुड में हैं और इससे जुड़े तथ्य जुटा रही है।

# किशोरी के साथ की छेड़खानी

कसया। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोर के साथ गांव का एक युवक छेड़खानी किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इंस्पेक्टर गिरिजेश उपाध्याय ने बताया कि तहरीर मिली है। एक युवक को हिरासत में पूछताछ के लिए लिया गया है। संवाद

# शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी रमजान के पहले जुमे की नमाज

**पडरौना।** रमजान माह के पहले जुमे को नमाजियों ने शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की। इस दौरान पुलिस सतर्क रही। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे। पुलिस अधिकारी संबंधित थानाध्यक्षों से पल-पल की अपडेट लेते रहे।

10 मार्च की शाम चांद दिखा। इसके अगले दिन से यानी 11 मार्च से रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है। उसी दिन से इस्लाम धर्म मानने वाले लोग दिन में रोजा रख रहे हैं। 15 मार्च को रमजान के पाक माह का पहला शुक्रवार था। इस दिन दोपहर को रोजेदारों ने जिले के विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में पढ़ी। सुरक्षा और शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए पूरे दिन पुलिस सक्रिय रही। जिले की मस्जिदों के बाहर पुलिस कर्मी तैनात रहे, तो कई मुस्लिम आबादी के बीच पुलिस ने रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। समउर बाजार प्रतिनिधि के अनुसार केंद्र सरकार की तरफ से सीएए लागू होने के बाद पुलिस जुमे की नमाज के दौरान मस्जिदों के आसपास सक्रिय दिखी। पटहेरवा थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह की अगुवाई में पुलिस कर्मियों ने शुक्रवार को क्षेत्र के पिपराकनक, पटहेरिया, फाजिलनगर, गगलवा आदि गांव का भ्रमण कर मस्जिदों के बाहर शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

### सीएए लागू होने के बाद पहले जुमे पर नमाज के दौरान पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा, तैनात रही फोर्स

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में हुई जुमे की नमाज

महराजगंज, निज संवाददाता। पाक महीना रमजान में बीते सोमवार को जिले में चांद दिखने के बाद रोजा शुरू हो चुका है। सीएए लागू होने के बाद जुमा की पहली नमाज को लेकर शुक्रवार को पूरे जिले में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। रोजेदारों ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुमा की नमाज अदा किया। मदरसा जामिया रिजविया नूरुल उलूम सिविल लाइन महराजगंज में शुक्रवार को दोपहर करीब 1.15 बजे कारी मो. इरशाद अहमद ने रमजान के पहले जुमा पर मुस्लिम भाईयों को अकीदत के साथ नमाज पढ़ाई। रमजान के इस महीने में ग्रामीण क्षेत्रों के मुसलमानों की भारी भीड़ भी मदरसा पर देखी गई।

नगर के मुख्य चौक स्थित मस्जिद में पहले जुमा पर रोजेदारों को नमाज पढ़ाने पहुंचे मो. मुइनुद्दीन ने कहा कि रमजान के पाक महीने में मुस्लिम भाईयों को गुनाहों से दूर रहना चाहिए। समाज के सबसे दबे कुचले लोगों के साथ नेकी करनी करनी चाहिए। ताकि सभी का भला हो सके। उन्होंने कहा कि मस्जिद पर ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी तरावीह पढ़ने के लिए आते हैं। मस्जिद पर तरावीह पढ़कर मुल्क और प्रदेश व खास तौर पर जिले की तरक्की व खुशहाली के लिए दुआएं की जाती है। इस दौरान समसुल होदा खां, मो. सैफुद्दोजा, सफी अहमद,, मो. सहाबुद्धीन, अब्दुल मजीद, हामिद रजा आदि मौजूद रहें। परतावल बाजार के बेयालिसगावां में रमजान के पहले जुमा पर मुसलमानों में काफी उत्साह देखने को मिला। लक्ष्मीपुर भरगावा, तरकुलवा, सिरसिया, बुधिरामपुर, तरकुलवा, बैरिया, धनहा, बैजौली, सोनकटिया, बड़हरा गंजन, हरपुर तिवारी, सियरहीभार, जद्दूपिपरा, बरगदही, मिर्जापुर पकड़ी, मोहम्मदपुर, गोपाला आदि गांवों के मुसलमानों ने मदरसों पर पहुंच कर रमजान के पहले जुमा पर नमाज अदा किया। कुछ इसी तरह का हाल नौतनवा क्षेत्र का भी रहा।



शुक्रवार को रमजान के पहले जुमे पर नगर के मुख्य चौक स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ते मुस्लिम समाज के लोग । ●हिन्दुस्तान

**मुकद्दस रमजान**



**इफ्तार (16 मार्च) रोजा शनिवार**

सुन्नी: 06.11 बजे शाम

**सहरी (17 मार्च) रोजा रविवार**

सुन्नी: 4:40 बजे प्रात:

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है)

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई पहले जुमे की नमाज

महराजगंज। नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी होने के बाद रमजान माह के पहले जुमे की नमाज के दौरान पुलिस हाई अलर्ट पर रही। सभी प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस कर्मी मौजूद रहे। पर, कहीं से अप्रिय स्थिति की सूचना नहीं मिली। लोग समय से नमाज पढ़ने मस्जिद में आए और नमाज पढ़ने के बाद घर चले गए। पूरी तरह शांति व्यवस्था बनी रही।

# सीसीटीवी कैमरे से हो रही निगरानी

ठूठीबारी। कस्बे की सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस सजग हो गई है। कस्बे में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस पहल की व्यापारियों ने सराहना की। प्रभारी कोतवाल नीरज राय टीम के साथ कस्बे के चन्ने चौराहा, शांतिनगर, कालीगंज ठूठीबारी नौतनवा तिराहा सहित झरही नदी बाईपास तिराहे के किनारे बसे दुकानदारों को अत्याधुनिक कैमरे लगवाने के लिए जागरूक किया। पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में 117 सीसी कैमरे लगाए गए हैं। संवाद

# हिस्ट्रीशीटर को पाबंद किया गया

परसामलिक। थानाध्यक्ष प्रिंस कुमार ने अगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपंन कराने को लेकर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा निवासी हिस्ट्रीशीटर एक युवक को पाबंद किया गया। परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा निवासी हिस्ट्रीशीटर अरविंद दूबे को शासन के निर्देश पर लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने को लेकर पाबंद कर न्यायालय चालान किया गया। संवाद

# आपराधिक मामले में कोर्ट ने सुनाई सजा

फरेंदा। न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा अखिल कुमार निझावन ने 2007 के आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 ए के एक मामले में सजा सुनाई है। जिसमें अभियुक्त सुजात निवासी कमहरिया बुजुर्ग थाना कोल्हुई को जेल में बितायी अवधि व एक दिन की न्यायिक हिरासत की सजा सुनाई गई।

# बच्चियों की हत्यारोपी मां की हालत अभी भी स्थिर

हि फॉलोअप

- महिला के स्वास्थ्य में सुधार का पुलिस कर रही इंतजार
- पोस्टमार्टम में धारदार हथियार से बच्चियों की हत्या की पुष्टि

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ला में विष्णु मंदिर के पास बुधवार को महिला अन्नू उर्फ साक्षी ने अपनी पांच वर्ष की बेटी अपेक्षा और दो वर्ष की बेटी आरोही पर बंद कमरे में धारदार हथियार से हमला कर दिया। दोनों बच्चियों की मौत हो गई। इसके बाद उसने अपना भी गला रेतकर जान देने की कोशिश की।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने खून से सने तीनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने दोनों बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। महिला अन्नू उर्फ साक्षी की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया। वहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। महिला का मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को गले में लगे चोट और सांस की कटी हुई नली की सर्जरी हुई है। इधर दोनों बच्चियों का पोस्टमार्टम होने के बाद उनका अंतिम संस्कार फरेंदा रोड पर त्रिमुहानी घाट पर शाम को हुआ है। दाह संस्कार करने के बाद उसके परिजन महिला की देखरेख के लिए मेडिकल कॉलेज चले गए। दोनों बच्चियों के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में धारदार हथियार से चोट पहुंचा कर हत्या किए जाने की बात सामने आ रही है। पुलिस महिला के स्वास्थ्य में सुधार का इंतजार कर रही है। इसके पीछे कारण है कि महिला के बयान पर ही इस घटना की जांच और कार्रवाई आगे बढ़ सकेगी। महिला की हालत स्थिर बनी हुई है। उसे अब होश आ गया है।

## सांस नली कटने से बोलने में होगी परेशानी

निचलौल नगर पंचायत के घोड़हवा मोहल्ले में दो बच्चियों का गला रेतकर खुद जान देने की कोशिश करने वाली अन्नू उर्फ साक्षी का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। गले पर धारदार हथियार से रेतने के कारण उसके सांस की नली भी कट गई थी। इसकी सर्जरी गुरुवार को मेडिकल कॉलेज में हुई है। इसके बाद उसे होश भी आ गया है, लेकिन सांस की नली कटने के कारण वह अभी बोलने में असमर्थ है।

> निचलौल कस्बे के घोड़हवा मोहल्ला निवासिनी जिस महिला ने अपनी दो बच्चियों की हत्या को अंजाम दिया था, उसका इलाज अभी मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। दोनों मृत बच्चियों के शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गया है। इसमें धारदार हथियार से चोट पहुंचा कर हत्या की बात की पुष्टि हो रही है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।
>
> –**अनुज कुमार सिंह**, सीओ, निचलौल

# बॉर्डर के समीप कपड़े के साथ पकड़ी गईं दो नेपाली महिलाएं

खनुआ। सशस्त्र सीमा बल 66 वीं वाहिनी के जवान व खनुआ पुलिस संयुक्त गश्त के दौरान भारत-नेपाल के सीमावर्ती गांव शेख फरेंदा के पास से कपड़े के साथ दो नेपाली महिलाओं को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों महिलाएं अपना नाम मीना कामी व पार्वती बस्याल निवासी चितवन नेपाल बताईं। दोनों नेपाली महिलाओं को कार्रवाई के लिए नौतनवां कस्टम को सुपुर्द कर दिया गया।

---

# जिला जेल में निरुद्ध हैं 11 कुख्यात अपराधी

## नेपाल ,अमरेकिा और उज्बेकिस्तान के 51 बंदियों की सुरक्षा भी बनी है चुनौती

- जिला कारागार में 550 की क्षमता के सापेक्ष निरुद्ध हैं 753 बंदी
- दो डिप्टी जेलर समेत 52 बंदी रक्षकों के पद लंबे समय से खाली

जासं, महराजगंज : महराजगंज जिला कारागार में निरुद्ध कुख्यात अपराधियों ने सुरक्षा को लेकर अफसरों की चिंता बढ़ा दी है। जेल में एक तो क्षमता से अधिक बंदी हैं दूसरे बंदी रक्षकों की भी कमी है। जेल में कानपुर के सपा विधायक इरफान सोलंकी, अंकित गुर्जर समेत उत्तर प्रदेश के 11 कुख्यात अपराधियों के अलावा नेपाल के 40 बंदी हैं। इसके अलावा अमेरिका, उज्बेकिस्तान के अन्य 11 बंदी भी जेल में निरुद्ध हैं।

जनवरी 2011 में भारत-नेपाल सीमा के समीप बने महराजगंज जिला जेल में 550 बंदियों के रखने की व्यवस्था है, लेकिन इस समय यहां पर 753 बंदी हैं। इनमें से कुछ को न्यायालय द्वारा सजा सुना दी गई है, तो अधिकांश विचाराधीन बंदी हैं। इनकी रखवाली के लिए यहां बंदीरक्षक के 126 पद स्वीकृत हैं, लेकिन तैनाती सिर्फ 74 की है। वहीं डिप्टी जेलर के कुल पांच स्वीकृत पदों के सापेक्ष वर्तमान समय में मात्र तीन की तैनाती है। एक जेलर, एक जेल अधीक्षक और छह महिला आरक्षियों की पद के अनुरूप तैनाती है। इस प्रकार से 52 बंदीरक्षक और दो डिप्टीजेलर के पद रिक्त हैं। हालांकि यह पदसृजन मूल क्षमता 550 बंदियों की व्यवस्था संभालने के लिए है। लेकिन क्षमता से अधिक बंदियों के होने से यहां की व्यवस्था में सुरक्षा को लेकर समस्याएं होती हैं।




जिला कारागार महराजगंज • जागरण

> यह सही है, कि जिला कारागार में क्षमता से अधिक बंदी हैं, और स्वीकृत पदों के सापेक्ष बंदी रक्षकों के पद रिक्त हैं। लेकिन सीमित संसाधनों में बेहतर ढंग से व्यवस्था का संचालन किया जाता है। जेल के विभिन्न बैरकों और वार्डों में सीसी कैमरे लगे हुए हैं, जिससे 24 घंटे निगरानी होती है, और किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई होती है।
>
> **प्रभात सिंह,** जिला कारागार अधीक्षक

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जासं, आनंदनगर: आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लगातार इलाके में गश्त कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया।

शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस व पैरामिलिट्री ने फरेंदा थाने से निकलकर कस्बे के साथ सेखुई, बजारडिह, परसिया बुजुर्ग,जोगियाबारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। उपनिरीक्षक शंभूनाथ सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्व बख्शे नहीं जाएंगे।

# बेटियों का गला रेतने के मामले में दर्ज हुआ हत्या का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** दो दिन पूर्व निचलौल कस्बे में मानसिक अवसाद में मां द्वारा दो बेटियों की गला काटकर हत्या किए जाने के मामले में नया मोड़ आ गया है । एक तरफ हत्यारिन मां का बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में इलाज चल रहा है । वहीं दूसरी ओर निचलौल पुलिस ने शुक्रवार की रात चौकीदार वीरेंद्र प्रसाद की तहरीर पर बेटियों की हत्या के मामले में मां साक्षी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

बुधवार को निचलौल कस्बे के घोड़हवा वार्ड निवासी अमन विश्वकर्मा की पत्नी साक्षी विश्वकर्मा ने मानसिक अवसाद में आकर अपनी दो बेटियों पांच वर्षीय अपेक्षा और दो वर्षीय आरोही की गला रेत कर हत्या कर दी थी। स्वयं के गले पर भी चाकू से वार कर आत्महत्या का प्रयास किया था । घटना के कुछ देर बाद ही उसकी भांजी शिखा के मौके पर पहुंच जाने पर कारण उसकी जान

**बुधवार को निचलौल कस्बे के घोड़हवा वार्ड में हुई थी घटना, मां साक्षी ने भी आत्महत्या का किया था प्रयास**

बच गई थी। चाकू के वार से उसके गले की स्वास नली कट गई थी। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने ऑपरेशन स्वास नली को जोड़ दिया है और अब वह खतरे से बाहर है। होश में आने के बाद वह अभी सदमे में है । इधर दो दिन बाद भी दोहरे हत्याकांड में मुकदमा न दर्ज होने के कारण पुलिस की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही थी । शुक्रवार की रात घोड़हवा वार्ड के चौकीदार वीरेंद्र प्रसाद ने इस मामले में पुलिस को लिखित तहरीर दी । निचलौल थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया चौकीदार की तहरीर के आधार पर बेटियों की हत्या के मामले में मां साक्षी के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।

# एक दिन की न्यायिक अभिरक्षा की सजा

**महराजगंज।** अवैध असलहा रखने के मामले में दोषी पाए जाने पर सुजात निवासी कंहरिया बुजुर्ग थाना कोल्हुई को एक दिवस की न्यायिक अभिरक्षा की सजा मिली है। 1000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड न देने की दशा में 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा की अदालत में यह सजा अभियुक्त को सुनाई गई।

अदालत से

अभियोजन अधिकारी ललित कुमार वैद्य ने बताया कि 14 दिसंबर 2007 को सुजात निवासी कमरिया बुजुर्ग को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके पास से अवैध असला बरामद हुआ था। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ दो जनवरी 2008 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा ने मामले की सुनवाई करते हुए अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि व एक दिवस की न्यायिक अभिरक्षा के साथ ही अर्थ दंड की सजा दी है। संवाद

# सीमा पर तीन ट्रॉली कबाड़ बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** भारत-नेपाल सरहद पर चौकसी बढ़ने के बाद भी कबाड़ का काला धंधा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। तस्कर नेपाल से सस्ते दामों पर कबाड़ खरीदकर अवैध तरीके से भारत लाकर मोटी रकम कमा रहे हैं।

शुक्रवार को सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने मुखबिर की सूचना पर सरहद के पिलर संख्या 503/8 से सटे लालपुर गांव के पास से अवैध कबाड़ लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़ लिया। टीम बरामद वाहनों और चालकों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

सुरक्षा एजेंसियों की टीम से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत-नेपाल सरहद पर तस्करी रोकने के लिए टीम तैनात थी। इसी बीच उन्हें मुखबिर से सूचना मिली की नेपाल से ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से कबाड़ की तस्करी कर भारत लाई जा रही है। सूचना के बाद टीम ने सरहद के पिलर संख्या 503/8 से सटे लालपुर गांव के पास मुख्य मार्ग की घेराबंदी कर ली।

इसी बीच नेपाल से भारत कबाड़ लेकर आते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखे। जिसे कब्जे में लेकर तीनों वाहन चालकों को पकड़ लिया। तीनों चालक नेपाल के रहने वाले हैं।

मामले में आगे की कार्रवाई के लिए सुरक्षा एजेंसियों की टीम तीनों से पूछताछ कर रही है। क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



**नेपाल से तस्करी कर भारत लाई जा रही नेपाली सीमेंट बरामद।** संवाद

## नेपाली सीमेंट बरामद

**निचलौल।** भारत नेपाल सरहद से सटे रेंगहिया गांव के पास पिलर संख्या 501/6 के पास से सुरक्षा एजेंसियों की टीम ने शुक्रवार को 10 बोरी नेपाली सीमेंट बरामद की है। वहीं टीम ने मौके से एक व्यक्ति को पकड़ लिया। संवाद

# आचार संहिता के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

जासं, आनंदनगर: आगामी लोकसभा चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लगातार इलाके में गश्त कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों ने फ्लैग मार्च कर लोगों को शांति व्यवस्था के प्रति भरोसा दिलाया।

शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। पुलिस व पैरामिलिट्री ने फरेंदा थाने से निकलकर कस्बे के साथ सेखुई, बजारडिह, परसिया बुजुर्ग,जोगियाबारी मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया। उपनिरीक्षक शंभूनाथ सिंह ने कहा कि शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले अराजक तत्व बख्शे नहीं जाएंगे।

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# बाइक की डिग्गी से रुपये चोरी,केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बाइक की डिग्गी में रखा रूपया अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर चोरी कर लिया गया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर पर मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कनक बिहारी गैस एजेन्सी स्थित दीपक मिश्र अपनी बाइक संख्या यूपी 51 यू 7653 को खड़ी किये थे, जिसकी डिग्गी में उसने 50 हजार रूपये रखकर लॉक लगाया था। उक्त डिग्गी का लॉक तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा रूपये की चोरी कर फरार हो गया। मामले में पीड़ित दीपक मिश्र पुत्र राजेन्द्र प्रसाद मिश्र निवासी ग्राम सिरौता थाना मुण्डेरवा की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पेड़ उखाड़ने से रोका तो दी धमकी, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी द्वारा आम का पेड़ उखाड़कर फेक दिया, जिसका विरोध करने पर पीड़ित को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानान्तर्गत आमा गांव निवासी रामसूरत द्वारा पुरानी रंजिश की बात को लेकर राधे रमण का आम का पौधा उखाड़कर फेक दिया। जिसका विरोध करने पर राधे रमण को रामस सूरत ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित राधे रमण निवासी आमा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामसूरत पुत्र मोती वर्मा निवासी ग्राम आमा थाना वाल्टरगंज के विरुद्ध धारा 427, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** दहेज के लिए विवाहिता को उसके ससुरालियों ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की शिकायत पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति सहित पांच लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। महिला थाने की पुलिस को लिखित तहरीर देकर विवाहिता फरजाना पुत्र अब्दुल रहीम निवासी गदापुर चक थाना सोनहा ने बताया कि उसका निकाह सिद्धार्थनगर जनपद के थाना डुमरियागंज स्थित वार्ड नम्बर 7 राजेन्द्र नगर निवासी फैसल हुसैन के साथ हुआ था। निकाह के बाद पति तथा ससुराल के अन्य लोगो द्वारा दहेज में छह लाख रूपये की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा। मांग पूरी नही हुई तो लोगो ने उसे गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़िता की तहरीर पर महिला थाने की पुलिस ने आरोपी पति फैसल हुसैन पुत्र अहमद हुसैन, ससुर अहमद हुसैन, सास हमीदा खातून, ननद रूसदा, देवर अरसद निवासीगण राजेन्द्र नगर वार्ड नंबर 7 थाना डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर के विरुद्ध धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में तीन जख्मी, मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)।** तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आकर बाइक चालक सहित तीन लोग गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। मामले में घायल की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र अन्तर्गत बस्ती डुमरियागंज मार्ग स्थित मनौरी व भिटिया के बीच शिव मन्दिर के पास तेज रफ्तार चार पहिया वाहन संख्या यूपी 32 एनपी 8090 के चालक ने हवेली खास निवासी मोहम्मद नसीम की बाइक संख्या यूपी 51 एएस 1942 में जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे मोहम्मद नसीम तथा उसी बाइक पर बैठे मोहम्मद सलीम व मित्र शोयब अख्तर पुत्र अख्तर हबीब निवासी नियर जामा मस्जिद गांधीनगर गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गये। मामले में जख्मी मोहम्मद नसीम पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी हवेली खास पोस्ट गांधीनगर थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338 आईपीसी व 184 एमबी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# नाबालिक को बहला-फुसलाकर भागने का मुकदमा

**गौर(एसएनबी)।** माता-पिता के सहयोग से नाबालिक बालिका को बहला-फुसला कर भाग ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी युवक तथा उसके माता-पिता के विरुद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि विगत 11 मार्च को स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय नाबालिक बालिका को उसी गांव के युवक द्वारा बहला-फुसला कर भाग ले जाने का आरोप पीडिता के पिता ने लगाया था। पीड़िता के पिता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया गया है कि नाबालिक बालिका को भगाने में आरोपी के पिता एवं उसकी माता दोनों शामिल है। पुलिस तीनों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

# आपरेशन कन्विक्शन के तहत पांच लोगों को सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** आपरेशन कन्विक्शन के तहत पैरवी सेल व थाना पुरानी बस्ती द्वारा एक लोगो को आयुध अधिनियम के तहत तथा थाना नगर पुलिस द्वारा तीन लोगो को मारपीट मामले में की गयी सशक्त व प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गयी। जानकारी के अनुसार थाना पुरानी बस्ती पर वर्ष 2002 में पंजीकृत धारा 3/25 आयुध अधिनियम में अभियुक्त बब्लू पुत्र रंगीलाल निवासी डफाली टोला थाना पुरानी बस्ती को न्यायालय सीजेएम बस्ती द्वारा पूर्व में बिताई गयी अवधि व 1000 रूपये रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसी प्रकार से थाना नगर पर वर्ष 1992 में दर्ज धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी में अभियुक्त अंगद पाठक पुत्र रामहरख पाठक निवासी पुरैना थाना नगर, उदय प्रताप सिंह पुत्र राम कवल सिंह निवासी कटया थाना नगर व रामनाथ शुक्ल पुत्र विभूती शुक्ल थाना नगर को न्यायालय सीजेएम बस्ती द्वारा 6 माह की परिवीक्षा व 2000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# नाबालिक से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिक के साथ दुराचार करने के मामले में वांछित आरोपी को सोनहा थाने की पुलिस ने शुक्रवार को थानाक्षेत्र के एक स्थान से गिरफ्तार कर लिया है। जिसे जरूरी पूछताछ के बाद पुलिस अभिरक्षा में संबंधित न्यायालय रवाना किया गया। सोनहा थाना में तहरीर देकर एक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि उसकी 8 साल की बच्ची के साथ नटाईखुर्द गांव निवासी राज कुमार द्वारा टाफी खिलाने का लालच देकर अपने घर में ले गया, जहां पर उसके साथ दुराचार किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 376, 511 आईपीसी एवं 4/18 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करने के बाद गिरफ्तारी हेतु टीम का गठन किया गया। शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी राज कुमार थानाक्षेत्र के महनुआ सोनहा मार्ग के पास मौजूद है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र मिश्र व उनकी पुलिस टीम द्वारा आरोपी राजकुमार पुत्र रामजी शर्मा निवासी नटाईखुर्द ,थाना सोनहा को गिरफ्तार करते हुए पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध रमजान अली अंसारी, उप निरीक्षक सत्यपाल चौधरी, आरक्षी संजय सिंह, महिला आरक्षी प्रिया मिश्रा थाना सोनहा शामिल रही।



# बहला फुसला कर युवती को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बहला फुसला कर युवती को भगा ले जाने तथा विरोध करने पर लड़की के परिवार को गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सहित उसके परिवार के अन्य लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को विपक्षी सूरज द्वारा बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसमें उसके परिवार के लोगो ने सहयोग किया है। इसी बात को लेकर जब वह विपक्षियों के घर पर शिकायत करने पहुंचा तो उसे लोगो ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूरज पुत्र त्रिभुवन, रेशमा देवी पत्नी त्रिभुवन, गुन्जा देवी पत्नी हरिश्चन्द, आरती देवी पत्नी श्रीचन्द निवासीगण दक्षिण दरवाजा अस्पताल रोड थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 366, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# युवक के पास से चाकू बरामद, गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** चेकिंग के दौरान कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से अवैध चाकू बरामद किया। इस सम्बन्ध में मुकामी पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारकरलिया है।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली में तैनात उप निरीक्षक राममणि उपाध्याय क्षेत्रीय भ्रमण एवं चेकिंग पर थे। इस दौरान कैली अस्पताल गेट के सामने स्थित झोपड़ी में एक व्यक्ति की तलाशी ली गयी। जिसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी की पहचान जगतराम पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम भरू थाना कप्तानगंज हाल पता झिग्गू झोपड़ी कैली अस्पताल के सामने थाना कोतवाली के रूप में की गयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद उसके विरुद्ध 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करने के बाद जेल भेज दिया है।

# छेड़खानी के दो आरोपी को एक साल की सजा

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिक से छेड़खानी करने के मामले में दोशी पाये जाने पर न्यायालय ने दो आरोपियों को 1-1 साल का कारावास तथा प्रत्येक को पांच हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार थाना मुण्डेरवा पर वर्ष 2016 नाबालिक से छेड़खानी करने के साथ ही विरोध करने पर उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने धारा 354 डी, 504, 506 आईपीसी व 7/8 पक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त राजेन्द्र यादव पुत्र छोटेलाल यादव निवासी बोदवल थाना मुण्डेरवा व राहुल यादव पुत्र राजबली यादव निवासी सिहोरवा थाना चिलुआताल जनपद गोरखपुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था जिसमें विवेचक द्वारा विवेचना पूर्ण करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना मुण्डेरवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश अनन्य न्यायालय (पक्सो एक्ट) बस्ती द्वारा दोनों अभियुक्तों को दोशी करार देते हुए 1-1 वर्ष के सश्रम कारावास व प्रत्येक को 5 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# चेन स्नेचिंग करने वाली तीन महिलाएं गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** टैम्पो में महिला यात्रियों से चेन स्नेचिंग करने वाली तीन महिला चोरो को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। जिसे पुलिस अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र मे चोरी को अंजाम देने वाली 3 महिला संगीता पत्नी अजय प्रसाद, नीतू पत्नी दिनेश प्रसाद तथा पिक्का पत्नी राजू प्रसाद निवासीगण भेलूपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीर नगर को गिरफ्तार किया गया। महिला चोरो की तलाशी में पुलिस को चोरी की हुई एक पीली धातु के चैन भी बरामद हुई। इस सम्बन्ध में पुलिस ने तीनो महिलाओं के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया। पुलिस ने बताया कि पीड़िता द्वारा थाना कोतवाली पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि वह रोडवेज से टेम्पू पर बैठकर अस्पताल जा रही थी। टेम्पू मे तीन-चार महिलाए और भी बैठी थी । जब टेम्पू से उतरी तो उसके गले की सिकड़ी नही थी। जिसके संबन्ध मे थाना कोतवाली पर धारा 379 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए रोडवेज के बगल गड़गोड़िया रोड से तीन महिलाओं को घटना से संबंधित एक सोने की चैन के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रामानन्द सिंह चौकी प्रभारी रोडवेज, आरक्षी सौरभ गौतम, आरक्षी धीरज कुमार, महिला आरक्षी अमरवती, महिला आरक्षी फूलमती, महिला आरक्षी मेनका चौहान थाना कोतवाली शामिली रही।

## शांति भंग में तीन का चालान

**हर्रैया(एसएनबी)।** उपनिरीक्षक राकेश मिश्र, हेड कांस्टेबल उमेश कुमार तथा कांस्टेबल अभिषेक यादव ने शुक्रवार को कस्बा निवासी रामदेव पुत्र हीरालाल तथा उनके पुत्र संजय व शुभम को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को शांति भंग में चालान कर उपजिलाधिकारी के समक्ष पेश किया गया।

## प्रेमी संग प्रेमिका फरार, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। इस सम्बन्ध में लड़की के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक पर मुकदमा दर्ज किया है।कलवारी थाने की पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उकसी बेटी को सुअरहा गांव निवासी विशाल द्वारा बहला फुसला कर अपने साथ भगा कर ले गया। मामले में कलवारी पुलिस ने आरोपी विशाल पुत्र पप्पू निवासी सुअरहा थाना कलवारी के विरुद्ध धारा 363 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## समाधान दिवस आज

**बस्ती (एसएनबी)।** जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 मार्च शनिवार को 10 बजे से सदर तहसील में आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी एडीएम कमलेश चन्द्र ने दी है। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में सभी जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

# घायल युवक की मौत, मुकदमा

**गौर(एसएनबी)।** एक सप्ताह पूर्व घायल युवक की इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। मृतक के भाई के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध तेज लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के कुचुरुपुर निवासी शैलेश कुमार पुत्र साहब दीन ने पुलिस को तहरीर देकरआरोप लगाया है कि विगत 8 मार्च महाशिवरात्रि की शाम करीब 7:00 बजे उनके भाई 40 वर्षीय उदय राज गौर बाजार से मोटरसाइकिल नंबर यूपी 51जे 4745 से घर जा रहे थे। ओवर ब्रिज के पास तेज लापरवाही पूर्वक सामने से आ रही वाहन ने ठोकर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौर पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया। हालत में सुधार ने होने के कारण उन्हे देख जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर किया गया। एक सप्ताह बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सीएए लागू होने के बाद पहले जुमे की नमाज पर चौकस रही सुरक्षा व्यवस्था, अमन-चैन की दुआ मांगी

# कड़ी सुरक्षा में हुई पहले जुमे की नमाज

**बस्ती, हिन्दुस्तान टीम।** रमजानुल मुबारक के पहले शुक्रवार को शहर से लेकर गांव तक धूम रही। सीएए लागू होने के बाद पहले जुमे की नमाज पर कड़ी सुरक्षा रही। मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ी। इस दौरान अमन, सलामती व खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गई। नमाज में बुजुर्ग, जवान और बच्चे सभी शामिल हुए।

रमजान माह में इबादत का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। मुसलमान रोजा रखने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा नमाज अदा करते हैं। शुक्रवार को अदा की जाने वाली जुमे की नमाज का विशेष महत्व है। शहर के कटरा मस्जिद, खैर मस्जिद, दारूल उलूम, मस्जिद निसार हुसैन, जामिया हनफिया रहमतगंज, हुसैनी जामा मस्जिद, जामा मस्जिद गांधी नगर, दक्षिण दरवाजा मस्जिद, स्टेशन रोड, अंजुमन मस्जिद, पठान टोला सहित लगभग दो दर्जन मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। साऊंघाट प्रतिनिधि के अनुसार गंधरिया फैज व जमदाशाही सहित दर्जनों मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। इमाम ने अमन व शांति का पैगाम दिया। गंधरिया फैज, जमदाशाही, मझौआमीर, खम्हरिया, अमौली, परसा जाफर की जामा मस्जिदों में काफी भीड़ देखी गई।



गंधरिया फैज की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करते रोजेदार। • हिन्दुस्तान

जमदाशाही में मौलाना मोहम्मद अयूब खान, गंधरिया फैज में इमाम मुशाहिद रजा ने जुमे की नमाज पढ़ाई। जमदाशाही के मौलाना मोहम्मद अयूब खान ने बताया कि रमजान में यहां इतनी भीड़ जमा हो जाती है कि जगह कम पड़ जाती है। वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ती है। रमजान में गरीब, बेसहारा लोगों की मदद कपड़े, अनाज व पैसा देकर की जाती है। जामा मस्जिद गंधरिया फैज के इमाम मुशाहिद रजा व अमजद अली खान ने कहा कि दिन में खाने पीने की बात तक सोचना गुनाह है। मदरसा अहले सुन्नत निजामियां फैजाने रजा पैड़ा खरहरा, सिसवारी, पड़िया खास, तकियवा, पुरैना, बसडीला, दौलतपुर, अमौली, हड़िया, कोड़रा, साऊंघाट, सिहारी, पुरैना, रानीपुर, रसूलपुर, तरेता, तेलियाडीह,सोनहटी बुजुर्ग, विल्लौर, परसा हज्जाम सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई।

**रहमत के अशरे का चौथा रोजा हुआ पूरा : बस्ती।** रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने के रहमत वाले अशरे का चौथा रोजा शुक्रवार को पूरा हुआ। रोजे को लेकर अकीदतमंदों में काफी खुशी है। मस्जिद ए फैजाने बरकात ठकुरापार के इमाम हाफिज व कारी मो. शमशाद रजा ने बताया कि पैगम्बर ने फरमाया है कि जिसने हलाल खाने या पानी से रोजा इफ्तार करवाया, फरिश्ते माहे रमजान के सदके में उसके लिए अस्तगफार (गुनाहों से माफी की तौबा) करते हैं। अल्लाह ने माहे रमजान में रोजा रखने का हुक्म दिया है, जिससे हर मोमिन को गरीबी, तंगदस्ती में घिरे हुए और भूख-प्यास से बिलकते इंसानों के दर्द व गम का एहसास हो जाए। दिल व दिमाग में जरूरतमंद भाइयों की मदद का सच्चा जज्बा पैदा हो जाए। खुसूसी तौर पर मुसलमान रमजान की इबादत की बदौलत अपने आप को पहले से ज्यादा अल्लाह के करीब महसूस करें।

### प्रमुख मस्जिदों के पास तैनात रही पुलिस फोर्स

बस्ती। रमजान के पहले जुमे को देखते हुए पुलिस की ओर से जिलेभर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। शहर की प्रमुख मस्जिदों के पास पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। सीओ सिटी विनय सिंह चौहान ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर चौक, जामा मस्जिद और पुरानी बस्ती क्षेत्र में दक्षिण दरवाजा आदि प्रमुख स्थानों पर एसओ महेश सिंह के साथ रूट मार्च किया गया। इस दौरान संभ्रांत लोगों और धर्मगुरुओं के साथ बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने, रमजान, ईद और होली के त्योहार मिलजुल कर मनाने की लोगों से अपील की गई।

### मुकद्दस रमजान



**इफ्तार (16 मार्च) रोजा शनिवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 6:09 बजे शाम | 6:19 बजे शाम |

**सहरी (17 मार्च) रोजा रविवार**

| सुन्नी: | शिया: |
|---|---|
| 4:42 बजे प्रातः | 4:32 बजे प्रातः |

(समय में क्षेत्रवार परिवर्तन संभव है।)

# युवक की पिटाई मामले में केस

**बस्ती (एसएनबी)।** पूर्व में हुए विवाद तथा धमकी देने के बाद एक युवक को विपक्षियों ने मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीटकर गम्भीर रूप से जख्मी कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ओरीजोत के रहने वाले बृजेश सोनकर के चाचा सुनील को विपक्षी दिवाकर सोनकर द्वारा पूर्व में हुए विवाद को लेकर हाथ पैर तोड़ने की धमकी दी गयी थी जिसके बाद बीते 13 मार्च को भारतीय भाईयों की दुकान के सामने विपक्षी दिवाकर सोनकर व उसके मित्रो द्वारा मिलकर बृजेश सोनकर को जाति सूचक गालियां देते हुए जमकर पिटाई की। जान बचाने के लिए भागते समय लोगो ने ईंट पत्थर फेककर मारा जिससे उसका सिर फट गया और मोबाइल तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित बृजेश सोनकर पुत्र शिवकुमार सोनकर निवासी ओरीजोत थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी दिवाकर सोनकर पुत्र रामप्रसाद सोनकर निवासी ओरीजोत, रितिक उर्फ भोलू शर्मा पुत्र प्रहलाद शर्मा निवासी सुपेलवा तथा दो अज्ञात व्याक्तियों के विरुद्ध धारा 323, 336, 504, 506, 427 आईपीसी व 3(1)द, 3(1)ध ,3 (2)5ए एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# डीजे बजाने को लेकर मारपीट, एफआईआर

**बस्ती (एसएनबी)।** शादी समारोह में गये डीजे संचालक से कुछ लोगो ने दोबारा डीजे बजाने के लिए कहा। इसी बात को लेकर विवाद हो गया और डीजे संचालक को विपक्षियों ने मारापीटा तथा वाहन का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के बड़ा बढ़या निवासी गोविन्द अपना डीजे त्रिपुरारी चौहान निवासी बंजरिया थाना दुबौलिया के यहां बुक किया था। जहां से बारात लेकर वह थानाक्षेत्र के जसोवर गांव आया और रात में द्वार पूजा होने के बाद डीजे बन्द कर दिया। जिसपर प्रिंस, राजकपूर, शिव गोविन्द व हरीराम द्वारा डीजे को दोबारा बजाने की जिद करने लगे और गोविन्द को गालियां दी जिसका विरोध करने पर अभियुक्तो ने उसे मारापीटा तथा वाहन का शीशा तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के बाद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। मामले में पीड़ित गोविन्द पुत्र केश्वराम निवासी ग्राम बड़ाबढ़या ,थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी प्रिंस उर्फ बन्टी पुत्र जयप्रकाश चौहान, राजकपूर पुत्र रामदयाल, शिव गोविन्द पुत्र मनीराम, हरीराम पुत्र सन्त प्रसाद निवासीगण ग्राम बंजरिया सूबी ,थाना दुबौलिया के विरुद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# दुष्कर्म का आरोपी धराया

**बस्ती (एसएनबी)।** नाबालिग को अगवा करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म करने तथा विरोध करने पर जानमाल की धमकी देने के मामले में वांछित अभियुक्त को थाना लालगंज पुलिस द्वारा शुक्रवार की सुबह 8 बजे थानाक्षेत्र के एक स्थान से गिरफ्तार किया गया जिसे पुलिस अभिरक्षा में संबंधित न्यायालय रवाना किया गया है। थाना लालगंज पर दर्ज मुकदमा धारा 363, 366, 354(डी), 376(3), 504, 506 आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त अजय चौधरी पुत्र लालजी निवासी बेलवाडाड़ी थाना लालगंज को पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर उसके ग्राम बेलवाडाड़ी स्थित मकान से सुबह करीब 8 बजे गिरफ्तार करने के बाद सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशों व निर्देशों का पालन करते हुए थाने पर लाया गया जहां से आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय सदर बस्ती रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़, उप निरीक्षक राम भवन प्रजापति, आरक्षी अरविन्द यादव थाना लालगंज शामिल रहे।



# आगामी चुनाव व त्यौहार को लेकर किया सजग

**रुधौली (एसएनबी)।** थाना सभागार रुधौली में प्रभारी निरीक्षक चंदन कुमार ने थाना क्षेत्र के ग्राम प्रहरियों के साथ बैठक किया। आगामी लोकसभा चुनाव, होली, रमजान और ईद त्यौहार को शान्ति पूर्वक एवं भाईचारे के साथ सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम प्रहरी को टार्च भी वितरित किए। ग्राम प्रहरियों को सजग करते हुए कहा कि होली के त्योहार पर अपने-अपने गांव की छोटी बड़ी गतिविधियों पर नजर रखें और किसी भी घटना व दुर्घटना की सूचना तत्काल थाने पर दें जिससे की छोटे -छोटे विवाद होने के पूर्व ही लगाम लगाया जा सके और इस बार होली का त्योहार रमजान के बीच में पड़ रहा है। जिसको देखते हुए दोनों समुदाय के लोग आपस में भाईचारे के साथ होली व ईद का त्योहार मनाए और पुलिस व प्रसाशन का सहयोग करें और सभी सुरक्षा कर्मी पुलिस अपनी ड्यूटी के प्रति सतर्क रहे। साथ ही लोकसभा के चुनावी माहौल के बीच मामूली विवाद भी देखते ही देखते बड़े बन जाते हैं इसके अलावा पुरानी रंजिश को लेकर भी विवाद की संभावनाएं ज्यादा रहती हैं, क्योंकि ग्राम प्रहरी ही पुलिस की सबसे छोटी,स्थानीय एवं सटीक सूचना देने वाली कड़ी होती है। ऐसे में सभी ग्राम प्रहरियों की जिम्मेदारी है कि वह गांव में हर छोटे-बड़े विवाद की सूचना तत्काल अपने बीट सिपाही तथा थाने को दें एवं हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखें। इस मौके पर अपराध निरीक्षक अजय यादव, हनुमानगंज चौकी प्रभारी प्रदीप सिंह, उप निरीक्षक उपेंद्र शर्मा, धनंजय यादव,आदि मौजूद रहे।

# कच्ची शराब की दो भट्ठियां तोड़ी गईं

बस्ती। आबकारी टीम ने शुक्रवार की सुबह हर्रैया तहसील के बड़ेगांव मांझा में आकस्मिक छापेमारी कर 55 लीटर कच्ची शराब के साथ दो युवक को धर दबोचा।

# अलग-अलग मामलों में 13 पर कार्रवाई

बस्ती। मारपीट की चार घटनाओं में पुलिस ने 13 लोगों पर केस दर्ज कर कार्रवाई की है। कोतवाली थानाक्षेत्र के मोहल्ला इन्द्रानगर निवासी बृजेश को दिवाकर सोनकर, रितिक व दो अज्ञात ने, वाल्टरगंज क्षेत्र के आमा गांव में राधेरमण को गांव के ही रामसूरत ने, परसरामपुर क्षेत्र के खदरा गांव में, कुसुम के देवर गौरीशंकर को गांव के ही राजकरन, मुन्ना, रामबचन और बुधना ने, सोनहा क्षेत्र के जसोवर गांव में गोविंद निवासी बड़ाबडया व वाल्टरगंज को दुबौलिया क्षेत्र के बंजरिया सूबी गांव निवासी प्रिंस, राजकपूर, शिवगोविंद व हरीराम ने मिलकर पिटाई कर दी।

# पुलिस लाइन में हुई दंगा नियंत्रण की मॉकड्रिल

बस्ती। लोस चुनाव व त्योहारों के मद्देनजर पुलिस लाइन में दंगा नियंत्रण रिहर्सल (मॉकड्रिल) किया गया। विषम परिस्थितियों में खुद को सुरक्षित रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के गुर सिखाएं गए। एसपी ने बताया कि किसी विषम परिस्थिति में दंगा नियंत्रण उपकरणों को कम से कम समय में धारण करना चाहिए।

# एंटीजेन जांच में लगातार मिल रहे कोरोना मरीज

बस्ती। जिला महिला अस्पताल में चिकित्सीय परामर्श से पहले गर्भवती की कोविड जांच कराई जा रही है, जिसमें लगातार गर्भवती संक्रमित मिल रही हैं। हालांकि, ये गर्भवती चार से पांच दिन में सामान्य हो जा रही हैं। शुक्रवार को भी एक गर्भवती में एंटीजेन जांच में कोविड की पुष्टि हुई है।

# मनबढ़ों ने युवक को पीटा, गंभीर

बस्ती। लालगंज क्षेत्र के कैथवलिया गांव में शुक्रवार शाम कुछ युवकों ने अमित निवासी कैथवलिया को जमकर पीटा। सिर में चोट लगने से अमित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजनों ने अमित को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया।

# सोशल मीडिया के 100 अकाउंट पर पुलिस की नजर

बस्ती। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने ही वाला है। प्रमुख राजनीतिक दल ने जिले में अपने प्रत्याशी भी घोषित कर दिए हैं। ऐसे में सोशल मीडिया पर अतिउत्साह में आकर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर भी पुलिस ने निगरानी बढ़ा दी है। अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगभग 100 अकाउंट पर पुलिस की पैनी नजर है। इनके हर एक पोस्ट पर पल-पल नजर रखी जा रही है। गड़बड़ी करने पर इनके खिलाफ कार्रवाई भी होगी। चुनावी महाकुंभ में अपने चहेतों के पक्ष में प्रचार-प्रसार का सोशल मीडिया एक सुलभ जरिया बन चुका है। लिखने की कोई सीमा नहीं होने से लोग आवेश में आकर व अति उत्साह में आपत्तिजनक पोस्ट भी कर देते हैं, जिनका समाज पर विपरीत असर पड़ता है।

# लखनऊ में 19 मार्च को धरना देंगे कर्मचारी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रीयल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के पदाधिकारी 22 सूत्रीय मांगों को लेकर 19 मार्च को गांधी प्रतिमा हजरत गंज लखनऊ पर धरना देंगे। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट कर्मियों को आंदोलन में शामिल होने की रणनीति बनायी गयी।

अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि विगत दिनों संगठन ने जिलाधिकारी कार्यालय व राजस्व परिषद कार्यालय पर धरना देकर समस्या निस्तारण की मांग की थी। राजस्व परिषद और मंत्री परिषद की बैठक में संगठन की मांगों को औचित्यपूर्ण मानते हुए निराकरण की पहल भी की गयी थी।

# दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जासं, लालगंज, बस्ती: लालगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र की एक किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने, दुष्कर्म करने व जानमाल की धमकी देने के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने 12 मार्च को लालगंज थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसे थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बहला फुसलाकर भगा लिया था। जानमाल की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर लालगंज पुलिस आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश कर रही थी। लालगंज थानाध्यक्ष सुनील कुमार गौड़ ने बताया कि एक सूचना के आधार पर चौकी इंचार्ज लालगंज रामभवन प्रजापति ने अपने सहयोगियों के आरोपित को शुक्रवार की सुबह लगभग आठ बजे उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# किशोरी को भगने के आरोपी पर केस

**कलवारी।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने वाले युवक पर पुलिस ने केस पंजीकृत किया है। पुलिस को दिए गए तहरीर में परिजन ने लिखा है कि एक माह पहले किशोरी को आरोपी के साथ बात करते हुए देखा गया था। दोनों को समझा गया था। उस समय इज्जत बचाने के लिए उसने थाने पर तहरीर नहीं दी थी। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 1:30 बजे किशोरी की मां तथा उसकी दादी नमाज पढ़ने छत पर गई थी। इसी बीच आरोपी विशाल आया और किशोरी को भगा ले गया। बाद में पता किया गया तो वह भी अपने घर से गायब था। उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ है। पुलिस ने बताया की तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच उप निरीक्षक हरि प्रकाश तिवारी को दी गई है। संवाद

## चेन स्नेचिंग के आरोप में तीन महिलाएं गिरफ्तार

बस्ती : कोतवाली पुलिस ने चेन स्नेचिंग के मामले में तीन महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक सोने की चेन बरामद की गई है। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने के आरोप में संगीता, नीतू व पिंका निवासी भेलूपुर थाना कोतवाली खलीलाबाद संतकबीर नगर को गिरफ्तार कर चोरी की चेन बरामद की गई है।

## किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार, सोनहा

बस्ती : किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था।

# छात्रा के साथ अभद्रता करने के आरोप में दो को कारावास

जागरण संवाददाता,बस्ती: विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट डा.अमित वर्मा ने छात्रा के साथ अभद्रता व आपत्तिजनक हरकत करने के आरोप में दो आरोपितों को एक-एक वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर पांच हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थदंड जमा न करने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अभियोजन की तरफ से अदालत में कहा गया कि मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता के पिता ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री एक इंटर कालेज में पढ़ती है। स्कूल जाते समय गांव के राजेंद्र यादव उर्फ साहब व गोरखपुर जनपद के चिलुआताल थाना के सिहोरदा गांव निवासी राहुल यादव उससे अभ्रदता व आपत्तिजनक हरकत करते रहते हैं। पांच नवम्बर 2016 को उनकी पुत्री रोते हुए घर आई और घटना के बारे में बताया। कहा कि राजेंद्र व राहुल ने एक लेटर लिखकर घर के रास्ते फेंका हैं। इसमें मोबाइल नंबर व कुछ गलत शब्दों को लिखा गया है। पिता ने शिकायत किया तो दोनों लोगों ने अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर, आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों को सुनने व साक्ष्य के आधार पर आरोपित राजेंद्र यादव व राहुल को दोषी मानते हुए एक वर्ष की सजा व अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त राहुल पूर्व से ही किसी अन्य मामले में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहा है। अभियुक्त राजेंद्र के तरफ से सदाचरण बनाए रखने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया। न्यायालय ने स्वीकार करते हुए आदेश किया कि एक वर्ष की सजा पूरी होने की अवधि तक जिला प्रोवेशन अधिकारी बस्ती में सदाचरण के लिए प्रत्येक माह में दो बार उपस्थिति दर्ज कराएगा।

# बाइक की डिक्की से 50 हजार रुपये चोरी के मामले में मुकदमा

- पांच मार्च को कोतवाली क्षेत्र में हुई थी घटना
- छावनी थाने के कवलपुर से चोरों ने उड़ाई बाइक

जागरण संवाददाता,बस्तीः जिले के कोतवाली क्षेत्र से चोरों ने एक बाइक की डिक्की 50 हजार रुपये उड़ा दिए तो छावनी थाना क्षेत्र के कवलपुर से एक बाइक चोरी कर ली। दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मुंडेरवा थाने के सिरौता गांव निवासी दीपक मिश्र ने बताया कि उन्होंने पांच मार्च को एसबीआइ कोर्ट एरिया से 50 हजार रुपये निकाल कर उसे बाइक की डिक्की में रखकर उसे लाक कर दिया गया इसके बाद वे गैस कनेक्शन के लिए सिविल लाइन स्थित कनक बिहारी गैस एजेंसी पहुंचे उसके बाहर बाइक खड़ी कर वह कार्यालय पहुंचे।

बाहर आने पर देखा कि उनके बाइक की डिक्की का लाक टूटा हुआ था। उसमें रखा 50 हजार रुपये गायब था। कोतवाली पुलिस को घटना की जानकारी दी, मगर उनका मुकदमा दर्ज करने में पुलिस टालमटोल करती रही। ऐसे में उन्होंने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें घटनाक्रम से अवगत कराया। उनके निर्देश के बाद कोतवाली पुलिस ने उनका मुकदमा दर्ज किया। वहीं छावनी थाना क्षेत्र के कवलपुर निवासी अजय विक्रम सिंह की बाइक चोरी हो गई। उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अवधेश सिंह नर्सिंग होम कवलपुर से छह मार्च को दोपहर बाद तीन बजे अपने बंद हो चुके ढाबे पर बाइक खड़ी कर उसे लाक करने के बाद चचेरे भाई सिद्धार्थ सिंह के साथ कोहराएं चले गए। वहां से करीब एक घंटे बाद जब वापस लौटे तो बाइक गायब थी।

# समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो देंगे धरना

बस्ती: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक शिवहर्ष किसान इंटर कालेज में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय प्रताप सिंह व संचालन जिला मंत्री दिनेश यादव ने किया। शिक्षक समस्याओं पर चर्चा व नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। स्वागत के उपरांत शिक्षकों का प्रतिनिधि मंडल जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला से मिला।

प्रदेश उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह व अनिरूद्ध त्रिपाठी ने कहा कि 31 मार्च तक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वेतन से प्रतिमाह एनपीएस अंशदान की कटौती की जा रही है लेकिन अप्रैल 2023 से अद्यतन एनपीएस अंशदान प्रान एकाउंट में प्रदर्शित नही कर रहा है। प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने कहा कि जनपद में 31 मार्च को सेवानिवृत्त होने वाले सभी प्रधनाचार्यों, प्रवक्ताओं व सहायक अध्यापकों के पेंशन, जीपीएफ व सामूहिक जीवन बीमा के प्रकरणों का निस्तारण कराया जाय। अरूण कुमार मिश्रा,राम विलास चौधरी, दिनेश कुमार यादव,राम पूजन सिंह, जितेंद्र कुमार साही, आदित्य प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# चालक पर केस दर्ज

बस्ती। पुलिस ने हादसे में घायल की मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। गोंडा जिले के छपिया क्षेत्र के नावल खास निवासी संतू ने तहरीर देकर बताया कि 13 मार्च को बेटा मोहन लाल निमंत्रण से लौट रहा था। परशुरामपुर मोड़ पर वाहन ने टक्कर मार दिया। संवाद

# बाइक की डिकी तोड़ 50 हजार रुपये उड़ाए

**बस्ती।** शहर के सिविल लाइंस स्थित गैस एजेंसी के सामने खड़ी बाइक की डिकी तोड़कर उसमें रखे 50 हजार रुपये टप्पेबाज ने उड़ा ले गए। सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी जांच की। इसके बावजूद केस दर्ज न करने पर पीड़ित ने एसपी से शिकायत की। एसपी ने निर्देश पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है।

**सिविल लाइंस इलाके में हुई घटना**

जानकारी के अनुसार, मुंडेरवा थाना क्षेत्र के सिरौता निवासी दीपक मिश्र ने तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च को वह आवश्यक कार्य से बस्ती आया था। कोर्ट एरिया बैंक से एक लाख रुपये निकाले। रुपये जेब में न रख पाने के कारण 500-500 रुपये की एक गड्डी बाइक की डिकी में रख दिया।

बाइक कनक बिहारी गैस एजेंसी के परिसर के बाहर खड़ी कर काम से गया था। 15-20 मिनट बाद करीब 1:30 बजे वापस आया तो डिकी टूटी हुई। उसमें रखे रुपये गायब थे। इसकी जानकारी तुरंत कंपनी बाग पुलिस चौकी पर दी गई।

पुलिस ने मौके पर जांच की और सीसीटीवी फुटेज में घटना की पुष्टि भी हुई, लेकिन उसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी के निर्देश पर केस दर्ज किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। संवाद

## डीजे बजाने के लिए बरात में मारपीट

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के जसोवर गांव में डीजे बजाने के लिए मारपीट हो गई। वाल्टरगंज क्षेत्र के बड़ा बढ़या निवासी गोविंद ने तहरीर देकर बताया कि उसने दुबौलिया थाना क्षेत्र के बंजरिया सूबी निवासी त्रिपुरारी चौहान के बुकिंग करने पर छह मार्च को जसोवर में बरात में डीजे लेकर गया था। द्वार पूजा समाप्त होने के बाद बरात गए बंजरिया सूबी निवासी प्रिंस उर्फ बंटी, राज कपूर, शिव गोविंद व हरीराम दोबारा डीजे बजाने को लेकर अपशब्द कहते हुए मारने-पीटने लगे। गाड़ी का शीशा तोड़कर जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की है। संवाद

## युवती को भगाने में चार नामजद

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने के एक मोहल्ले की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने तहरीर दिया कि आरोपी सूरज 21 फरवरी को उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जिसमें उसकी मां रेशमा व परिवार की गूंजा और आरती ने सहयोग किया। संवाद

## पौधा उखाड़ने के विवाद में एक नामजद

**बस्ती।** वाल्टरगंज क्षेत्र के आमा गांव में आम का पौधा उखाड़ने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। इस संबंध में राधेरमण ने तहरीर देकर बताया कि सात मार्च को रात पुरानी रंजिश को लेकर गांव के राम सूरत ने उनके घर के सामने लगे आम के पेड़ को उखाड़ दिया। संवाद

## बाइक की टक्कर से मौत मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** गौर कस्बे के बाइक की टक्कर से घायल की मौत के मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में कुचरूपुर निवासी शैलेश कुमार ने तहरीर दी।बताया कि आठ मार्च को उसके भाई उदयराज को अज्ञात बाइक के चालक को सामने से ठोकर मार दिया था। संवाद

# किशोरी से छेड़छाड़ में दो को एक-एक साल की सजा

## पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश ने सुनाया फैसला, अर्थदंड भी लगाया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** किशोरी से छेड़छाड़ के मामले में दो दोषियों को पॉक्सो न्यायाधीश अमित कुमार वर्मा ने एक-एक वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। दोनों को पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित करते हुए आदेश दिया कि इसे न अदा करने पर तीन-तीन माह की साधारण कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।

एडीजीसी अरविंद पांडेय ने न्यायाधीश को बताया कि मुंडेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस से शिकायत की कि 13 वर्षीय बेटी नगर पंचायत के एक इंटर कॉलेज की छात्रा है। पांच नवंबर 2016 को वह रोते हुए घर पहुंची और बताया कि गांव के राजेंद्र व राहुल आए दिन स्कूल जाते समय फब्तियां कसते हुए अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हैं। दोनों ने एक कागज पर अशोभनीय शब्द व मोबाइल फोन नंबर लिखकर फेंक दिया।

जब शिकायत लेकर पहुंचा तो दोनों गाली-गलौच करते हुए मारने का दौड़ा लिया। इसकी सूचना डायल 112 को दी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की। हालांकि आरोपियों ने घटना करने से इन्कार किया। कहा साजिश के तहत फंसाया गया है

पुलिस ने दोनों के विरुद्ध आरोपपत्र न्यायालय में भेजा। न्यायाधीश ने साक्ष्य व बयान के आधार पर दोनों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# शिक्षिका की चेन खींचकर भागीं तीन महिलाएं गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** शहर में ऑटो में चलने वाली महिला टप्पेबाजों का गिरोह शुक्रवार को कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरोह की तीन महिलाएं एक निजी विद्यालय की शिक्षिका के गले से चेन खींचकर भाग रही थीं। कोतवाली पुलिस ने 20 मिनट के भीतर उन्हें घेरकर पकड़ लिया। तलाशी में चोरी की गई चेन बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार, शहर के मनहनडीह निवासी मृदुला सिंह एक निजी विद्यालय में शिक्षिका हैं। शुक्रवार को गांधीनगर से प्रशिक्षण करके ऑटो से दोपहर करीब 12 बजे लौट रही थीं। रास्ते में ऑटो में तीन टप्पेबाज महिलाएं बैठ गईं। कुछ दूर जाने पर उनमें से एक उल्टी करने का नाटक करने लगी।

ऑटो में बैठी सवारियों का ध्यान उनकी तरफ गया, इसी दौरान शिक्षिका के गले से उनमें से एक महिला ने चेन खींच ली। ऑटो से उतरते ही उन्हें गले से चेन गायब होने का एहसास हुआ। फौरन इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

कोतवाल विजय कुमार दुबे ने बताया कि तत्काल टीम भेजकर हुलिया के आधार पर छानबीन

## खलीलाबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं तीनों टप्पेबाज



पकड़ी गईं महिलाएं। संवाद

कराई गई तो तीनों को घेरकर गांव गोड़िया मोहल्ले की तरफ जाने वाले रोड पर पकड़ लिया गया। तलाशी में उनमें एक के पास से चेन बरामद कर ली गई। पुलिस के अनुसार, पकड़ी गईं महिलाएं ने लंबे समय से टप्पेबाजी कर रही थीं।

पकड़ी गई टप्पेबाजों में संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के भेलूपुर निवासी संगीता पत्नी अजय प्रसाद, नीतू पत्नी दिनेश और पिंका पत्नी राजू प्रसाद शामिल हैं। टीम में चौकी प्रभारी रोडवेज एसआई रामानंद सिंह के साथ कांस्टेबल सौरभ गौतम, धीरज यादव, महिला कांस्टेबल अमरावती, फूलमती व मेनका चौहान शामिल रहीं।

## चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने कैली अस्पताल के सामने झुग्गी बनाकर रहने वाले युवक को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया। एसआई राममणि उपाध्याय ने बताया कि कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरू निवासी जगतराम कैली अस्पताल के सामने झुग्गी बनाकर रहता है। बृहस्पतिवार को दोपहर करीब 1:30 उसे चाकू के साथ पकड़ा गया। संवाद

## मारपीट मामले में केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली पुलिस ने बुधवार रात करीब नौ बजे इंदिरानगर के पास मारपीट के मामले में तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में ओरीजोत निवासी बृजेश सोनकर ने तहरीर देकर बताया कि विपक्षी दिवाकर सोनकर ने उसके चाचा सुनील को हाथ-पैर तोड़वाने की पहले ही धमकी दी थी। दिवाकर के मित्र रितिक उर्फ भोलू शर्मा और उनके साथ दो अन्य लोग नाम-पता अज्ञात ने मिलकर अपशब्द कहते हुए मारापीटा। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न में पांच ससुराली नामजद

**बस्ती।** महिला थाना पुलिस ने दहेज न मिलने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पांच आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इस संबंध में फरजाना ने तहरीर देकर बताया कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग प्रताड़ित करते हैं। पुलिस ने सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज थानाक्षेत्र के राजेंद्रनगर निवासी पति फैसल हुसैन, ससुर अहमद हुसैन, सास हमीदा खातून, ननद रुसदा और देवर अरसद के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## बाइक चोरी के मामले में एक पर केस

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने छह मार्च को कवलपुर से बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। इस संबंध में अजय विक्रम सिंह निवासी कवलपुर ने तहरीर देकर बताया कि छह मार्च को ढाबे पर बाइक लॉक कर खड़ी कर जरूरी काम से चचेरे भाई सिद्धार्थ सिंह के साथ चला गया। वहां से करीब एक घंटे बाद लौटकर आने पर बाइक नहीं थी। संवाद

## जमीन के विवाद में मारपीट

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दरियापुर जंगल के लक्ष्मनपुर में बृहस्पतिवार को दो पक्षों में जमीन के विवाद में मारपीट हुई। जानकारी के अनुसार, एक पक्ष के नंद कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दूसरे पक्ष के लोग जमीन विवाद में मारपीट जान से मारने की धमकी दी। दूसरे पक्ष के राम किशोर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मना करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बताया कि एक पक्ष के नंद कुमार, राममिलन, रविंद्र व दूसरे पक्ष के रामकिशोर, रामप्रकाश व महिला कपूरा देवी पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। नंद कुमार, रामकिशोर, रामप्रकाश व महिला कपूरा देवी को बृहस्पतिवार को शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया। संवाद

## टक्कर मारने के बाद मारपीट में चार नामजद

**बस्ती।** परशुरामपुर थाना क्षेत्र के खदरा में बृहस्पतिवार को शाम पांच बजे बाइक से टक्कर मारने के बाद विवाद हो गया। पुलिस ने चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है। वहां की सदामुन्नी पत्नी लालमन ने तहरीर देकर बताया कि उनके परिवार के रामशंकर की पुत्री कुसुम अपने खेत से घर आ रही थी। रास्ते में राजकरन अपनी बाइक से पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। शोर मचाने पर वादी के देवर गौरीशंकर पूछने राजकरन के घर गए। जहां राजकरन, मुन्ना, रामबचन और बुधना पत्नी रामबचन ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारापीटा। संवाद

# संदिग्धों पर नजर रखेंगे कुली और वेंडर



जीआपी थाना प्रभारी एमपी चतुर्वेदी ने पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। संवाद

**बस्ती।** लोकसभा चुनाव, रमजान और होली को लेकर रेलवे स्टेशन पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार को जीआरपी थानाध्यक्ष एमपी चतुर्वेदी ने स्टेशन के कुली, वेंडरों, स्टैंड संचालक और पुलिस कर्मी के साथ बैठक की। इसमें कुली व वेंडरों से अपील की गई कि वे स्टेशन परिसर में संदिग्ध हरकत की तत्काल सूचना दें, ताकि कार्रवाई की जा सके। बैठक में एसएसआई अवधेश तिवारी, एसआई जनार्दन प्रसाद पासवान, एसआई मनोज कुमार यादव, हेड कांस्टेबल रणविजय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे। संवाद

# शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने किया मार्च

**परशुरामपुर।** शुक्रवार को हैदराबाद, सिकंदरपुर, वेरता, चौरी सहित विभिन्न बाजारों में परशुरामपुर पुलिस ने सीआईएसएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस ने लोगों से संपर्क कर उनको शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा निष्पक्ष रूप से मतदान करने की अपील की किसी भी अफवाह की स्थिति में बीट के सिपाही अथवा ग्राम चौकीदार को सूचना देने को कहा। सभी क्षेत्रीय लोगों से शत प्रतिशत मतदान में हिस्सा लेने की अपील की गई। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# कमिश्नर ने चुनाव सकुशल कराने का दिया निर्देश

सिद्धार्थनगर(एसएनबी) ।आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने आईजी आरकेभारद्वाज, जिला निर्वाचन अधिकारी , पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, एसडीएम उमाशंकर की उपस्थिति में अधिकारियो के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आगामी लोकसभा चुनाव को सकुशल व शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

**आदर्श आचार संहिता लगते ही होर्डिंग हटवाने का दिया निर्देश**

बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह को जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 2178 बूथ बनाये गये है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। संवेदनशील एवं अतिसंवेदशील बूथो को चिन्हित कर लिया गया है। सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट की के साथ बैठक कर ली गयी है। वाहन अधिग्रहण हेतु प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। फोर्स के ठहरने हेतु विद्यालयो को अधिग्रहित कर लिया गया है। मतदान कार्मिको को प्रशिक्षण देने के लिए रोस्टर तैयार करा लिया गया है। आयुक्त बस्ती मण्डल बस्ती अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केन्द्रो पर मूलभूत सुविधाये पूर्ण नही है,वहां पर उप जिलाधिकारी गण निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा ले। आदर्श आचार संहिता लगते ही होर्डिंग हटवा ले। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाये। आईजी आरके भारद्वाज ने समस्त पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को भयमुक्त, शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पूरी तत्परता से कार्य करे। निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशो का अनुपालन कराना सुनिश्चित करे।

इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थानाध्यक्ष, तथा अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते कमिश्नर

# मिलावटी खाद्य पदार्थों के जांच की मांग, खुले आम हो रही बिक्री

इटवा (एसएनबी)। स्थानीय तहसील मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में भारी पैमाने पर मिलावटी खाद्य पदार्थों की विक्री खुले आम प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए धड़ल्ले से की जा रही है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस पर अंकुश लगाने के लिए अभियान ना चलाया जाना कई सवाल पैदा करता है। उपभोक्ता मिलावटी सामान खरीदने के लिए पूरी तरह से मजबूर हैं।

विभाग को चुनौती देते हुए खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट का खेल जारी है। जिसके कारण स्थानीय तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के अन्य भागों में अच्छी गुणवत्ता का खाद्य पदार्थ नहीं मिल पा रहा है। मजबूर होकर ग्राहकों को मिलावट वाला सामान ही खरीदकर खाना पड़ता है। विभाग द्वारा इस पर लगाम लगाने के लिए स्थानीय तहसील क्षेत्र में बीते एव वर्ष में कोई भी कार्यवाही न किये जाने के कारण मिलावट खोरों के हौंसले बुलंद हैं। सरसो के तेल, बेसन, दाल, कालीमिर्च, धनिया पाउडर सहित तमाम खाद्य पदार्थों में जमकर मिलावट का खेल जारी है। इसके अलावा भारी पैमाने पर कानपुर में निर्मित खोया तथा मिठाई की खपत भी यहां पर धड़ल्ले से की जाती है। सभी दुकानदार अपने सामान को असली कहकर ही मंहगे दाम पर बेच रहे हैं। इसके बावजूद भी विभाग द्वारा कभी भी जांच का अभियान न चलाये जाने के कारण मिलावट खोरी का धंधा दिन दूना रात चौगुना फलफूल रहा है। दूध में भी खूब पानी मिलाने की शिकायत मिलती है। असली दूध तो मिलना ही मुश्किल हो गया है। होली त्योहार पर मिलावटी खोये को खपाने की तैयारी दुकानदारों द्वारा पिछले कई दिनों से तेजी से की जा रही है। जांच टीम के आने की भनक लगते ही कस्बा सहित क्षेत्र के विभिन्न चौराहों के मिठाई व किराने के दुकानदारों द्वारा अपने दुकान का ताला बंद कर लिया जाता है। जांच टीम के जिला मुख्यालय से निकलने की पूर्व सूचना यहां के लोगों को मिल जाना कई सवाल पैदा करता है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी इटवा ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने की शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार के विरूद्ध कार्यवाही जरूर होगी।

# तीन दशक बाद भी नहीं बना अग्निशमन केंद्र

इटवा (एसएनबी)। स्थानीय ग्राम पंचायत को तहसील का दर्जा देने के साढ़े तीन दशक बीतने के बावजूद तहसील मुख्यालय पर अब तक महत्वपूर्ण अवश्यकता के रूप में शुमार अग्निशमन केंद्र की स्थापना उदासीनता के चलते नहीं की जा सकी है। जिससे क्षेत्र में अग्निकांड की घटना होने पर इसका बचाव करने में भारी कठिनाई होती है। जबकि प्रतिवर्ष इस तहसील क्षेत्र में अग्निकांड की घटनाओं में लाखों रूपये के सामग्री का नुकसान होने के साथ तमाम गरीब बेघर भी हो जाते हैं। इटवा ग्राम पंचायत को वर्ष 1990 में तहसील मुख्यालय का दर्जा मिल चुका है। इसके बावजूद भी यहां पर अब तक कई बुनियादी सुविधाओं का घोर अकाल बरकरार है। शासन प्रशासन तथा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी इसके लिए कोई ठोस पहल न किये जाने के कारण अब तक यहां पर अग्निशमन केंद्र की भी स्थापना नहीं की जा सकी है। जबकि अप्रैल माह से लेकर बरसात शुरू होने के बीच में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती है। इसे बुझाने के लिए डुमरियागंज अथवा सिद्धार्थनगर से फायरबिग्रेड की गाड़ी बुलवाना मजबूरी है। लेकिन उसके पहुंचने में कई घंटे का समय लगने के कारण इन गाड़ियों के आने तक सबकुछ जलकर राख हो जाता है। प्रतिवर्ष इस तहसील क्षेत्र में तमाम गरीब आग लगने से बेघर भी हो जाया करते है। अस्थायी रूप से विभाग द्वारा इटवा तहसील परिसर में एक जीप तथा दो स्टाफ को भेजा जाता है। लेकिन इसमें पानी की टंकी न होने के कारण आग लगने वाले स्थान के निकट तालाब में पानी होने अथवा बोरिंग की व्यवस्था होने पर ही यह आग बुझाने में सफल हो सकता है। जबकि दमकल की बड़ी गाड़ी कई हजार लीटर पानी उसकी टंकी में भरा होने के कारण यह पहुंचते ही आग पर काबू पाने में सफल हो जाता है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा गर्वित सिंह ने कहा कि वे इसके लिए पुलिस अधीक्षक से वार्ता करके शीघ्र समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।

# कागजात लेकर पहुंची महिला, कर्मियों ने किया बाहर

सिद्धार्थनगर। बांसी कस्बे की रहने वाली महिला शशिरतन अग्रहरि ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद से संबंधित कागजात लेकर बीएसए ग्राउंड में पहुंची थी वह उसे मुख्यमंत्री को देना चाहती थी। प्रशासन की नजर पड़ते ही जिम्मेदारों ने उससे कागजात ले लिया और कहा कि मुख्यमंत्री तक पहुंचा देंगे। सीएम के आने के बाद महिला फिर कागज लेकर खड़ी हो गई और शोर मचाने लगी। पुलिसकर्मी उसे पंडाल से बाहर लेकर चले गए।

# पुलिस बूथ का निर्माण न होने से पुलिसकर्मियों को परेशानी

इटवा (एसएनबी)। लोक निर्माण विभाग खंड-1 द्वारा बेवा-ढेबरूआ मार्ग का निर्माण कराते समय इटवा कस्बे के मुख्य चौराहे पर ज़न सहयोग से निर्मित पुलिस बूथ को तोड़ दिया गया है। जिससे चौराहे पर ड्यूटी देने वाले सिपाहियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें तेज धूप तथा बरसात में आस-पास के दुकानों के शेड के नीचे बैठना मजबूरी है।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से इटवा कस्बे के मुख्य चौराहे पर हमेशा दो सिपाहियों की ड्यूटी थानाध्यक्ष द्वारा लगाई जाती है। इन सिपाहियों को बैठने के लिए लगभग डेढ़ दशक पूर्व जन सहयोग से मुख्य चौराहे पर पुलिसबूथ का निर्माण कराया गया था। त्योहारों में शोभायात्रा तथा जुलूस निकलने पर एसडीएम तथा सीओ इस बूथ में बैठकर इसकी निगरानी करते थे। ठंडक तथा गरमी व बरसात में इसी बूथ में बैठकर आसानी से ड्यूटी की जाती थी। लेकिन बेवा-ढेबरूआ मार्ग का निर्माण जारी रहने के कारण इटवा कस्बे में मुख्य चौराहे की ढलान ठीक करने के लिए सड़क के ठेकेदार द्वारा इस पुलिस बूथ का एक वर्ष पूर्व तोड़ दिया गया है। परंतु इसके स्थान पर अब तक बूथ का निर्माण उदासीनता के चलते शुरू नहीं कराया गया है। जिसके कारण अब पुलिस वालों को अपनी ड्यूटी निभाने के लिए दुकानदारों के टीनशेड का सहारा लेना मजबूरी है। चौराहे पर शस्त्रधारी सिपाहियों की मौजूदगी से अपराध पर नियंत्रण लगाने में सहूलियत मिल रही है। आकस्मिक घटना होने पर थानाध्यक्ष जीप में तत्काल इन्हें बैठाकर घटना स्थल पर पहुंच जाते हैं। जबकि थाने में सिपाहियों को वर्दी पहनकर तैयार होने में कुछ समय भी लग ज़ाता है। दिन में इस समय धूल भरी हवा के साथ धूप भी काफी तेज होने के कारण सिपाहियों को ड्यूटी खुले आसमान के नीचे करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में शीघ्र पुलिस बूथ का निर्माण अनिवार्य है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी इटवा गर्वित सिंह ने बताया कि पुलिस बूथ रहने से काफी सहूलियत मिलती है। इसलिए शीघ्र इसका बनना बहुत आवश्यक है। अधिशासी अभियंता से इसके लिए वार्ता की जायेगी।

# 25 बोरी चावल, 55 बोरी धान संग दो पकड़े

लोटन। लोटन कोतवाली क्षेत्र के नेपाल सीमा पर स्थित ठोठरी बॉर्डर से एसएसबी के जवानों ने गुरुवार की रात 80 बोरी राशन के साथ दो लोगों को दबोच लिया है।

रात करीब 11 बजे पिलर संख्या 539 के पास से कुछ लोग साइकिल पर बोरी लादकर नेपाल की तरफ जाते दिखाई दिए। जवानों ने दौड़कर दो को पकड़ लिया और अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल भागने में सफल रहे। तस्करों की पहचान ठोठरी निवासी सन्नी देओल पुत्र राजेन्द्र व अखिलेश पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है।

# तीन बच्चों की मां पांच साल की बेटी के साथ हुई लापता

- कृष्णानगर के नेपाल की रहने वाली है महिला सास ने दी तहरीर
- गुरुवार की शाम बेटी संग बाजार करने बढ़नी आई थी महिला

बढ़नी, हिन्दुस्तान संवाद। बढ़नी कस्बे से सटे झंडेरनगर वार्ड नंबर दो कृष्णानगर नेपाल की निवासी एक महिला अपने पांच वर्षीय बेटी के साथ गुरुवार की शाम से लापता हो गई है। वह शाम को बढ़नी बाजार करने आई थी। महिला की सास ने शुक्रवार को बढ़नी चौकी पर पुलिस को तहरीर देकर ढूंढने की गुहार लगाई है।

नेपाल के कृष्णानगर की रहने वाली फगुना पत्नी प्रह्लाद ने शुक्रवार को बढ़नी चौकी में तहरीर देकर बढ़नी बाजार करने आई बहु व नातिनी के गायब होने की बात कही है। उसने बताया महिला का पति मुंबई में रहकर नौकरी करता है। उसने बताया कि बहू गुरुवार को अपनी पांच साल की बेटी के साथ बढ़नी बाजार में कपड़े खरीदने की बात कहकर शाम पांच बजे घर से निकली थी पर वापस घर नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली। उसने बताया कि बहू से तीन बच्चे हैं। इसमे से एक अभी नवजात है जिसकी उम्र लगभग डेढ़ महीने की है। गायब महिला के पिता वासुदेव का कहना है कि वह मायके भी नहीं आई है। बढ़नी चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव का कहना है तहरीर मिली है।

# सुरहीताल गांव में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

खेसरहा, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के सुरहीताल गांव में गुरुवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुरहीताल गांव निवासी अशरफी (45) पत्नी शंभूनाथ यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में गुरुवार की देर शाम मौत हो गई। महराजगंज के पुरंदपुर थाना क्षेत्र के करमहवा बुजुर्ग गांव निवासी मृतका के बड़े भाई राजेंद्र यादव ने कहा कि बहन अशरफी को बहनोई शम्भू नाथ अक्सर मारता पीटता था। मारने पीटने के कारण ही उसकी मौत हुई है। वहीं पति शम्भूनाथ का कहना है की मृतका को मिर्गी की बिमारी थी। गुरुवार सुबह अचानक मिर्गी आने के कारण गिर गई और चोट लग गई। ग्रामीणों की मदद से उसे जिला अस्पताल सिद्धार्थनगर ले जाया गया वहां से गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया। गोरखपुर पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि सूचना पर मौके पर गया था। मृतका के भाई राजेंद्र ने मारने पीटने से मौत की बात कही है जबकि पति का कहना है की मिर्गी का दौरा आने से गिर कर घायल होने से मौत हुई है। अभी तहरीर नहीं मिली है।

# मारपीट में सात घायल एक की हालत नाजुक

उस्का बाजार। उस्का बाजार थानाक्षेत्र के सेखुई गांव में गुरुवार की देर रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें सात लोग घायल हो गए इसमें से एक की हालत नाजुक बताई जा रही है।

एक पक्ष के रामयश ने थाने पर तहरीर देकर गांव के ही एक व्यक्ति पर अपने परिजनों के साथ घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि उसके पक्ष के रामप्रवेश , परमात्मा, अजय व सुमन घायल हो गए हैं। इन्हें सीएचसी उस्का से मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर रेफर कर दिया है।

लोकसभा चुनाव को लेकर मंडलायुक्त ने अफसरों संग की बैठक

# बूथों का निरीक्षण कर लें सुविधाओं का ध्यान रखें

## निर्देश

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। लोकसभा चुनाव को लेकर मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक की। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि जिन मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पूर्ण नहीं हैं वहां पर निरीक्षण कर समय से पूर्ण करा लें।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का हरहाल में पालन किया जाए। आईजी आरके भारद्वाज ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा चुनाव भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराएं। इसकी तैयारी पहले से ही कर लें। निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। डीएम पवन अग्रवाल ने बताया कि जिले में 2178 बूथ बनाए गए हैं। संवेदनशील व अतिसंवेदशील बूथों को चिन्हित कर लिया गया है। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ कई राउंड की बैठक भी की जा चुकी है। इस दौरान एसपी प्राची सिंह, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एडीएम उमांशकर आदि मौजूद रहे।



लोकसभा चुनाव को लेकर मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट सभागार में अफसरों संग बैठक की। • हिन्दुस्तान

### सभी को शत-प्रतिशत मतदान के लिए करनी चाहिए पहल

सिद्धार्थनगर। देश के प्रथम से लेकर अंतिम व्यक्ति तक का मत एक बराबर होता है। जिसकी भी उम्र 18 वर्ष हो गई है, वह मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज करा लें। सभी को शत-प्रतिशत मतदान के लिए पहल करनी चाहिए। ये बातें डीआओएस एवं नोडल अधिकारी सोमारू प्रधान ने शुक्रवार को बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर में स्वीप सिद्धार्थनगर व मतदाता साक्षरता क्लब वर्कशॉप में कहीं।

# आज घोषित होगी चुनावी महासमर की तारीख

- सात से आठ चरणों में हो सकते हैं लोकसभा चुनाव
- चार विधानसभाओं के चुनाव भी होंगे घोषित

नई दिल्ली, विशेष संवाददाता। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) शनिवार को लोकसभा 2024 के चुनाव की घोषणा करेगा। आयोग लोकसभा के साथ-साथ चार राज्यों के विधानसभाओं के चुनाव की भी घोषणा करेगा। माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव 7 से 8 चरणों में कराए जाएंगे। चुनाव की घोषणा के साथ ही, पूरे देशभर में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगा।

इससे पहले, शुक्रवार को नव नियुक्ति निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने अपना कार्यभार संभाल लिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में दोनों निर्वाचन आयुक्तों का स्वागत किया। सूत्रों के मुताबिक करीब 11 बजे मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य आयुक्तों की अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बैठक में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करने के बाद लोकसभा चुनाव की घोषणा करने के लिए शनिवार दोपहर 3 बजे का समय निश्चित किया गया।

लोकसभा चुनाव की घोषणा मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू संयुक्त रूप से करेंगे।

# डुमरियागंज में दो किशोर राप्ती में डूबे, तलाश जारी



शुक्रवार को बच्चों के डूबने की सूचना पर बदहवाश परिवारीजन। ● हिन्दुस्तान

**औराताल, हिन्दुस्तान संवाद।** डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौराघाट पर राप्ती नदी में नहाने गए दो किशोर डूब गए। सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की मदद से किशोरों की तलाश कर रही है पर अब तक पता नहीं चल सका है।

क्षेत्र के पटेहरी गांव के पांच बच्चे शुक्रवार की शाम चार बजे गौराघाट पर राप्ती नदी में नहाने गए हुए थे। नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से संकेत (15) पुत्र श्याम सुंदर मौर्य, रामधन मौर्य (15) पुत्र कल्लू मौर्य गहरे पानी में चले जाने से डूब गए। पास नहा रहे बच्चे डर कर वहां से भागे और आसपास के लोगों को जानकारी दी। इससे मौके पर भीड़ जुट गई। किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से तलाश में जुटी हुई है। पर अब तक पता नहीं चल सका है। इंस्पेक्टर मुकेश राय ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई है। गोताखोरों से तलाश करवाई जा रही है। अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है।



# प्लान बी ने दिलाई राहत

अक्सर आपने फिल्मों में सुना होगा प्लान बी। यानी मुख्य प्लान का विकल्प। अगर पहला सफल ना हो तो दूसरा जरूर हो जाए। शुक्रवार को सिद्धार्थनगर मुख्यालय पर डीएम और एसपी के काफिले को इसी प्लान बी का सहारा लेना पड़ा। हुआ यूं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम ज्यों समाप्त हुआ उधर सीएम का चॉपर उड़ा इधर जनसमूह सड़कों पर उमड़ पड़ा। अफसरों को जब सड़क पर निकलने की रत्तीभर गुंजाइश नहीं दिखी तो उन्होंने सीओ सदर को जुगाड़ का निर्देश दिया। फिर क्या, अर्दली, गनर, सिपाही से लेकर सीओ खुद उस बैरिकेडिंग को खोलने-हटाने में जुट गए जो भीड़ को रोकने के लिए बड़े जतन से तैयार की गई थी। बिना प्लान के इस प्लान बी ने आखिर आला अफसरों को राहत पहुंचा ही दी ● फिरोज

# 25 बोरी चावल व 55 बोरी धान बरामद

लोटन : तस्करी करके नेपाल ले जा रहे 25 बोरी चावल व 55 बोरी धान एसएसबी जवानों ने लोटन कोतवाली के ढोढरी बार्डर के पास पकड़ा है। एसएसबी के अनुसार तस्कर यह चावल व धान तस्करी करके नेपाल ले जाने की तैयारी में थे। पुलिस ने तस्करी कार्य में लगे दो व्यक्तियों को पकड़ा भी है। अन्य तस्कर मौके से भाग निकले। पकड़े ग आरोपितों में ढोढरी बाजार निवासी सन्नी देओल पुत्र राजेन्द्र व अखिलेश पुत्र राजकुमार शामिल है। एसएसबी ने आगे की कार्रवाई के लिए धान व चावल को कस्टम को सौंप दिया है।

# पुलिस व सीआईएसएफ ने मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इटवा में मार्च करती पुलिस व सीइएसएफ जवान • जागरण

जागरण संवाददाता, इटवा : लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना इटवा पुलिस तथा सीआईएसएफ की टीम द्वारा संयुक्त रूप से रूट व फ्लैग मार्च किया गया। मार्च के जरिये नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। सभी से अपील की गई कि आने वाले चुनाव में निर्भीक होकर मतदान में हिस्सा ले। किसी भी स्थिति में डरने की आवश्यकता नहीं है और शांतिपूर्वक मतदान करें, कहीं कोई अराजकता करता है तो इसकी जानकारी दें, ऐसे तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष कुमार तिवारी व सीआईएसएफ कमांडर प्रीतम चंद में पुलिस व केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान इटवा थाने के पास एकत्रित हुए। यहां ऐरिया डोमिनेशन शुरू हुआ। पहले इटवा चौराहा सहित चारों प्रमुख मार्गों पर पैदल मार्च किया गया। इसके बाद आनंदनगर, महादेव घुरहू बाजार, भदोखर, भावपुरमीरा (बारनेबुल मजरा) आदि जगहों पर एरिया डोमिनेशन किया गया। भारी फोर्स एवं सायरन की आवाज सुनकर हर कोई चौंक उठा, कि कहीं कोई अप्रिय घटना तो नहीं हुई है, बाद में पता चला कि चुनाव के दृष्टिगत फोर्स द्वारा मार्च किया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने के उद्देश्य से मार्च किया गया। मतदाताओं से अपील की गई कि स्वतंत्र, निष्पक्ष होकर मतदान करें। कोई किसी प्रकार की लालच देता है अथवा दबाव डालता है तो इसकी सूचना दें।

# कमिश्नर व आइजी ने की चुनाव तैयारी की समीक्षा

## अधिकारी द्वय ने कलेक्ट्रेट सभागार में की बैठक, डीएम ने चुनाव की तैयारियों की दी विस्तृत जानकारी

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : मंडलायुक्त बस्ती मंडल अखिलेश सिंह व पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चुनाव तैयारी की समीक्षा की। निर्वाचन आयोग की ओर से आने वाले सभी निर्देशों को समय से अनुपालन करने के लिए कहा। सभी बूथों की संवेदनशीलता चिन्हित करने के लिए निर्देशित किया। सभी तैयारियों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने अधिकारी द्वय को बताया कि जनपद में एक संसदीय व पांच विधानसभा क्षेत्र हैं। कुल 2178 बूथ बनाए गए हैं। आयोग के निर्देश के अनुपालन में में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हे। संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथ को चिन्हित किया गया है। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के सथ बैठक कर ली गई है। वाहन अधिग्रहण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। फोर्स के ठहरने के लिए विद्यालयों को अधिग्रहित किया गया है। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए रोस्टर तैयार हो गया है। समय से प्रशिक्षण करा दिया जाएगा। जिन मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधा पूर्ण नही हैं, वहां संबंधित एसडीएम को निरीक्षण करने के लिए कहा गया है। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही सभी होर्डिंग व बैनर हटवाने की कार्रवाई शुरू हो जाएगी। चुनाव को भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराना प्राथमिकता में है। एसपी प्राची सिंह, सीडीओ जयेंद्र कुमार, एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा, बांसी के कुणाल, शोहरतगढ़ के कमरेंद्र, सीओ सदर सुजीत राय समेत अन्य मौजूद रहे।

# 551 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 19 अरब की लागत से किए जाएंगे जिले में कई विकास कार्य



बीएसए मैदान में बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शिलापट्ट • जागरण



**जासं, सिद्धार्थनगर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को बीएसए मैदान में 551 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन परियोजना की कुल लागत 19 अरब रुपये हैं। इनमें जल जीवन मिशन, सड़क व पुल, सिंचाई, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्रावास, आइटीआइ व नर्सिंग कालेज के निर्माण कार्य हैं। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्लस्टर प्रमुख पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, विधायक विनय वर्मा, जय प्रताप सिंह, श्यामधनी राही, पूर्व मंत्री डा.सतीश द्विवेदी, पूर्व विधायक राघवेंद्र सिंह, शिवनाथ चौधरी, मंडलायुक्त अखिलेश सिंह, पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल अन्य मौजूद रहे।

### इन परियोजना का करेंगे लोकार्पण व शिलान्यास (करोड़ में)

| परियोजना | कुल संख्या | लोकार्पण | शिलान्यास |
|---|---|---|---|
| जलजीवन मिशन | 428 | 7.95 | 1196.11 |
| सड़क व पुल | 66 | 240.84 | 174.07 |
| सिंचाई | 19 | 1274.00 | 132.06 |
| कस्तूरबा गांधी छात्रावास | 11 | 6.70 | 31.71 |
| आइटीआइ | 03 | 26.33 | - |
| नर्सिंग कालेज | 01 | - | 9.94 |

**मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम:** सिद्धार्थनगर : जनपद के बीएसए मैदान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सनई तिराहा, बर्डपुर तिराहा, उसका मार्ग आदि पर पुलिसकर्मी सुबह से ही तैनात रहे। साड़ी तिराहे पर कार्यक्रम में शामिल होने वाले वाहनों के अलावा अन्य वाहनों को नहीं जाने दिया गया। वीआइपी गेट से वीआइपी पास वालों के अलावा अन्य किसी को प्रवेश नहीं मिला। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं की जांच की। पान मसाला, सिगरेट व तंबाकू पंडाल के अंदर नहीं ले जाने दिया गया। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर उतरने के बाद प्रशासन सुरक्षा की लिहाज से और सक्रिय हो गया। मुख्यमंत्री के संबोधन के दौरान डीएम पवन कुमार अग्रवाल व एसपी प्राची सिंह मंच पर रहकर सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था का जायजा लेते रहे।



गेट पर लोगों की जांच करते पुलिसकर्मी • जागरण

**काला कपड़ा पहनकर जाने वालों को नहीं मिला प्रवेश:** मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में काला कपड़ा पहन कर जाने वालों को पंडाल में प्रवेश नहीं मिला। उन्हें सुरक्षा कर्मियों ने गेट पर ही रोक दिया। उन्हें अंदर नहीं जाने दिया गया।

सुरक्षा कर्मियों ने ऐसे लोगों को जैकेट निकालने व शर्त बदल कर आने पर ही पंडाल में प्रवेश मिलने की बात कही।

**पहले रोका फिर पर्स के साथ महिलाओं को मिला प्रवेश:** शुरुआत में पंडाल में महिलाओं को पर्स लेकर जाने पर सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने लगे और पर्स जमा कर पंडाल में जाने की बात कही, लेकिन जब इस बात की जानकारी एसपी प्राची सिंह को हुई तो उन्होंने मंच से सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया की महिलाओं का पर्स जमा कराने की जरूरत नहीं हैं। ऐसा करने पर बाद अव्यवस्था होगी। पर्स का अच्छे से जांच कर पर्स के साथ प्रवेश देने की बात कही।

# अब एक क्लिक से संदिग्ध का आपराधिक इतिहास पता कर लेगी पुलिस

लखनऊ। किसी संदिग्ध व्यक्ति को चेकिंग के दौरान रोकने के बाद पुलिस एक क्लिक में उसका आपराधिक इतिहास का पता लगा लेगी। उसकी फोटो, आवाज, फिंगरप्रिंट, मुकदमों आदि की जानकारी तत्काल पुलिस अधिकारी के मोबाइल में आ जाएगी।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने कुछ ऐसी ही खूबियों वाले त्रिनेत्र 2.0 एप को शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में लांच किया। यह एंड्राइड एवं आईओएस फोन में एप के रूप में, जबकि कंप्यूटर पर वेब डैशबोर्ड के माध्यम से संचालित किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल जरूरत के मुताबिक निरीक्षक या उससे ऊपर की रैंक के पुलिस अधिकारी ही कर सकेंगे। डीजीपी ने बताया कि वर्तमान में त्रिनेत्र में करीब 9.50 अपराधियों का डाटा मौजूद है। ब्यूरो

# आरोपी से मिले अहम नंबर, एक संदिग्ध रडार पर

## पेपर लीक मामला : पकड़े गए बिहार के आरोपी से पुलिस को मिली अहम जानकारी, जांच में जुटी है पुलिस

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने से जुड़े मामले में एसटीएफ और इटवा पुलिस को अहम सुराग मिले हैं।

बृहस्पतिवार को पुलिस के हत्थे चढ़े बिहार के आरोपी ने एक ऐसे व्यक्ति का नाम बताया है जो शायद गिरोह को आखिरी सदस्य हो। वह पुलिस के रडार पर है और यूपी के ही एक जनपद का निवासी है। उसके पकड़े जाने के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा कि पेपर कैसे और किस तिथि में लीक हुआ था। इसमें किन- किन लोगों को सहयोग था।

पुलिस की तीन टीम कई नंबरों पर काम कर रही हैं। सर्विलांस सेल भी लगी हुई है। ऐसा सूत्रों से जानकारी मिली।

### संदिग्ध के पकड़े जाने के बाद हो सकता है पेपर लीक करने वाले गिरोह का अंत

जिले में 17 और 18 फरवरी को पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा हुई थी। इसमें 10 सॉल्वर और अभ्यर्थी पकड़े गए थे। इनके खिलाफ धोखाधड़ी परीक्षा अधिनियम सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। पकड़े गए सॉल्वर के एक सहयोगी से कुछ अहम जानकारी मिली थी।

पुलिस कड़ी से कड़ी जोड़कर आगे बढ़ी तो पता चला कि यह पेपर लीक करने में भी शामिल पाए। तीन बार में पेपर लीक करने वाले 10 पुलिस के हाथ लगे। पुलिस की छानबीन चल रही थी कि


बैंक खातों के लेनदेन के मिल रहे हैं सबूत, मजबूती से केस लड़ेगी पुलिस

9 मार्च को प्रकाशित खबर।

बृहस्पतिवार को एसटीएफ गोरखपुर यूनिट और इटवा पुलिस की संयुक्त टीम ने इटवा कस्बे के पास से रंजन कुमार निवासी सनात बिगा थाना डालमियानगर जनपद रोहतास बिहार को दबोच लिया।

पुलिस की पूछताछ में उसके पास से कई अहम जानकारी मिली है। इसमें मोबाइल नंबर के साथ ही एक व्यक्ति का नाम बताया है, जिसे पुलिस रडार पर ले चुकी है।

### खातों के मिलान में मिल रही है सच्चाई

सूत्रों की माने तो पुलिस लेनदेन से जुड़े मामले की जांच कर रही है। कई खातों से हुए लेनदेन के बारे में पुलिस को पुख्ता जानकारी मिल गई है। सभी खातों को खंगालने के बाद पूरा कितने का सौदा हुआ है, यह सच सामने आएगा।

*मामले की छानबीन की चल रही है। पकड़े गए आरोपी से कुछ जानकारी मिली है। उसके सहारे जांच आगे बढ़ी है। उम्मीद है कि जल्द ही सफलता हाथ लगेगी।*

*-प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक*

मिली जानकारी और नंबर के आधार पर उसकी तस्दीक की जा रही है। तस्दीक होते ही एसटीएफ के अलावा तीन टीम हैं जो दबोच लेंगी।

सूत्रों की माने तो जल्द ही गिरफ्तारी हो सकती है। पुलिस का मानना है कि मास्टर माइंड वही हो सकता है। लेकिन लीक करने के मामले से जुड़ा हर आरोपी केवल सामने वाले को ही जानता है। उसके आगे और कौन है यह किसी को पता नहीं है। कारण हर बार आखिरी मानकर पुलिस पकड़ती है और फिर नए नाम और नंबर मिल जाते हैं। फिलहाल इस बार पुलिस रडार पर आए संदिग्ध को अंतिम मान रही है। ऐसा सूत्र बता रहे हैं, लेकिन आगे क्या होगा यह पकड़े जाने के बाद ही पता चलेगा।

# 2178 बूथों पर होगा मतदान, संवेदनशील बूथ चिह्नित

## मंडलायुक्त की मौजूदगी में कलक्ट्रेट सभागार में की गई लोकसभा चुनाव संबंधी बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव संबंधी बैठक हुई। इसमें जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जनपद में 2178 बूथ बनाए गए है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों को चिन्हित कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर ली गई है। वाहन अधिग्रहण के लिए प्रक्रिया पूर्ण कर लिया गया है। फोर्स के ठहरने के लिए विद्यालयों को अधिग्रहित कर लिया गया है। मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने के लिए रोस्टर तैयार करा लिया गया है। समय से प्रशिक्षण करा दिया जाएगा। मंडलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने निर्देश दिया कि जिन मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं पूर्ण नही है, वहां पर एसडीएम निरीक्षण कर उन्हें समय से पूर्ण करा लें।



कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक को संबोधित करते कमिश्नर अखिलेश कुमार सिंह, आईजी आरके भारद्वाज। स्रोत-सूचना विभाग

आदर्श आचार संहिता लगते ही होर्डिंग हटवा लें। आदर्श आचार संहिता का पालन किया जाये। आईजी आरके भारद्वाज ने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में सकुशल संपन्न कराने के लिए पूरी तत्परता से कार्य करें। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन कराना सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एसपी प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार, एडीएम उमाशंकर व एसडीएम नौगढ़ डॉ. ललित कुमार मिश्र मौजूद रहे।

### मतदाताओं को बताया मतदान का महत्व

**बर्डपुर।** बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज में स्वीप सिद्धार्थनगर तथा मतदाता साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व को जरूरी बताया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने कहा कि देश के प्रथम व्यक्ति से लेकर अंतिम व्यक्ति तक का मत एक बराबर होता है। कार्यक्रम के नोडल शिवकरन ने कहा कि फॉर्म 6 उपलब्ध न होने तथा ऑफलाइन या ऑनलाइन भरने में किसी भी तरह की समस्या आने पर संपर्क करें। संचालन पूर्णेश्वर मिश्र ने किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र, रवीन्द्र कुमार, रामपुकार यादव, रामबचन राम, विजय बहादुर वर्मा, डॉ. यशवंत कुमार, रणवीर सिंह, वशिष्ट नारायण मिश्र, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे। संवाद

## घर बैठे मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किया प्रेरित

**सिद्धार्थनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के तत्वावधान में जिले के सभी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को स्वीप सिद्धार्थनगर तथा मतदाता साक्षरता क्लब वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले बच्चों को मतदान के प्रति प्रेरित किया गया।

बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक सोमारू प्रधान ने मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि देश के प्रथम व्यक्ति से लेकर अंतिम व्यक्ति तक का मत एक बराबर होता है। जिसका भी उम्र 18 वर्ष हो गई है। वह फार्म-6 भरकर या एप के माध्यम से ऑनलाइन फार्म भरकर मतदाता सूची में अपना नाम

### जिले के सभी इंटर कॉलेजों में आयोजित हुआ मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

अवश्य दर्ज करवा लें। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदारी दी कि अपने गांव तथा पास पड़ोस में लोगों को जागरूक करके शत-प्रतिशत मतदान कराने का प्रयास करें।

नोडल शिवकरन ने कहा कि फार्म-6 उपलब्ध न होने तथा ऑफलाइन या ऑनलाइन फार्म भरने में किसी भी तरह की समस्या आने पर संपर्क करें समाधान किया जाएगा। अंत में प्रधानाचार्य मनोज कुमार मिश्र नें लोगों से प्रलोभन रहित शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। अपना अमूल्य समय निकालकर कार्यक्रम में आने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अभिभावकों प्रति आभार व्यक्त किया। संवाद



डुमरियागंज में धरना प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

# न्यायिक कार्यों से विरत रहे अधिवक्ता

डुमरियागंज। डुमरियागंज में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने लगातार चौथे दिन शुक्रवार को भी न्यायिक कार्यों से विरत रहकर और धरना देकर अपना विरोध जताया। बार एसोसिएशन डुमरियागंज के अध्यक्ष इंद्रमणि पांडे की अगुवाई में बार एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार की सुबह बार भवन में हुई। जिसमें इटवा में ग्राम न्यायालय के गठन का विरोध जताया गया तथा बांसी के एक अधिवक्ता के ऊपर प्राण घातक हमला होने के बाद आरोपितों की अभी तक गिरफ्तारी न होने पर समस्त न्यायिक कार्य से विरत रहे। वहीं अध्यक्ष की ओर से डुमरियागंज व त्रिलोकपुर थाने के क्षेत्राधिकार का मांग भी की गई है।अधिवक्ता कचहरी परिसर में प्रदर्शन करते हुए डुमरियागंज सिविल जज जूनियर डिवीजन के न्यायालय पहुंचे और ग्राम न्यायालय वापस करो के नारे लगाते हुए धरना दिया। इस दौरान विकास सिंह, रमन श्रीवास्तव, राजेश, मुनिश रिजवी, अशोक श्रीवास्तव, अवध विहारी सिंह मौजूद रहे। संवाद

# 25 बोरी चावल, 55 बोरी धान धान बरामद

लोटन। नेपाल सीमा के ठोठरी कस्बा के निकट एसएसबी जवानों ने 25 बोरी चावल, 55 बोरी धान के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया। इसके साथ ही 15 साइकिल बरामद कर कस्टम के हवाले कर दिया। कमांडेंट सुधीर घोष ने बताया कि कुछ लोगों के बड़ी मात्रा में धान, चावल साइकिल से नेपाल ले जाने की सूचना मिली। टीम ने मौके पर पहुंच कर सन्नी देओल व अखिलेश निवासी ठोठरी बाजार थाना लोटन को पकड़ लिया। अंधेरे का लाभ उठाकर अन्य साइकिल छोड़ कर भाग गए। एसएसबी ने कार्रवाई करते हुए धान, चावल व साइकिल को ककरहवा कस्टम को सुपुर्द कर दिया। संवाद

# घर से निकली किशोरी लापता

औराताल। पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। जिसका पता नहीं चल सका है। घर वाले किसी अनहोनी की आशंका से परेशान हैं। लड़की के भाई ने बताया कि उसकी बहन मोबाइल बनवाने के लिए घर से अमौना के लिए निकली थी। लेकिन लौट कर नहीं आई। इस संबंध में पथरा थाना में केस दर्ज हुआ है। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई पता नहीं चल सका। इस संबंध में थानाध्यक्ष भगवती पांडेय ने बताया कि केस दर्ज करके मामले की छानबीन की जा रही है। संवाद

# मुख्यमंत्री योगी से मिलने पहुंची महिला को पुलिस ने किया बाहर

**सिद्धार्थनगर।** सीएम योगी आदित्यनाथ बीएसए ग्राउंड से सभा को संबोधित कर रहे थे कि इसी बीच एक महिला हाथ में कागजात लिए मिलने दौड़ पड़ी। महिला को चिल्लाते हुए देखकर महिला पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़ लिया और बाहर कर दिया। उसका आरोप था कि उसकी जमीन कब्जा की जा रही है। लेकिन प्रशासन सुन नहीं रहा है।

बांसी कोतवाली क्षेत्र के बांसी निवासी शशिलता अग्रहरि ने बताया कि उसका बांसी कस्बे में पुश्तैनी मकान है। जिस पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। कोर्ट से आदेश होने के बाद भी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। प्रशासन कार्रवाई करने के बजाए उल्टा हमारे उपर कार्रवाई करता है। सीएम से मिलने के लिए पहुंची थी कि शिकायती पत्र दे देंगे।

कार्यक्रम स्थल पर घुसते ही जैसे शिकायती पत्र देने के लिए चली कि पुलिसकर्मी रोक लिए। चिल्लाते रहे, लेकिन किसी ने नहीं सुना और मिलने नहीं दिया। बल्कि महिला पुलिसकर्मी लेकर बाहर चली आई। हमारी कोई सुनने वाला नहीं है। यही कहते हुए महिला फफक कर रो पड़ी। संवाद



सीएम के संबोधन के दौरान महिला न्याय के लिए लगा रही थी गुहार। वीडियो स्क्रीनशॉट

## मुस्लिम महिलाएं भी कार्यक्रम में पहुंची

सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को सुनने के लिए हर वर्ग के लोग पहुंचे थे। सभा स्थल पर मुस्लिम महिलाएं भी पहुंची थीं। वह सीएम के संबोधन को इत्मीनान से सुनते हुए दिखीं। महिलाओं में उत्साह भी देखा गया।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# अशांति फैलाने वाले छह लोगों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में छह लोगों को पकड़कर अशांति फैलाने के आरोप में कानूनी कार्रवाई की। थाना दुधारा पुलिस ने दो, महुली तीन व थाना बखिरा पुलिस ने एक आरोपी को पकड़कर सभी वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया। संवाद

# दुष्कर्म व धमकी देने के मामले में केस दर्ज

## विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने महुली पुलिस को दिया आदेश

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट जैनुद्दीन अंसारी की कोर्ट ने पीड़िता के गले पर चाकू रखकर, घर में घुसकर दुष्कर्म करने व जानमाल की धमकी देने के आरोपी समेत परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ थानाध्यक्ष महुली को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

पीड़ित युवती के अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा व देवेश पाल उर्फ सोनू पाल ने बताया कि महुली थाना अंतर्गत ग्राम की रहने वाली पीड़िता ने कोर्ट में तहरीर दिया कि उसके पिता व भाई मजदूरी का कार्य करते हैं। मां भी मेहनत मजदूरी करती है। 27 नवंबर 2023 को आरोपी उसके घर आया कहा कि तुम्हारे पिता, भाई कहां हैं। उसने कहा कि वह मजदूरी करने गए हैं। आरोपी ने कहा कि घर में चलो

### विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने महुली पुलिस को दिया आदेश

तुम्हारे भाई की कुछ बात है। वह घर के अंदर गई तो पीछे से आरोपी भी घर के अंदर घुस गया और फाटक को बंद कर चाकू निकालकर गले पर रखकर दुष्कर्म किया। उसके छोटे-छोटे भाई दरवाजा पीटने लगे। किसी तरह दरवाजा खोला तो आरोपी चाकू लहराते हुए जान से मार डालने की धमकी देते हुए भाग गया।

उसने थाने में तहरीर दी लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट ने आरोपी और उसके परिवार समेत चार आरोपियों के विरुद्ध थाना महुली को केस दर्ज करने का आदेश दिया है। साथ ही तीन दिन में आख्या मांगी है।

## चार लोगों पर केस दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। सीजेएम अनिल कुमार ने घर में घुसकर मारने-पीटने के मामले में एक ही गांव के चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली खलीलाबाद को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।अधिवक्ता सूरज कुमार पांडेय ने बताया कि मंजू राय पत्नी हरिनारायण निवासी दुधरा कोतवाली खलीलाबाद ने कोर्ट में तहरीर दिया कि उसके गांव के ध्रुव चंद सिंह, दीपक राय उर्फ रामू, श्याम दुलारे और राघवेंद्र राय निवासी दुधरा थाना खलीलाबाद 26 अक्तूबर 2023 को शाम सात बजे उसके घर पर एक राय होकर आए। अपशब्द कहे। मना किया तो सभी आरोपी दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए व मारने-पीटने लगे। कोतवाली पर सूचना दिया तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसपी को रजिस्ट्री के जरिए सूचना दिया। वहां से भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। संवाद

# 46 हजार रुपये वसूले शमन शुल्क

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर-पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान ट्रैफ़िक नियम तोड़ने वाले 46 वाहन चालकों पर कार्रवाई की। इस दौरान सभी एसओ व प्रभारी यातायात की संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 46,000 रुपये जुर्माना वसूल किया। संवाद

## महिलाओं को सुरक्षा के लिए किया जागरूक

संतकबीरनगर। सभी थाना क्षेत्र में महिला बीट पुलिस अधिकारियों ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस ने गांव, कस्बे, स्कूल, कॉलेज, बस स्टैंड सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के लिए चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ शक्ति दीदी के रूप में जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया। साथ ही उन्हें कई हेल्पलाइन नंबरों को बताया। शासन की तरफ से चलाई जा रही सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए सुरक्षा के संबंध में सभी के बीच पंपलेट वितरित किया। संवाद

# आंबेडकर प्रतिमा विवाद : ग्रामीणों ने कलक्ट्रेट का किया घेराव

## काली मंदिर परिसर में प्रतिमा लगाने की मांग, एसडीएम को सौंपी जांच

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। कोतवाली क्षेत्र के रसूलाबाद में काली मंदिर परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा को हटाने के आदेश के बाद नाराज ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट का घेराव किया। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन देकर प्रतिमा उसी जगह रखने की मांग की है। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम सदर को सौंपी है।

रसूलाबाद के ग्रामीण शुक्रवार को बड़ी संख्या में कलक्ट्रेट पहुंच गए। इस दौरान नारेबाजी करने लगे। जब तक पुलिस ने उन्हें रोक पाती तब तक ग्रामीण कलक्ट्रेट परिसर में पहुंच गए। ग्रामीणों का आरोप था कि गांव में खलिहान की जमीन है।

गांव के लोग डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए हैं। जबकि एक व्यक्ति इसका विरोध कर रहा है। प्रतिमा हटाने के लिए दबाव देता है और गाली भी देता है। ग्रामीणों ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है।



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते रसूलाबाद गांव के लोग। संवाद

ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी एसडीएम के समक्ष भी गाली दे रहा था। इस दौरान डीएम ने ग्रामीणों की बात सुनीं और कहा कि बिना अनुमति के कही भी प्रतिमा स्थापित नहीं की जा सकती है। इसके लिए एसडीएम को नामित किया गया है। वह जांच करेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। इसके बाद ग्रामीण घर लौट गए। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मामले की जांच एसडीएम को दी गई है।

# श्रम विभाग ने दुकान का किया चालान तो भड़के व्यापारी, कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## दुकान के चालान के दौरान व्यापारियों पर लगाया मारपीट का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। शुक्रवार को शहर में साप्ताहिक बंदी थी। इधर श्रम विभाग के अधिकारी बंदी का पालन कराने के लिए दुकानों की चेकिंग कर रहे थे। बाईपास स्थित एक दुकान का आधा शटर खुला था। इस पर उन्होंने दुकान का चालान कर दिया। जिससे नाराज व्यापारी कलक्ट्रेट पहुंच गए और श्रम विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया। दूसरी तरफ श्रम विभाग ने व्यापारियों पर कार्यालय में घुसकर मारपीट व अभिलेखों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। डीएम ने मामले की जांच एसडीएम सदर को सौंपी है।

कलक्ट्रेट पहुंचे व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय ने कहा कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे श्रम परिवर्तन अधिकारी मनोज वर्मा अवैध वसूली के लिए बाईपास के पास आए थे। शुक्रवार बंदी होने के चलते सभी दुकानें बंद थी। कुछ व्यापारी आवासीय दुकानों में कार्य कर रहे थे। उसी समय श्रम परिवर्तन अधिकारी दुकानों का शटर जबरदस्ती उठाकर वीडियो रिकॉर्डिंग कर कुछ लिखित कार्रवाई करने लगे। विरोध के बाद गलत चालान कर दिए। व्यापारियों को दफ्तर आने के लिए कहे। कार्यालय जाने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किए। उन्होंने व्यापारियों के चालान को निरस्त करने की मांग की।

दूसरी तरफ श्रम परिवर्तन अधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी का निरीक्षण कर रहे थे। फोटो व वीडियो के साथ चालान की कार्रवाई की गई। बाईपास चौराहा स्थित एक प्रोविजन की दुकान के चालान के मामले में 25 से 30 लोग कार्यालय में आ गए। गाली देने लगे व मारपीट की। साथ ही कार्यालय के कर्मचारी का मोबाइल फोन छीनकर साक्ष्य मिटा दिया।

कार्यालय के अभिलेखों के साथ छेड़छाड़ की। श्रम परिवर्तन अधिकारी ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।



कलक्ट्रेट में डीएम से वार्ता करते व्यापार मंडल के अध्यक्ष सर्वदानंद पांडेय। संवाद

व्यापारी आए थे। श्रम परिवर्तन अधिकारी पर आरोप लगा रहे थे। वहीं श्रम परिवर्तन अधिकारी ने भी व्यापारियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। साथ ही अभिलेखों से छेड़छाड़ की बात कही है। मामले की जांच के लिए एसडीएम सदर को नामित किया गया हैं। जो जांच कर अपनी रिपोर्ट देंगे।

**-महेंद्र सिंह तंवर, डीएम**

# दो सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ हत्या का केस

धनघटा। गोरखपुर जनपद के खजनी क्षेत्र के भीटी खिरिया गांव निवासी एक महिला की तहरीर पर महुली क्षेत्र के डुमरिया गांव निवासी दो सगे भाइयों समेत चार लोगों के खिलाफ साजिश, हत्या और साक्ष्य मिटाने का केस महुली पुलिस ने दर्ज किया है। भीटी खिरिया गांव निवासी माया पांडेय पत्नी मार्कण्डेय पांडेय ने महुली थाने में दिए तहरीर में लिखा है कि सात मार्च को उनकी बहन शांति देवी पत्नी रमेश राय बस्ती न्यायालय में मुकदमे की पैरवी करने गई थीं। विपक्षी पौहारी शरण राय पुत्र परमात्मा राय, विकास व विनय पुत्र गण सुभाष चंद्र, जय प्रकाश राय पुत्र दयानंद राय निवासी डुमरिया थाना महुली साजिश कर उनकी बहन की हत्या कर दिए। हत्या को दुर्घटना दिखाकर सहजनवां क्षेत्र में बहन शांति देवी का शव फेंक दिए थे। पुलिस ने तहरीर पर डुमरिया गांव निवासी पौहारी शरण राय, विकास, विनय व जय प्रकाश राय के खिलाफ साजिश, हत्या व साक्ष्य मिटाने का केस दर्ज किया गया है। संवाद

# समूह के नाम पर गबन किए साढ़े पांच लाख

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस के सामने समूह के नाम पर 36 महिलाओं से 5,69,800 रुपये गबन करने का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने मामले में तीन आरोपी पर केस दर्जकर लिया। पीडितों के मुताबिक आरोपी अनीता देवी निवासी नेवासे थाना सहजनवां, अनीता के पति व गणेश साहनी निवासी सहजनवां जनपद गोरखपुर फर्जी संस्था के नाम से धोखाधड़ी करके खाता खोलवा दिए। मैच्योरिटी पूरा होने के बाद जब उन लोगों ने रकम मांगा तो देने से इन्कार कर दिए। जब उन लोगों ने रुपये वापस मिलने के लिए दबाव बनाया तो जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। संवाद

## पुलिस ने तीन आरोपी पर केस दर्ज किया

## घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट का आरोप, केस

संतकबीरनगर। मेंहदावल क्षेत्र के एक गांव में घर में घुसकर छेड़खानी व मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक पीड़िता ने बताया कि 11 मार्च की रात दस बजे वह बच्चों के साथ घर में सोई हुई थी। इसी बीच पड़ोसी दिलीप रात के समय आकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। जब वह चिल्लाई तो आरोपी उसको मारने-पीटने लगा। पति ने जब आरोपी को पकड़ना चाहा तो वह अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। संवाद

## आठ लोगों पर मारपीट व दहेज उत्पीड़न का केस

संतकबीरनगर। महिला थाना पुलिस ने शिकायत पर आठ लोगों पर मारपीट, धमकी व दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक सिद्धार्थनगर जनपद के खेसरहा क्षेत्र निवासी ऊषा देवी ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2021 में बखिरा क्षेत्र निवासी सोनू गुप्ता के साथ हुई थी। विवाह के कुछ दिन बाद ससुराली अंगूठी के लिए मार-पीट करते थे। पुलिस ने आरोपी सोनू गुप्ता, इंद्रावती, संजय, उर्मिला, सुनीता, जितेंद्र, मोनू व राहुल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत अन्य धारा में केस दर्ज किया है। संवाद

## चार लोगों पर मारपीट व धमकी का केस

संतकबीरनगर। दुधारा क्षेत्र के सिसवा पठान गांव में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक सिसवा पठान गांव निवासी योगेंद्र ने शिकायत में बताया कि 13 मार्च की शाम को पांच बजे घर में मौजूद नहीं था। इसी बीच उनके भतीजी रंगीता कुमारी को विपक्षी श्यामदेव, प्रिंस, रामदरस, सीता देवी दरवाजे पर आकर पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट की। संवाद

## दो पक्षों में नाली सफाई के लिए मारपीट, केस

संतकबीरनगर। दुधारा क्षेत्र के महुआरी गांव में नाली साफ-सफाई को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर मामले में एक आरोपी के खिलाफ केस दर्जकर लिया। पुलिस के अनुसार महुआरी गांव निवासी इंद्रावती देवी ने शिकायत में बताया कि 13 मार्च को दोपहर एक बजे नाली की साफ-सफाई की बात को लेकर विपक्षी पुल्लू यादव उनके दरवाजे पर आकर मारा-पीटा। पुलिस ने मामले में आरोपी पुल्लू यादव के खिलाफ केस दर्ज किया है। संवाद

## पुरानी रंजिश में मारपीट का आरोप, केस

संतकबीरनगर। दुधारा क्षेत्र के सेहुड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर चार आरोपियों पर केस दर्जकर लिया। पुलिस के मुताबिक सेहुड़ा गांव निवासी सतीश कुमार ने अपने शिकायत में बताया कि 13 मार्च को सुबह नौ बजे गल्ला तौलाने जा रहे थे। इसी बीच विपक्षी कालीचरण, राजा बाबू, जितेंद्र, प्रमोद के मकान के सामने ज्यों ही पहुंचे तो वह पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा। संवाद

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना धनघटा पुलिस के एसआई प्रमोद कुमार नायक के अगुवाई में क्षेत्र के औराड़ाड़ में मौजूद थे। इसी बीच कच्ची शराब के साथ एक आरोपी के बारे में जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस टीम ने मदरहिया से जिगिना जाने वाले मार्ग पर पुलिया के पास से एक संदिग्ध को पकड़ा। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान राहुल निवासी बारीडीहा के रुप में हुई। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। संवाद

# मारपीट में घायल दो महिलाओं को इलाज के लिए भेजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विवाद के वजह से हुए मारपीट के घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर घायल दो महिलाओं को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजवाया। थाना धनघटा क्षेत्र के छितौनी गांव से कॉलर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट की घटना होने से दो महिलाओं के घायल होने के संबंध में सूचना दिया। पुलिस कर्मियों ने घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर वहां चल रहे विवाद को शांत कराकर मारपीट में घायल हुई राधिका पत्नी स्वर्गीय विभूति व पूनम पुत्री मोहित को एम्बुलेंस की सहायता से इलाज के लिए सीएचसी मलौली भेजा। संवाद

# मार्ग दुर्घटना में घायल दो युवकों की हालत गंभीर

बेलहर। क्षेत्र के लोहरसन-टडवरियां मार्ग पर एक पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार को ठोकर मार दिया था। जिसमें दोनों युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिजनों की तहरीर पर बेलहर पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रेमचंद पुत्र राजाराम का आरोप है कि सोमवार की रात 10.30 बजे श्रीकांत पुत्र कृतचंद साथी भोनू पुत्र रामसेवक निवासी नगर पंचायत धर्मसिंहवा, गनवरिया से लोहरसन की तरफ जा रहे थे। अभी चौराहे के पास खड़े ही थे कि एक तेज गति से आ रही पिकअप ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों बुरी तरह घायल हो गए। बेलहर पुलिस की मदद से सीएचसी मेंहदावल पहुंचाया गया जहां से हालत गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। संवाद

# बूथ चेकिंग के दौरान थानाध्यक्ष बने अध्यापक

**मेंहदावल।** शुक्रवार को मेंहदावल थानाध्यक्ष क्षेत्र में स्थित बूथों के निरीक्षण में निकले। नगर में स्थित एक परिषदीय विद्यालय में पहुंचे तो वहां बूथ के संबंध में सूचना एकत्रित करने के बाद अध्यापक की भूमिका में आ गए। बच्चों के साथ संवाद स्थापित करने के साथ ही उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। थानाध्यक्ष मेंहदावल रामकृष्ण मिश्रा शुक्रवार को थाना क्षेत्र में स्थित बूथों के निरीक्षण में निकले। लोकसभा चुनाव को लेकर बूथो का सत्यापन करने के साथ ही मौजूद व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही नगर में स्थित कंपोजिट कन्या विद्यालय में सूचना एकत्रित करने के बाद अध्यापक की भूमिका में आ गए। कक्षा छह के छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए गणित तथा हिंदी के सवाल पूछे बच्चों ने जवाब भी दिए। फिर थानाध्यक्ष ने अध्यापक की भूमिका का निर्वहन करते हुए शिक्षा के महत्व को बच्चों के साथ साझा करते हुए उन्हें शिक्षा के प्रति मेहनत व लगन से मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित भी किया। संवाद

# एक वारंटी गिरफ्तार, गया जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दबिश देकर एक वारंटी को गिरफ्तार किया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस टीम ने जगह-जगह छापेमारी की। थाना बेलहरकला पुलिस ने वारंटी कन्हई पुत्र कोलई उर्फ वंशराज निवासी ग्राम पड़िया को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत करके जेल रवाना कर दिया। संवाद

**डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति हटाने के आदेश पर रोष**

# ग्रामवासियों ने किया प्रदर्शन

संतकबीरनगर/मगहर (एसएनबी)। खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद में काली मंदिर परिसर में बिना अनुमति लिये डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा के स्थापित करने से के मामले को प्रशासन ने संज्ञान में लिया। एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में राजस्व एवं प्रशासनिक टीम मगहर पुलिस चौकी पर ग्राम प्रधान सहित गांव के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक हुई। जिसमें एसडीएम ने डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा तत्काल हटाने को कहा था। जिस पर नाराज ग्रामवासियों ने कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर प्रदर्शन किया। ग्रामवासियों का आरोप है कि कुछ लोगों ने अपशब्द कहते हुए मुकदमें में फंसाने की धमकी दी गई। जिससे समाज के लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

ज्ञात हो कि ग्राम रसूलाबाद में दलित बस्ती के निकट खलिहान की भूमि में प्राचीन काली मंदिर स्थापित है। उसी परिसर गांव के दलित बस्ती के लोगों द्वारा डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दिया गया। इसे लेकर लोगों में विरोध की चर्चा हो रही थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन के निर्देश पर गुरुवार को एसडीएम सदर शैलेश दूबे के नेतृत्व में तहसीलदार सदर जनार्दन मौर्या, नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा के राजस्व की टीम के साथ कोतवाली निरीक्षक अपने हमराहियों के साथ मगहर चौकी पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने ग्राम प्रधानपति अनिल यादव के अलावा गांव के दलित बस्ती के लोगों सहित ग्रामीण को बुलवाया। सार्वजनिक स्थान पर डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा प्रकरण के निस्तारण के लिए बातचीत किया गया। उसके बाद अंत में एसडीएम ने कहा कि किसी भी दशा में बिना अनुमति के मूर्ति नहीं लगनी चाहिए और यदि लगाई गई है तो तत्काल उसे हटा लें। एसडीएम ने ग्राम पंचायत रसूलाबाद में खलिहान की भूमि पर बिना अनुमति के डॉ. अम्बेडकर की मूर्ति लगाने के विवाद की जांच करने के लिए मगहर चौकी पर पहुंचे। जहां पर दो पक्षों को बुलाया और जानकारी हासिल की और मौजूद लोगों को स्पष्ट रूप से सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति के कोई निर्माण अथवा प्रतिमा को स्थापित नहीं किया जा सकता है। इसलिए बिना तत्काल मूर्ति को वहां से हटा दिया जाय। प्रदर्शन करने वालों में अजीत कुमार, सीताराम, अंकित, सम्पत, अशोक कुमार, मनीष, सरिता कुमारी, शीला, रामलाल, संध्या, विन्द्रावती, रामानंद, मुकेश कुमार, सतीश कुमार, खुश्बू, हेमलता, बैजनाथ, चाँदनी, शांति देवी, सुमन, निर्मला सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी शामिल रहे।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते रसूलाबाद के ग्रामवासी। फोटो : एसएनबी

# अर्द्धसैनिक बलों के साथ पुलिस ने किया पैदल मार्च

**महुली थाना क्षेत्र के महुली, नाथनगर, हरिहरपुर, मुखलिसपुर, कालीजगदीशपुर व मैनसिर आदि कस्बों में पैदल मार्च कर से संवाद कर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने की प्रशासन ने की अपील**

नाथनगर (एसएनबी)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए तहसील प्रशासन ने शुक्रवार को महुली पुलिस और अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ महुली थाना क्षेत्र के विभिन्न कस्बों-बाजारों में पैदल मार्च किया।

इस दौरान पैदल मार्च में शामिल एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव तथा प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने कस्बावासियों से संवाद करते हुए लोकसभा चुनाव को सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन का सहयोग करने की अपील की साथ ही शान्ति व्यवस्था में खलल पैदा करने की कोशिश करने वाले अराजकतत्वों को कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। लोकसभा चुनाव को समीप देख क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के मकसद से पैदल मार्च में शामिल होने के लिए शुक्रवार को थानान्तर्गत संचालित काली जगदीशपुर, मुखलिसपुर, मोलनापुर, हरिहरपुर व शनिचरा बाबू पुलिस चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक तथा पुलिस चौकी पर तैनात सभी पुलिसकर्मी बावर्दी सुबह ही महुली थाने पहुंच गए। उसके बाद एसडीएम धनघटा उत्कर्ष श्रीवास्तव और प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह के साथ भारी पुलिस बल और अर्द्धसैनिक बल के जवानों का काफिला थाने से निकला।



प्रशासनिक अधिकारियों के नेतृत्व में पैदल मार्च करते पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवान।

सर्वप्रथम महुली कस्बे के सभी गली-कूचों में पैदल मार्च करते हुए प्रशासन ने सभी को सुरक्षा का एहसास कराया साथ ही जगह-जगह रुक कर कस्बावासियों से संवाद कर सकुशल और शान्तिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उसके बाद प्रशासन के साथ पुलिसकर्मियों और अर्द्धसैनिक बल के जवानों का काफिला बारी-बारी से थाना क्षेत्र के नगर पंचायत हरिहरपुर, नाथनगर, मुखलिसपुर, काली जगदीशपुर और मैनसिर कस्बे में भी पहुंचा जहां कस्बे के सभी गली-कूचों में पैदल मार्च कर प्रशासन ने कस्बावासियों से संवाद करते हुए लोकसभा चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील प्रशासन ने की है। इस दौरान पैदल मार्च में एसडीएम धनघटा और प्रभारी निरीक्षक महुली के अलावा उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र मिश्र, हरिकेश भारती, पवन शुक्ला, सोमनाथ मिश्रा, राजेश गुप्त सहित थाने और पुलिस चौकी के सभी पुलिसकर्मी और अर्द्धसैनिक बल के जवान मौजूद रहे।

# चार के विरूद्ध हत्या का केस दर्ज

नाथनगर (एसएनबी)। महुली थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी वृद्ध महिला शान्ति देवी की हत्या कर उनकी लाश को सहजनवां थाना क्षेत्र में फेंक कर घटना को दुर्घटना साबित करने के मामले में महुली पुलिस ने शुक्रवार को मृत महिला के 4 पट्टीदारों के विरूद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियों की तलाश सरगर्मी से शुरू कर दी है।

विदित हो कि बीते 7 मार्च को थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी 60 वर्षीय शान्ति देवी जमीनी विवाद को लेकर बस्ती न्यायालय में चल रहे मुकदमे की तारीख देखने बस्ती गई थी। तारीख देखने के बाद उसने अपनी बहन गोरखपुर जिले के खजनी थानान्तर्गत भीटी खिरिया गांव निवासी माया पांडेय पत्नी मारकण्डेय को फोन कर चार पहिया वाहन में सवार होकर घर आने की जानकारी दी थी लेकिन घर न पहुंचने पर अगले दिन 8 मार्च को बहन माया पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर शान्ति देवी की खोजबीन शुरू कर दी थी। उसी बीच 8 मार्च को ही सहजनवां थाना क्षेत्र में एक वृद्ध महिला की लावारिश हाल में लाश बरामद हुई जिसकी पहचान परिजनों ने महुली थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी शान्ति देवी पत्नी स्व. रमेश कुमार के तौर पर की थी। उसके बाद मृतका शान्ति देवी की बहन माया पांडेय ने मृतका के पट्टीदार महुली थाना क्षेत्र के डोहरिया गांव निवासी पौहरीशरण राय पुत्र परमात्मा राय, विकास राय व विनय राय पुत्रगण सुबाष राय तथा जयप्रकाश राय पुत्र दयानन्द राय के उपर साजिश कर बहन शान्ति देवी की हत्या करने के बाद उसे दुर्घटना साबित करने की नियति से सहजनवां थाना क्षेत्र में शव को लावारिश हाल में फेंक देने का आरोप लगाते हुए महुली पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र देकर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की जिसके आधार पर पुलिस ने उक्त चारो के विरूद्ध आईपीसी की धारा 302, 201 तथा 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।

प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# वारण्टी गिरफ्तार

बेलहर। बेलहर पुलिस द्वारा वारण्टी कन्हई पुत्र कोलई उर्फ वंशराज निवासी ग्राम पड़िया थाना बेलहर कला को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप नि. अजीत सिंह, हेकां. राघवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# सीएए लागू होने के बाद प्रशासन मुस्तैद

## भारी सुरक्षा के बीच मस्जिदों में पढ़ी गयी जुमे की नमाज

धनघटा (एसएनबी)। सीएए कानून लागू होने के बाद शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से स्थानीय प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान तहसील क्षेत्र के धनघटा और महुली थाना क्षेत्र के सभी मस्जिदों पर भारी सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी। क्षेत्र के सभी छोटे-बड़े मस्जिदों पर भारी पुलिसबल जुमे की नमाज के दौरान मुस्तैद रहे। विदित हो कि देश में सीएए कानून लागू होने के बाद पूरे प्रदेश में सरकार ने हाई एलर्ट घोषित कर प्रशासन को पूरी मुस्तैदी के साथ शान्ति व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया है। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के तहत शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही।

धनघटा थाना क्षेत्र में संवेदनशील गांवों में शुमार हैंसर बाजार में प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार खुद भारी पुलिसबल के साथ हैंसर बाजार में पहले पैदल मार्च किया और जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के सामने मुस्तैद रहे। नमाज अदाकर जब सभी नमाजी अपने-अपने घरों की तरफ रवाना हो गए तब जाकर पुलिसबल मौके से रवाना हुआ।

> क्षेत्र के सभी प्रमुख मस्जिदों समेत छोटी-बड़ी सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज के दौरान मुस्तैद रहे पुलिसकर्मी
>
> धनघटा क्षेत्र के हैंसर बाजार, पौली, दुलहापार, नेतवापुर, महुली, मानपुर और छितहीं आदि गांवों की मस्जिदों पर रहीं भारी पुलिसबल की तैनाती

इसी प्रकार थाना क्षेत्र के पौली, नेतवापुर, नावन, करमा, दुलहापार, रामपुर-बारहकोनी और बण्डा बाजार में जुमे की नमाज के दौरान पुलिसबल की तैनाती की गई थी तो वहीं थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थित मस्जिदों पर भी पुलिसबल जुमे की नमाज के दौरान तैनात रहे। इसी प्रकार महुली थाना क्षेत्र के महुली, छितही, मानपुर, मड़हाराजा, नाथनगर, दोकड़ा व मुखलिसपुर में भी जुमे की नमाज के दौरान पुलिसबल तैनात रहे। प्रभारी निरीक्षक महुली सतीश कुमार सिंह भारी पुलिसबल के साथ जुमे की नमाज के दौरान थाना क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों का भ्रमण करते हुए शान्ति व्यवस्था की पल-पल की जानकारी करने में जुटे रहे।

# पिता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

बखिरा : बखिरा पुलिस ने हमला करने के मामले शुक्रवार को तरकुलवा गांव महंगू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शोभा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि गुरुवार की रात उसके पिता शराब पीकर घर आए व दरवाजे के पास बैठी उसकी मां ऊषा को मारपीटकर घायल कर दिए।

# गैर इरादतन हत्या के प्रयास के अभियुक्त को कारावास

जासं, संतकबीर नगर : कोर्ट ने गैर इरादतन हत्या प्रयास, मारने-पीटने आदि धारा में दर्ज मुकदमे के एक अभियुक्त को पांच वर्ष दो माह की कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। इसे जमा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी, जबकि कोर्ट में सुनवाई के दौरान इस अभियुक्त के परिवार के दो सदस्य दोषमुक्त किए गए।

दुधारा थाना के केकरहो गांव निवासी सुग्रीव के विरुद्ध वर्ष 2018 में हत्या का प्रयास, मारने-पीटने सहित अन्य धारा में मुकामी थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। संयुक्त निदेशक अभियोजन व मानीटरिंग सेल संयुक्त रूप से पैरवी कर रहे थे। यह मामला एएसजे-प्रथम कोर्ट में विचाराधीन था। कोर्ट ने हत्या के प्रयास के मामले में पांच वर्ष दो माह का कारावास व 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त द्वारा जेल में काटी गई सजा की अवधि इसमें समायोजित की जाएगी।

सुनवाई के दौरान अभियुक्त की मां व पिंकी उर्फ पिंका को इस मामले में दोषमुक्त किया गया। इन्हें एक सीआरपीसी की धारा के अनुपालन में 20 हजार रुपये बंधपत्र निर्णय तिथि के एक सप्ताह के अंदर न्यायालय में प्रस्तुत करने का आदेश पारित किया गया है।

# अब तक दस संदिग्धों से पुलिस कर चुकी है पूछताछ

**नंदिनी हत्याकांड** : मृतक की मोबाइल के काल डिटेल से हत्यारों तक पहुंचने की कोशिश कर रही पुलिस

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर: सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव नंदिनी राजभर की हत्या की गुत्थी सुलझाने में अब तक पुलिस नाकाम है। भूमि विवाद में हुई इस हत्या को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इस घटना के बाद पांच दिन में पुलिस ने करीब दस संदिग्धों को उठाया है। उनसे बातचीत की, लेकिन हत्या की प्रमुख वजह क्या है, इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं? इसका पता नहीं लगा पाई है। हत्या के एक नामजद आरोपित आनंद यादव को पुलिस अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने डीघा निवासी पति अच्छेलाल राजभर की तहरीर पर श्रवण यादव, उसके भाई ध्रुव यादव, पन्नेलाल यादव, निर्मता, प्रापर्टी डीलर आनंद यादव आदि पांच लोगों के विरुद्ध हत्या, षडयंत्र रचने आदि धारा में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इसमें से आनंद यादव को छोड़कर शेष चार आरोपितों को गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। पुलिस की टीम आनंद यादव को गिरफ्तार करने में जुटी है। इन सबके बीच पुलिस संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस भूमि विवाद के अलावा अन्य बिंदुओं पर भी जांच कर रही है। पुलिस टीम मृतक नंदिनी की काल डिटेल को भी खंगाल रही है। इसके जरिये हत्यारों तक पहुंचने की कोशिश में लगी है। मृतक की डायरी अभी तक बरामद नहीं हो सकी है। सीओ ब्रजेश सिंह ने कहा कि जांच चल रही है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## नंदिनी के स्वजन से मिले सदर विधायक, दिया आश्वासन



खलीलाबाद के डीघा मे मृतक के स्वजन से बात करते विधायक अंकुर राज तिवारी ० जागरण

जासं, संतकबीर नगर: सदर विधायक अंकुर राज तिवारी शुक्रवार को खलीलाबाद के डीघा में पहुंचे। सुभासपा नेत्री नंदनी राजभर के हत्या पर दुख जताया। स्वजन से मिलकर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि हत्यारे चाहे कहीं हो, शीघ्र ही पुलिस उन्हें ढूंढ निकालेगी। हत्यारे चाहे जितनी ताकत लगा लें, लेकिन वह बच नहीं पाएंगे। उन्हें मैं निश्चित ही कड़ी सजा दिलवाकर रहूंगा, जिससे कभी भी कोई इस तरह की घटना को अंजाम देने से पहले कई बार सोचे। उन्होंने कहा कि इसमें कोई भी बेगुनाह न फंसे, इसके लिए पुलिस के अधिकारियों से उन्होंने बात की है। सदर विधायक ने कहा कि नंदनी राजभर की निर्मम हत्या की जितनी भी निंदा की वह जाए, कम ही होगी। क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। हमारी कहीं भी अगर जरूरत पड़े तो तैयार हूं। मृतका के स्वजन विधायक को देखते ही उन्हें लिपटकर रोने लगे और हत्यारों को सजा दिलवाने एवं उनके घरों पर बुलडोजर चलवाने की मांग की। इस मौके पर एसडीएम शैलेश दूबे, भाजपा नगर अध्यक्ष सतविंदर पाल सिंह जज्जी, मुरलीधर जायसवाल, सभासद बैजनाथ चौरसिया, पंकज मिश्र, धर्मेंद्र चौरसिया, रुद्रनाथ मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# सगे भाइयों समेत चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा

**नाथनगर।** सहजनवां थाना क्षेत्र के मांडर सुरगहना बंधे पर पिछले शुक्रवार को वृद्धा का शव सन्दिग्ध परिस्थितियों पर पड़ा मिला था। जिसकी पहचान महुली क्षेत्र के सांखी निवासी शान्ति देवी के रूप में हुई थी। इस मामले में शुक्रवार को मृतका की बहन की तहरीर पर पुलिस ने डुमरिया निवासी आरोपी पौहाड़ी शरण राय पुत्र परमात्मा राय, विकास, विनय पुत्रगण सुभाष चन्द्र, जय प्रकाश राय पुत्र दया नन्द राय निवासी डुमरिया के खिलाफ धारा 302, 201 व 120 बी की धाराओ में मुकदमा दर्ज किया है।

## फरार चल रहे वारंटी को दबोचा, भेजा जेल

**संतकबीर नगर :** बेलहरकला पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी पड़रिया गांव निवासी कन्हई को शुक्रवार को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि वारंट जारी होने के बाद भी वह कोर्ट में पेश नहीं हो रहा था। सूचना मिलने पर वह मुख्य आरक्षी राघवेंद्र सिंह के साथ दबिश दिए।

## शांतिभंग की आशंका में छह लोग पकड़े गए

**संतकबीर नगर :** शांतिभंग की आशंका में पुलिस ने शुक्रवार को छह लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। उनसे विवाद के बारे में पूछताछ की। इसमें दुधारा पुलिस ने दो, महुली पुलिस ने तीन व बखिरा पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा है। ये लोग रंजिश को लेकर मारपीट करने पर उतारू थे।

## 46 वाहनों से वसूले 46 हजार रुपये समन शुल्क

**संतकबीर नगर :** विभिन्न थानों की पुलिस व यातायात पुलिस कर्मियों ने शुक्रवार को सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। मांगने पर ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 46 वाहनों से 46 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की।

# दूसरे की जगह परीक्षा देने वाले की जमानत अर्जी रद्द

## पुलिस भर्ती

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे के नाम पर परीक्षा देने के आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश रमेश दूबे की कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोपी सौरभ शर्मा पर दो लाख रुपए के बदले में परीक्षार्थी संजय के स्थान पर बैठकर परीक्षा देने का आरोप लगाया गया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता विशाल श्रीवास्तव एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी विवेक प्रताप सिंह ने बताया कि प्रकरण में रीना तिवारी केंद्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्य सत्यब्रत शर्मा जनक दुलारी इंटर कालेज भुजैनी ने अभियोग पंजीकृत कराया है। उनका आरोप है कि लखनऊ परीक्षा कण्ट्रोल रूम से सूचना दी गई कि संजय कुमार पुत्र रमाशंकर निवासी ग्राम भरपुरवा थाना कोतवाली खलीलाबाद के स्थान पर सौरभ शर्मा पुत्र उमेश कुमार शर्मा ग्राम खैरा थाना हवेली खड़गपुर जनपद मुंगेर बिहार परीक्षा दे रहा है। उक्त अभ्यर्थी का हस्ताक्षर, फोटो, आधार कार्ड का मिलान किया गया तथा बायोमैट्रिक टीम द्वारा जांच कराया गया। जो मैच नहीं किया।

सौरभ ने बताया कि राजीव पुत्र अज्ञात ग्राम रमनकाबाद थाना हवेली खड़गपुर जनपद मुंगेर बिहार ने कहा कि वह उसे दो लाख रुपया देगा। उसे संजय के बदले परीक्षा देनी है। तीन हजार रुपए उसके फोन पर 17 फरवरी 2024 को भेज दिया गया था। वह हाजीपुर से ट्रेन से खलीलाबाद आया था और संजय को फोन कर बुलाया था। संजय कुमार ही उसे बाइक पर बैठाकर भुजैनी केंद्र पर ले गया था।

आरोपी सौरभ शर्मा के जमानत प्रार्थना पत्र अभियोजन के अधिवक्तागण ने पुरजोर विरोध किया।

# निर्माणाधीन ट्रैफिक कार्यालय का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। रिजर्व पुलिस लाइन में निर्माणाधीन ट्रैफिक कार्यालय भवन का शुक्रवार को एसपी ने आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने व गुणवत्ता में कमी न आने की कार्यदाई संस्था को चेतावनी दी। इस दौरान क्षेत्राधिकारी राघवेन्द्र सिंह राठौर, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, टीएसआई, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव अन्य मौजूद रहे।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण

संतकबीरनगर। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्त ने शुक्रवार को रिज़र्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल भी कराई गई। एसपी ने पुलिस लाइन्स परिसर में मेस, गणना कार्यालय, बैरक, डायल 112 आदि का निरीक्षण किया।

# एंगल बरामद, तीन को पुलिस ने पकड़ा

चुरेब। कोतवाली खलीलाबाद के कांटे पुलिस चौकी अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चुरेब से चोरी हुआ लोहे का एंगल पुलिस ने बरामद कर लिया है। साथ ही तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एएनएम शीला खरवार ने बताया कि उनके सरकारी आवास का ताला तोड़कर डेढ़ वर्ष पूर्व करीब ढाई लाख के जेवर सहित 50 हजार रुपए नगद की चोरी हो चुकी है। खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही थी।

# शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई नमाज, अमन की दुआ

- मस्जिदों की चाक-चौबंद रही सुरक्षा
- पुलिस अधिकारी लेते रहे सुरक्षा का जायजा

**संतकबीरनगर, हिन्दुस्तान टीम।** रमजान माह के पहले जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट रहा। मस्जिदों की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। हर मस्जिद पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नमाज के दौरान पुलिस कर्मी तैनात रहे। सभी जगह जुमे की नमाज शांतिपूर्वक अदा की गई। सभी जगह नमाज पढ़ने के बाद देश में अमन-चैन की दुआ मांगी।

खलीलाबाद शहर की सभी मस्जिदों पर नमाज के दौरान पुलिस कर्मी तैनात रहे। पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। हर जगह शांति पूर्वक नमाज अदा की गई।

**धनघटा के अनुसार:** धनघटा तहसील क्षेत्र के उमरिया बाजार, नावन कर्मा, हैंसर बाजार, दूलहापार, नेतवापुर, पौली सहित दर्जनों स्थानों पर रमजान के पहले जुमे की नमाज पुलिस कर्मियों की सुरक्षा के बीच अदा की गई। जुमे की नमाज के दौरान थाना अध्यक्ष अनिल कुमार अपने पूरे दल बल के साथ मस्जिदों की निगरानी व उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

**मेंहदावल संवाद के अनुसार:** नागरिकता कानून संशोधन लागू होने के बाद से शासन से जारी निर्देश पर पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। शुक्रवार को जुमे की नमाज को लेकर पुलिस पूरे क्षेत्र में सतर्क रही। सभी मस्जिदों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती के बीच नमाज अदा की गई।

**धर्मसिंहवा संवाद के अनुसार:** सीएए लागू होने के साथ ही रमजान माह के पहले जुमा को लेकर धर्मसिंहवा क्षेत्र और स्थानीय कस्बे के मुख्य मस्जिदों के आसपास पुलिस कर्मियों की तैनात रही। थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा इन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के धर्मसिहवा, शिकरी, मेहदूपार, बौरव्यास आदि गांवों के मस्जिदों में जुमा के दिन स्थानीय पुलिस तैनात रही। इसके अलावा मगहर, सेमरियावां, बखिरा, नाथनगर, महुली आदि क्षेत्रों में नमाज के दौरान पुलिस तैनात रहे।

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# चार सगे भाइयों पर दर्ज किया गैंगरेप का केस

नवाबगंज, संवाददाता। न्यायालय के आदेश पर चार सगे भाइयों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा पुलिस ने शुक्रवार को दर्ज किया गया।

थाना क्षेत्र के एक गांव रहने वाली युवती ने दर्ज कराए गए मुकदमे में बताया कि बीते चार जनवरी 2024 के शाम घर से खेत की तरफ शौंच के लिए जा रही थी। रास्ते के किनारे पहले से मौजूद गांव के राम केश, दीपू, सकराम तथा सुनील ने उसे दबोच लिया और बारी - बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज किया गया है।

## नाबालिग संग दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

मनकापुर । नाबालिग को भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। एक नाबालिग को आरोपी मंगल गिरि बहला फुसला कर भगा ले गया। पीडित परिवार ने तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। पुलिस ने बालिका को बरामद कर उसका बयान दर्ज किया तथा न्यायालय में भी नाबालिग का बयान कराया। इसके बाद मंगल गिरि पुत्र विष्णु गिरि निवासी पूरे देवनाथ अशरफपुर थाना मनकापुर गिरफ्तार हो गए।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोंडा :** नगर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित लोहराजोत गिर्द गोंडा निवासी मोनू उर्फ मुकद्दर को गिरफ्तार किया है। बृजेश गिरि की भी गिरफ्तारी की गई है। वहीं, उमरीबेगमगंज पुलिस ने युवती के आरोपित संजय कुमार निवासी टेढ़्ही माझा को गिरफ्तार किया है। (संसू)

# युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**शिवदयालगंज :** नवाबगंज के एक गांव की युवती ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि चार जनवरी को शौंच जा रही थी। चार लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि न्यायालय के आदेश पर चारों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा किया गया है। (संसू)

# सीएए लागू होने के बाद जुमे की नमाज पर सक्रिय रही पुलिस



जुमे की नमाज को लेकर नगर में रूट मार्च करते एसपी विनीत जायसवाल ● जागरण

**संसू, गोंडा:** केंद्र सरकार के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी करने के बाद जुमे की पहली नमाज पर पुलिस चौकस रही। मुहल्लों से गांव तक पुलिस कर्मी सक्रिय रहे। एसपी विनीत जायसवाल पुलिस कर्मियों के साथ नगर में भ्रमणशील रहे। उपद्रवियों पर नजर रखी जा रही थी। इंटरनेट मीडिया पर भी पुलिस की नजर रही, जिससे कि शांति व्यवस्था बनी रहे।

जुमे की नमाज को लेकर सुबह से ही पुलिस सक्रिय रही। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में पुलिस अधिकारी भ्रमण करते रहे। सुबह ही मस्जिदों के पास पुलिस बल तैनात किया गया था। दंगा निरोधक दस्ते को भी सतर्क किया गया था, जिससे कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में तत्काल निपटा जा सके। प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षों को गड़बड़ी की आशंका पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा खुफिया तंत्र को लगातार इनपुट जुटाने और उसे साझा करते रहने का निर्देश दिया गया था। नागरिकता संशोधन कानून के समर्थन या विरोध में प्रस्तावित किसी भी कार्यक्रम को अनुमति देने पर रोक थी। नमाज शांतिपूर्ण संपन्न होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कहा कि नगर में अर्ध सैनिक बल व पुलिस के साथ रूट मार्च किया गया। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# चार भाइयों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस

## अदालत के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

**नवाबगंज (गोंडा)।** अदालत के आदेश पर चार सगे भाइयों के खिलाफ थाना नवाबगंज में सामूहिक दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने अदालत के आदेश पर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि बीते चार जनवरी की शाम घर से खेत की तरफ नित्य क्रिया के लिए जा रही थी।

पहले से मौजूद गांव के रामकेश और उसके भाई दीपू, सकराम तथा सुनील ने उसे दबोच लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। उसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि अदालत के आदेश पर चार सगे भाइयों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी का केस दर्ज किया है।

## मारपीट में आठ के खिलाफ केस

**इटियाथोक (गोंडा)।** मारपीट के आरोप में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम रमगढ़िया के आकाश ने आरोप लगाया है कि गांव के ही शिवदत्त, सुरेंद्र व योगेश ने पुरानी रंजिश के कारण मारपीट की। मारपीट के दौरान सभी ने सिर बाल उखाड़ लिए।

आरोप है कि बचाने के लिए आई मां को भी जान से मारने की धमकी दी। ग्राम दरियापुर हरदोपट्टी के अखिलेश कुमार ने आरोप लगाया है कि न्यायालय में गांव के ही राम बहादुर से मुकदमा चल रहा है।

राम बहादुर ने मुकदमे में पैरवी करने से नाराज होकर लाठी-डंडे से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उधर ग्राम भटपुरवा के राकेश कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव के ही सहज राम, बच्चा राम, राम विलास, मनोज कुमार ने भूमि विवाद को लेकर लाठी डंडे से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान सिर में काफी चोटें आईं। पुलिस ने मारपीट के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की है। (संवाद)

# जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली पुलिस ने जालेवा हमले के आरोपी बृजेश गिरी पुत्र ईश्वरदीन गिरी को गंगापुर गोसाईपुरवा नहर के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया राम महेश गिरि पुत्र द्वारिका गिरि तहरीर दी गयी थी कि प्रधान नरेन्द्र कुमार गिरि की छत पड़ रही थी, आरोपी द्वारा अपने परिजनों के साथ मिलकर बिना किसी कारण के अभद्रता करते हुए लाठी डण्डों से मारा-पीटा था। इस घटना में कईयों को चोटें आई थीं।

# विवाहिता की हत्या के आरोपियों की बाराबंकी में तलाश

संवाद न्यूज एजेंसी

परसपुर (गोंडा)। परसपुर थाना क्षेत्र के बहुवन मदार मांझा रामपाल पुरवा की रहने वाली विवाहिता कोमल सिंह की हत्या कर शव को बाराबंकी के सरयू नदी में फेकने के आरोपियों की तलाश में पुलिस बाराबंकी के सरयू तीरे मांझा के गांवों में तलाश करेगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने सुरागरसी की तो आरोपियों के वहां छिपे होने का सुराग मिला है।

थाना तरबगंज क्षेत्र के रांगी निवासी कौशल कुमार सिंह की पुत्री कोमल सिंह (23) पत्नी हरिकेश सिंह निवासी बहुवन मदार मांझा रामपाल पुरवा थाना परसपुर की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद ससुराल वालों ने शव को बाराबंकी जिले के बांसगांव और नए गांव के पास सरयू नदी में फेक दिया था।

पुलिस ने बृहस्पतिवार को सरयू नदी में गोताखोरों को उतारकर शव की तलाश कराई। शव मिलने के बाद पुलिस ने कौशल कुमार सिंह की तहरीर पर पति हरिकेश, रामकेवल, दशरथ, पवन कुमार की पत्नी, देवर कल्लू सिंह व नैतिक सिंह के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी।

आरोपियों की तलाश में पुलिस ने परसपुर थाना क्षेत्र के संभावित ठिकानों पर दबिश दी। मगर आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लगे। पुलिस को आरोपियों के बाराबंकी के सरयू तीरे मांझा के गांवों में छिपे होने का सुराग मिला है। पुलिस टीम आरोपियों को बाराबंकी के मांझा के गांवों में तलाश रही है।

## किशोरी को अगवा करने का आरोपी गिरफ्तार

मनकापुर(गोंडा)। कोतवाली मनकापुर के प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को आरोपी मंगल गिरि निवासी ग्राम पूरेदेवनाथ 11 मार्च को अगवा कर ले गया था। शुक्रवार को किशोरी को तलाश निकाला गया। आरोपी मंगल गिरि को सम्मय माता मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है। (संवाद)

# सगे संबंधियों से भी न शेयर करें ओटीपी : एसपी



- पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने लोगों को साइबर अपराध को लेकर जागरूक किया। एसपी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आप ओटीपी या बैंक खाते से संबंधी कोई जानकारी न दें चाहे वह आपका सगा संबंधी ही क्यों न हो। किसी भी लुभावने ऑफर को लेकर भेजे गए लिंक पर अपनी जानकारी शेयर करें।

# एसपी ने ग्राहक को सौंपी बाइक की चाभी, खूब हुई खरीदारी



गोंडा। अमर उजाला के गांव महोत्सव में लगे स्टॉलों पर भीड़ उमड़ पड़ी। महोत्सव में आये विभिन्न उत्पादों की खरीदारी की। हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड की ओर से बाइक की बिक्री की गई, जिसकी चाभी एसपी ने ग्राहक को सौंपी। पावर्ड बाइ डावर कूल किंग आयुर्वेदिक ठंडा तेल की ओर से लोगों की चम्पी की गई। टाटा टिस्कॉन की ओर से उपहार बांटा गया। रॉयल इनफील्ड स्टाइल एंड पैशन, अंशुमान बजाज, जेएसएस हांडा, आर्यन टीवीएस की ओर से टेस्ट ड्राइव की सुविधा दी गई। पंडित जमुना प्रसाद कॉलेज ऑफ फार्मेसी की ओर से विभिन्न चिकित्सा कोर्सेज की जानकारी दी गई।

प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक व जीवन समृद्धि निधि की ओर से लोन आदि जानकारी दी गई। आरवी राव मेमोरियल मल्टी स्पेशलटी हॉस्पिटल व नारायण हॉस्पिटल एंड कैंसर रिसर्च सेंटर के कैंप में मुफ्त चिकित्सीय परामर्श मिला। मेरा स्वराज जय सांई ट्रैक्टर्स की ओर से ट्रैक्टर व जेएसएस खालसा की ओर से ई-रिक्शा खरीद से संबंधी ऑफर की जानकारी दी गई। पराग के उत्पादों को खूब पसंद किया। साइकिल प्योर अगरबत्ती, सिद्धी इंटरप्राइजेज, यूटीएल सोलर आदर्श आटो एजेंसी, बलरामपुर चीनी मिल लिमटेड मैजापुर यूनिट, एसएमएम इंन्फ्राटेक प्रालि, प्रभात आयुर्वेद, डॉक विभाग आदि संस्थाओं के स्टॉल पर लोगों ने घूम घूमकर उनके विशेष उत्पादों की जानकारी ली और खरीदारी की। (संवाद)

# पैरामिलिट्री संग एसपी ने रूट मार्च कर करवाया सुरक्षा का अहसास

संवाद न्यूज एजेंसी

## नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने पर पुलिस हुई सतर्क

गोंडा। पुलिस अधीक्षक वनीत जायसवाल ने नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू होने पर सतर्कता के मद्देनजर शहर के गली मोहल्ला में पैरामिलिट्री संग रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया।

नागरिक संशोधन अधिनियम, लोकसभा चुनाव की तैयारी, होली व रमजान माह को लेकर शांति व्यवस्था के मद्देनजर पैरामिलिट्री संग एसपी ने कोतवाली नगर से गुरुनानक चौक, गुड्डूमल चौराहा, उतरौला रोड होते हुए रूट मार्च किया। रूट मार्च महराजगंज, भरत मिलाप चौराहा, एकता चौक, मनोरंजन तिराहा होते पीपल तिराहा के रास्ते शहर के गली-मोहल्लों में होते हुए कोतवाली नगर पहुंचकर समाप्त हो गया। रूट मार्च के माध्यम से लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया।



गोंडा नगर में पुलिस व पैरामिलिट्री के साथ रुट मार्च करते एसपी विनीत जायसवाल। स्रोत: पुलिस मीडिया सेल

इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, सीओ सिटी विनय कुमार सिंह ने व्यापारियों, दुकानदारों समेत अन्य लोगों से वातचीत कर उन्हें वताया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है। कहीं भी किसी तरह का विवाद हो तो पुलिस को सूचना दें। वताया कि लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था वनाए रखने में सहयोग करने तथा लोगों से निडर होकर मतदान करने की अपील की। चुनाव में वढ़-चढ़कर मतदान करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित भी किया। वताया कि लोकसभा चुनाव में गड़वड़ी करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर है।

# नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित एक आरोपी को सूचना के आधार पर नगर पुलिस टीम ने शहर में बाईपास हड्डी मील के पास से गिरफ्तार किया है। नगर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया वांछित आरोपी मोनू उर्फ मुकद्दर को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि वह खेत में घास काटने नाबालिग लड़की को भगा ले गया था।

# अनुसूचित जाति आयोग के आदेश पर पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

मनकापुर (गोंडा)। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग का आदेश मनकापुर पुलिस के लिए मायने नहीं रखता। आयोग के आदेश के एक माह बाद भी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने आयोग व पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज करने की गुहार लगाई है।

कोतवाली मनकापुर क्षेत्र के घुनाही गांव के रहने वाले अशोक कुमार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष को भेजे गए प्रार्थनापत्र में कहा कि विगत दो वर्ष पूर्व गांव के ही रहने वाले प्रदीप कुमार कश्यप और उनके साथियों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारापीटा था। जिसमे मनकापुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया। बल्कि पीड़ित के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कर लिया।

अशोक कुमार के मामले को संज्ञान में लेते हुए आयोग ने बीते पांच फरवरी को सीओ मनकापुर को तलब कर मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिए थे, लेकिन आदेश के एक माह बाद भी मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। अशोक कुमार ने पुनः आयोग व पुलिस अधीक्षक को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि अशोक कुमार को बुलाया गया था, उनसे नई तहरीर मांगी गई। मगर वह पुराही तहरीर पर ही मुकादमा दर्ज कराना चाहते हैं। इसलिए अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है। (संवाद)

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# अटल और नानाजी के योगदान को याद किया

■ अविनाश त्रिपाठी

बलरामपुर। सीएम योगी ने अपने करीब 40 मिनट के भाषण के दौरान लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का प्रयास किया। सीएम योगी ने कहा कि इसी धरती से हम सबके आदर्श पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने राजनैतिक जीवन की शुरुआत कर पूरे देश में सुशासन की नींव रखी थी। नानाजी देशमुख ने अपनी साधना से इस क्षेत्र को नई पहचान दी थी। जिसके कारण देश और दुनिया में बलरामपुर की पहचान बनी।

उन्होंने कहा कि यह मां पाटेश्वरी की धरती है। बगल की श्रावस्ती भगवान राम के पुत्र लव की राजधानी थी। लव ने ही श्रावस्ती को बसाया था। इसके बाद भगवान गौतम बुद्ध ने अपने जीवन के सबसे अधिक वर्षाकाल यहीं पर व्यतीत किया था।

सीएम ने कहा कि यह धरा संकल्प से सिद्धि तक को चरितार्थ करती है। सीएम ने कहा कि 1949 में सबसे पहले बलरामपुर में ही महाराजा बलरामपुर के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति के आंदोलन की रणनीत बनी थी जिसकी सिद्धि आज पूरी दुनिया देख रही है।

# बलरामपुर में रखी विवि की नींव, मेडिकल कॉलेज शुरू

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार सुबह शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद बलरामपुर पहुंचे। जिला मुख्यालय से सटे कोयलरा गांव में उन्होंने मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय का भूमि पूजन कर उसकी आधारशिला रखी। वहीं अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर बनकर तैयार हुए 300 बेड के केजीएमयू के सेटेलाइट सेंटर का लोकार्पण भी किया।

योगी ने बलरामपुर और श्रावस्ती वासियों के लिए अपना खजाना खोल दिया। उन्होंने दोनों जनपदों के लिए लगभग 1750 करोड़ के लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसमें 1488.89 करोड़ की 466 परियोजनाएं बलरामपुर तथा 260.33 करोड़ की 31 परियोजनाएं श्रावस्ती के लिए हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के लिए बनाए गए आर्किटेक्चर को भी देखा।

अब अग्रणी जनपद P03



"क्या कभी किसी ने सोचा था कि बलरामपुर में विश्वविद्यालय का निर्माण होगा। आज लोगों की कल्पनाएं सच साबित हुईं।

–**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री

# 466 परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में 85.12 करोड़ की लागत से बने 300 बेड के अटल बिहारी चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने 105.68 करोड़ की लागत से 31 किलोमीटर लम्बे बने हरिहरगंज-ललिया बनकटवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 51.99 करोड़ की लागत से सिरसिया गुलरिहा मार्ग के चौड़ीकरण का कार्य। 22.20 करोड़ की लागत से बने महराजगंज-ललिया मार्ग के कार्य के साथ-साथ जिले की 466 परियोजनाओं का सीएम ने लोकार्पण एवं शिलान्यास किया है।

# इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास

बलरामपुर में कई मार्गों के साथ-साथ तीन कस्तूरबा गांधी विद्यालय, गैंड़ास बुजुर्ग, गैसड़ी एवं बलरामपुर में एकडमिक एवं छात्रावास के निर्माण कार्य, पूर्वांचल विकास निधि की ओर से बनाई गई सड़कों के साथ-साथ करीब 211 ऐसी परियोजनाएं हैं, जिसका शिलान्यास सीएम योगी ने शुक्रवार को किया है।

# बाढ़ खंड की नौ परियोजनाओं का लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बाढ़ से बचाव के लिए बाढ़ खंड की नौ परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही पांच परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके सामने सबसे बड़ी समस्या यह थी कि बाढ़ से बलरामपुर व श्रावस्ती को कैसे बचाया जाए। अधिकारियों ने इसके लिए बेहतर प्लान तैयार किया। बाढ़ से बचाव के लिए समुचित तैयारियां कर ली गई हैं। अब आम इससे आम लोगों को भयभीत होने की जरूरत नहीं है।

# धार्मिक धरा शिक्षा से थी वंचित: उपाध्याय

सीएम योगी के शिलान्यास कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि आजादी के बाद से बलरामपुर जैसी सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरा शिक्षा से वंचित थी। यही कारण है कि इसके ऊपर पिछड़ापन का दाग लगा हुआ था। विश्वविद्यालय आने से यहां पर भविष्य का निर्माण होगा कहा कि योगी और मोदी पीढ़ियों को लाभ देने का काम करते हैं। योगी और मोदी राष्ट्र निर्माता हैं।

# योगी ने गायों को खिलाया चारा

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ शुक्रवार सुबह सबसे पहले मां पाटेश्वरी देवी मंदिर तुलसीपुर के गर्भगृह में जाकर दर्शन पूजन किया। सीएम ने मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शक्तिपीठ के महंत मिथलेश नाथ योगी ने उन्हें व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। सीएम योगी ने गौशाला में जाकर गाय और गोवंशों को गुड़ व चारा खिलाया। साथ ही थारू जनजाति के बच्चों से मिलकर उनका हालचाल लिया।



सीएम योगी गोशाला में गायों को गुड़ व हरा चारा खिलाया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब भी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में विश्राम करते हैं तो उनकी दिनचर्या की शुरुआत शक्ति की आराधना के साथ ही होता है। शुक्रवार को भी सीएम योगी ने गर्भगृह में जाकर मां पाटेश्वरी का दर्शन पूजन किया। जिसके बाद सूर्यकुंड व आदि जगहों पर जाकर मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हर बार की तरह सीएम योगी मंदिर की गौशाला में भी गए। जहां पर उन्होंने गोवंशों को चारा गुड़ खिलाया। उन्होंने मंदिर की ओर से संचालित थारू जनजाति छात्रावास में गए। जहां पर बच्चों से मुलाकात कर जानकारी ली। सीएम ने कहा कि जो भी व्यवस्थाएं शक्तिपीठ की ओर से संचालित की जा रही हैं, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। शक्तिपीठ के महंत मिथलेश नाथ योगी ने उन्हें आवश्यक जानकारी दी। इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# यातायात के नियमों की दी जानकारी

बलरामपुर। मार्ग दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दूसरा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। टीम ने सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।

# स्मृति चिन्ह भेंटकर डीएम ने किया स्वागत



मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्वरूप का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते जिलाधिकारी अरविंद सिंह ● सौ. सूचना विभाग

**बलरामपुर**: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंटकर जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने स्वागत किया। सीएम को जिले के लिए प्रस्तावित अन्य योजनाओं की कार्य योजना बताई। जिलाधिकारी ने बताया कि उन्होंने प्रस्ताव तैयार करके भेजने का निर्देश दिया है। रिंग रोड का कार्य शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## विश्वविद्यालय और कामन एयरपोर्ट के लिए आभार

श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एमएलसी साकेत मिश्र ने मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का प्रतीकात्मक चित्र भेंट कर कोइलरा गांव में स्वागत किया। विश्वविद्यालय व दोनों जिला का कामन हवाई अड्डा देने के लिए आभार जताया।

## ..तो बीच में काहे बुला लिया था

विधान परिषद सदस्य पद्मसेन चौधरी को संचालक ने सीएम के आने से पहले संबोधन के लिए आमंत्रित किया। वह बोलने से पहले मंचासीन अतिथियों का स्वागत कर रहे थे। इसी बीच सीएम हेलीपैड से भूमिपूजन स्थल पर पहुंच गए। मंत्रोच्चारण शुरू होते ही पीछे से किसी ने उन्हें रुकने का इशारा किया। इसपर वह बोल पड़े तो बीच में काहे बुला लिया था।

## 23 मिनट बोले सीएम

कार्यक्रम स्थल पर 10.10 बजे मुख्यमंत्री पहुंचे। 10.55 बजे संबोधन शुरू किया। 11.18 मिनट पर भारत माता की जय, जय जय श्रीराम के उद्घोष के साथ संबोधन समाप्त किया। कुल 23 मिनट तक अपनी बात कही।

## धन्यवाद महाराज जी...

मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण जिले में कराने के लिए आंदोलन चलाने वाले समाजसेवी सर्वेश सिंह की अगुवाई में बलरामपुर फस्ट ग्रुप के लोगों ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम स्थल पर विश्वविद्यालय के लिए धन्यवाद, आपका आभारी है बलरामपुर, धन्यवाद महाराज जी का बैनर लहरा कर स्वागत किया।




कार्यक्रम स्थल पर बैनर लहराते बलरामपुर फस्ट ग्रुप के लोग ● जागरण

# जनपद संग श्रावस्ती में योगी बहा गए विकास की धार

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 10.11 बजे पहुंचे कोइलरा गांव, अफसरों व जनप्रतिनिधियों ने किया जोरदार स्वागत





लाभार्थी को आवास की चाबी देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व कोइलरा गांव में रिमोट का बटन दबाकर शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण





कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं व कार्यक्रम स्थल पर रखे विभिन्न परियोजनाओं के शिलापट • जागरण

**जागरण संवाददाता, बलरामपुर:** सदर विकास खंड के कोइलरा गांव में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी का हेलीकाप्टर 10.11 बजे कोइलरा गांव में उतरा। सीएम का आगमन होते ही बच्चे, बूढ़े, महिलाएं व पुरुष सभी उत्साह से चहक उठे। आदिशक्ति मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का भूमिपूजन करने संग मुख्यमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर बलरामपुर व श्रावस्ती जिले में विकास की धार बहाई।

सीएम ने कहा कि विश्वविद्यालय में परंपरागत व रोजगारपरक शिक्षा पाकर युवा विकसित भारत की नई कहानी लिखेंगे। पूर्व की सरकारों में युवा वर्ग उपेक्षित रहा है, लेकिन अब ऐसा नहीं है। युवाओं के भरोसे से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा। कहा कि मैं किसी का नाम नहीं लूंगा, लेकिन कुछ लोगों ने राजनीति का अपराधीकरण किया है। आज वह ठिकाने पर हैं।

इस दौरान उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जनपद के प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, सदस्य विधान परिषद अवधेश सिंह, डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र कमलेश मिश्र, जिपं अध्यक्ष आरती तिवारी, पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, जिलाध्यक्ष बलरामपुर प्रदीप सिंह, जिलाध्यक्ष श्रावस्ती उदय प्रकाश तिवारी, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा एमपी अग्रवाल, एडीजी गोरखपुर जोन डा. केएस प्रताप, आयुक्त देवीपाटन मंडल योगेश्वर राम मिश्र, पुलिस उपमहानिरीक्षक अमरेंद्र प्रसाद सिंह, डीएम अरविंद सिंह, एसपी केशव कुमार, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य मौजूद रहे।

**सीएम के हाथों चेक व चाबी पाकर चहके लाभार्थी**: मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के दोनों जिले के लाभार्थियों को चेक व आवास की चाबी प्रतीकात्मक रूप से वितरित किए। सीएम के हाथों चेक पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत श्रावस्ती के शिवशंकर, मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के तहत श्रावस्ती के सूर्य प्रकाश, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में श्रावस्ती की सरला देवी, बलरामपुर की शक्ति मिश्रा, शुभी मोदनवाल, उपायुक्त उद्योग विभाग से बलरामपुर के उमेश चंद्र अग्रवाल, उद्यान विभाग से बलरामपुर के शशांक व कृषि विभाग से सूरज, अरुण देव आर्य को सीएम ने चेक दिया। सीएम आवास योजना के लाभार्थी बलरामपुर के राम अक्षयवर, श्रावस्ती की ममता व प्रमिला को प्रतीकात्मक चाबी दी गई।

# बलरामपुर को पुरुषार्थ की धरा बता श्रावस्ती से रामलला का जोड़ा नाता

अमित श्रीवास्तव • बलरामपुर

सदर ब्लाक का कोइलरा ग्राम, सुबह के 10.10 बजे, कार्यक्रम स्थल के ऊपर हेलीकाप्टर उड़ता देख मौजूद लोगों ने एक ही नारा एक ही नाम, मोदी-योगी जय श्रीराम का जयकारा लगा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्वागत किया। सीएम के मंच पर आने तक जयकारा पंडाल में गूंजता रहा। दोनों हाथ उठाकर मंच के सामने बैठे लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बलरामपुर और श्रावस्ती पर मां पाटेश्वरी की कृपा बरसती है।

1949 में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन की शुरुआत में शक्तिपीठ देवीपाटन और बलरामपुर राजपरिवार की भूमिका रही। इस धरती से लिया गया संकल्प पूरा होता है। इस धरती का माहात्म्य है। बलरामपुर और श्रावस्ती का गौरवशाली इतिहास रहा है। बलरामपुर प्रकृति, परमात्मा व पुरुषार्थ की धरती है। श्रावस्ती का नाता अयोध्या से जुड़ा है।

कहा कि प्रभु श्रीराम के पुत्र महाराज लव ने श्रावस्ती को बसाया। बाद में गौतम बुद्ध, जैन तीर्थंकर और महाराज सुहेलदेव से जुड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल जी यहीं से देश को सुशासन दिया। नानाजी देशमुख ने अपनी साधना से बलरामपुर को पहचान दिलाई। उसी परंपरा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। मंच से तीन अंगुली दिखाते हुए कहा कि 2024 में नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। वह देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे। वर्तमान में भारत पांचवें स्थान पर है। मोदी के 10 साल के कार्यकाल में यह उपलब्धि मिली है।

**12** लाभार्थियों को आवास व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं समेत अन्य योजनाओं के दिए प्रतीकात्मक चेक व चाबी

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लिए बलरामपुर-श्रावस्ती का विकसित होना जरूरी है। भीड़ से सवाल करते हुए फ्री राशन, आवास समेत अन्य योजनाओं का लाभ मिलने की हामी भी भरवाई।

**आपका एक वोट**: कहा कि आपका एक वोट अयोध्या में रामलला को विराजमान करने, मां-बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा दिलाने का काम करता है। पहले श्रीराम बोलने पर लाठी और गोली खानी पड़ती थी। आज अयोध्या धाम में नव्य श्रीराम मंदिर में देश के कोने-कोने से दर्शन के लिए लोग पहुंच रहे हैं। लगभग डेढ़ लाख लोग प्रतिदिन रामलला का दर्शन कर रहे हैं।

### सीएम ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

बलरामपुर में एनएच-330 के किमी-223 से एनएच-730 के किमी 328 तक चौड़ीकरण, अनुरक्षण एवं परिचालन कार्य, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय गैंड़ासबुजुर्ग, गैसड़ी एवं बलरामपुर में एकेडमिक ब्लाक व छात्रावास के निर्माण, पूर्वांचल विकास निधि योजना अंतर्गत 33 सड़कों के निर्माण, नाबार्ड योजना से 12 सड़कों के निर्माण, बुड़ंतापुर, अहलादडीह, नेकिनिया मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, 48 संपर्क मार्गों, राज्य सड़क निधि योजनांतर्गत कुल 15 विशेष मरम्मत कार्य, अनुसूचित जनजाति छात्रावास में अतिरिक्त भवनों व जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सेखुईकला ट्रांजिट हास्टल।



कोइलरा गांव में मंच से अभिवादन स्वीकार करते सीएम योगी आदित्यनाथ • जागरण

### श्रावस्ती पर एक नजर

श्रावस्ती में खुर्शीद नाला से पूरे वाया खैरी कला मार्ग (अन्य जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, कटरा-लालबोझी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, सेमगढ़ा एवं मोतीपुर गोसंरक्षण केंद्र, मदारा में राजकीय पौधशाला, श्रावस्ती कृषि विज्ञान केंद्र के भवन, जनपदीय ड्रग हाउस व पुलिस लाइन में 100 क्षमता का हास्टल, बैरक।



कोइलरा गांव में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में जयकारा लगाते लोग • जागरण

# सीएम ने इन परियोजनाओं का किया लोकार्पण

31 किमी. ललिया-बनकटवा सड़क निर्माण , केजीएमयू सेंटर, बहराइच-सिरसिया-तुलसीपुर-गुलरिहा सड़क, आंनदनगर-गोंडा रेल पर उपरिगामी सेतु, महराजगंज-ललिया मार्ग, पूर्वांचल विकास निधि से 15 संपर्क मार्गों का निर्माण, राजकीय पालीटेक्निक घुघुलपुर, 93 सड़कों की विशेष मरम्मत, राज्य सड़क निधि से 18 सड़कों का निर्माण, 61 संपर्क मार्गों की मरम्मत, उतरौला-अयोध्या-प्रयागराज सड़क मरम्मत, ड्रग वेयर हाउस निर्माण, त्वरित से 19 संपर्क मार्गों का निर्माण, थाना गैंड़ास बुजुर्ग का निर्माण, नाबार्ड से चार सड़कों का निर्माण, राप्ती नदी के कटानरोधी कार्य, ग्रामीण जलापूर्ति, देवपुरा से सिरसिया मार्ग पर लघु सेतु, ग्रामीण जलापूर्ति, नाबार्ड से तीन सेतु का निर्माण, राप्ती नदी के करमहना तटबंध पर कटर निर्माण, राप्ती नदी के जगतपुर खरहनिया में कटानरोधी कार्य, दीनदयाल योजना से पांच संपर्क मार्गों का निर्माण, राप्ती नदी के करमहना तटबंध पर कटानरोधी कार्य, राप्ती नदी के पैगापुर गांव में लूप कटिंग निर्माण, राप्ती नदी के भड़रिया तटबंध पर मनियरिया गांव में कटानरोधी कार्य , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नंदमहरा तुलसीपुर, राप्ती नदी के मधवानगर खादर गांव में कटानरोधी कार्य, राज्य योजना से दो सेतु निर्माण, चार संपर्क मार्ग का मरम्मत, राप्ती नदी के सईडीह गांव के पास कटानरोधी कार्य, थाना सादुल्लाहनगर में हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष, नगर पंचायत गैंसड़ी में विद्युतीकरण, करमहना-भोजपुर तटबंध पर कटानरोधी कार्य, थाना गौरा चौराहा में हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष, थाना तुलसीपुर में हास्टल, बैरक व विवेचना कक्ष का लोकार्पण हुआ।

**इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास:** टू लेन सड़क निर्माण, मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय निर्माण, बुड़ंतापुर अहलादडीह नैकिनिया मार्ग, एसएसबी 50वीं वाहिनी मुख्यालय, 59 सड़कों की मरम्मत, 13 सड़कों की मरम्मत, नाबार्ड की नौ सड़कों की मरम्मत, तीन केजीबीवी में छात्रावास, ट्रांजिट हॉस्टल।

# मुख्यमंत्री योगी ने देवी के चरण पखार किया मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का शिलान्यास

**जागरण संवाददाता, बलरामपुर :** सदर विकास खंड के कोइलरा गांव में शुक्रवार सुबह हर कोई उत्साह अतिरेक में दिखा। मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय के भूमिपूजन को लेकर हर कोई सब काम छोड़कर सभास्थल पर पहुंच गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवी के चरण पखारने के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का भूमिपूजन किया। जनता ने जयश्रीराम का उद्घोष कर उनका स्वागत किया।

सीएम ने रिमोट का बटन दबाकर 986.69 करोड़ की 211 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं 502.20 करोड़ की 240 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। श्रावस्ती की 260.37 करोड़ की 31 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने आवास व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं समेत अन्य योजनाओं के 12 लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक एवं चाबी भी दिया। सीएम ने कहा कि कभी किसी ने सोचा भी नहीं था कि बलरामपुर में विश्वविद्यालय बनेगा। आज हमारे पूर्वजों की कल्पना साकार हो गई है। बलरामपुर की धरती पर लिया गया कोई संकल्प अधूरा नहीं रहता। वह पूरा अवश्य होता है। विश्वविद्यालय का लाभ देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों के बच्चों को मिलेगा। कहा



बलरामपुर में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

**451** बलरामपुर की व श्रावस्ती की 31 परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**740** करोड़ रुपये प्रदेश के विश्वविद्यालयों के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने स्वीकृत किए हैं

कि यहां परंपरागत पाठ्यक्रम के साथ तीन माह, छह माह व एक वर्ष के रोजगारपरक पाठ्यक्रम भी संचालित होंगे। कहा कि बच्चे शिक्षित होंगे, तो रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे। रिंग रोड का कार्य भी शुरू हो गया है।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि बलरामपुर पिछड़ा व वंचित क्षेत्र था। मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय भविष्य व देश का निर्माण करेगा। यहां नई शिक्षा नीति के अनुकूल वातावरण मिलेगा। कहा कि 18 में से छह मंडलों में विश्वविद्यालय नहीं थे। देवीपाटन मंडल के बलरामपुर में विश्वविद्यालय की स्थापना मील का पत्थर साबित होगी। कहा कि आज लखनऊ व कानपुर विश्वविद्यालय यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन के ग्रेड-1 में हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्वविद्यालय विकास के लिए 740 करोड़ रुपये दिए हैं। विधायक रामप्रताप वर्मा, रामफेरन पांडेय, कैलाश नाथ शुक्ल, पल्टूराम, पदमसेन चौधरी, नगर पालिका चेयरमैन डा. धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू व साकेत मिश्र उपस्थित थे।

# राजनीति का अपराधीकरण हरगिज नहीं होने देंगे : सीएम

## माफिया और अपराधी पूरी व्यवस्था में बाधा, अब ऐसा नहीं होगा

हमारा संकल्प विकसित भारत है, इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश हैं आवश्यक



बलरामपुर के कोयलसा गांव में बटन दबाकर योजनाओं का शिलान्यास करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय स्थापना की नींव रखने के साथ ही बलरामपुर व श्रावस्ती जिले की दो हजार करोड़ की 466 परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण कर कोयलसा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजनीति को अपराधियों से मुक्त कराने का संकल्प लिया। हुंकार भरते हुए कहा कि राजनीति का अपराधीकरण हरगिज नहीं होने देंगे।

सीएम ने भाषण की शुरुआत में भारत माता की जय, वंदेमातरम और जयश्रीराम के उद्घोष से किया। कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ राजनीति से अपराधीकरण को मुक्त करने का काम कर रही है। नारा लगाया कि हमारा संकल्प विकसित भारत है, इसके लिए उत्तर प्रदेश का विकसित होना आवश्यक है। प्रदेश में अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य की सुविधा, नौजवानों के लिए रोजगार आवश्यक है। इसके लिए उद्योग धंधे, खुशहाल किसान आवश्यक है, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा आवश्यक है। इसी संकल्प के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। विकसित भारत बनाना है तो श्रावस्ती व बलरामपुर को विकसित बनाना है।

सवाल किया कि कोई सोचता था कि बहराइच में मेडिकल कॉलेज होगा, गोंडा में मेडिकल कॉलेज होगा। इसमें आज बलरामपुर में [illegible] तीन सौ बेड का अत्याधुनिक अस्पताल का उद्घाटन किया है यह एक साल में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के नाम पर मेडिकल कॉलेज बनेगा। श्रावस्ती में एयरपोर्ट शुरू हो गया, जिसका बलरामपुर तक विस्तार हो रहा है।



शक्तिपीठ देवी पाटन मंदिर में पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री योगी।

### प्रकृति और परमात्मा की धरती है श्रावस्ती-बलरामपुर

सीएम योगी ने कहा कि देवीपाटन की धरती प्रकृति और परमात्मा की धरती है। यहां पर मां पाटेश्वरी की कृपा रहती है, इस धरती पर लिया गया संकल्प व्यर्थ नहीं जाता। [illegible]

### विश्वविद्यालय का सपना पूरा

**मंडल के चार जिलों में तीन मेडिकल कॉलेज**

देवीपाटन मंडल को विकास की बुलंदियों पर पहुंचाने का ऐलान करते हुए सीएम योगी ने कहा कि मंडल के चार जनपदों में से तीन जिलों बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज हैं। बलरामपुर के लोगों का विश्वविद्यालय का सपना पूरा हुआ। श्रावस्ती में एयरपोर्ट शुरू हुआ। सरयू नहर राष्ट्रीय परियोजना चार दशकों से अधूरी पड़ी थी, पर अब प्रधानमंत्री ने उसका भी उद्घाटन किया था। मंडल को सभी लाभ मिल रहे हैं। फ्लाईओवर, रिंगरोड भी बलरामपुर में बन रही है। कहा कि मंडल के जिलों की सड़कें खराब थी, सात साल पहले मैं बलरामपुर आता था तो गोंडा से चार घंटे लगते थे, मैंने स्वयं गोंडा में बैठक कर सड़क मार्ग से बलरामपुर आया तो 45 मिनट लगा। बताया कि जब सरकार साफ नीयत से काम करती है तो काम स्पीड से होते हैं। बाढ़ की समस्या का समाधान किया।

## पीढ़ियों को भविष्य को संवारने का दिया उपहार

सीएम ने कहा, मंडल के युवाओं को अच्छी उच्च शिक्षा देने के साथ ही विश्वविद्यालय में रोजगार परक शिक्षा भी मिलेगी

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय स्थापना की नींव रखने के साथ ही दो हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा। मुख्यमंत्री ने कहा कि होली पर अपनों को उपहार दिया जाता है।

सीएम ने कहा कि यह पीढ़ियों के भविष्य संवारने का उपहार मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय दे रहे हैं। मंडल के युवाओं को अच्छी उच्च शिक्षा देने के साथ ही विश्वविद्यालय में रोजगार परक शिक्षा भी मिलेगी। अभ्युदय कोचिंग भी विश्वविद्यालय में चलेगी। युवा आईएएस-पीसीएस समेत मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी की सुविधा पाएंगे।

**एक वोट की कीमत बताकर, फिर एक बार मोदी सरकार का भरा जोश :** सीएम ने एक वोट की कीमत समझाते हुए कहा कि वोट की ताकत है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजमान हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को विश्वास की गारंटी बताते हुए कहा कि देश को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाया है 2024 में फिर से मौका मिलने पर तीन साल में तीसरी अर्थव्यवस्था भारत को बनाना है। इसमें आपका एक वोट कीमती है.. फिर नारा लगवाया कि फिर एक बार मोदी सरकार।

**रामलला विराजमान से जोड़ा बलरामपुर का रिश्ता :** अयोध्या में रामलला विराजमान से जिले का गहरा रिश्ता मुख्यमंत्री ने जोड़ा। मां पाटेश्वरी धाम व बलरामपुर महाराज के राजभवन में 1949 में राम मंदिर आंदोलन की बनी रणनीति का उल्लेख किया। कहा कि जो शुरुआत बलरामपुर से हुई, वह सार्थक हुआ।

### गोवंशों को चारा खिलाकर लिया मां पाटेश्वरी का आशीर्वाद



देवीपाटन मंदिर की गोशाला में गोवंशों को चारा खिलाते सीएम योगी आदित्यनाथ।

तुलसीपुर (बलरामपुर)। दो दिवसीय टूर पर बलरामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूसरे दिन सुबह की शुरुआत शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर स्थित गोशाला में गोवंशों को चारा खिलाकर। इसके बाद मां पाटेश्वरी की विधि विधान से दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री भक्तिपथ स्थित मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूली बच्चों संग कुछ समय व्यतीत किया। सीएम योगी ने बच्चों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सीएम योगी ने बच्चों को टॉफियां और चॉकलेट भी बांटी। सीएम ने एक-एक कर कई बच्चों से बातचीत की। (संवाद)

### सुबह से ही डटे रहे लोग, हाथों में आभार का लिए रहे बैनर

सीएम के पूरे कार्यक्रम में सुबह से ही लोग पहुंच गए थे। दोपहर 12:00 बजे तक डटे रहे, काफी उत्साहित रहे और हाथों में परियोजनाओं के लिए आभार देने का बैनर लिए रहे। इसमें विश्वविद्यालय के लिए लोगों ने विशेष आभार जताया। सीएम ने सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व स्वीकृत पत्र भी वितरित किए। जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने विश्वविद्यालय का मॉडल दिखाकर पूरी कार्ययोजना सीएम को बताई। [illegible] (संवाद)

# युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होगा : योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा-पिछले सात वर्षों में प्रदेश के करोड़ों युवाओं को नौकरी मिली है, प्रदेश में आ रहा है निवेश

**सौगात**





सीएम योगी आदित्यनाथ बलरामपुर के कोयलसा गांव में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का भूमि पूजन करते ,विश्वविद्यालय प्रोजेक्ट पर सीएम के प्रजेन्टेशन देते डीएम अरविंद सिंह

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर में कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। न ही राजनीतिक अपराधीकरण को बर्दाश्त किया जाएगा। जो भी इसमें शामिल होगा, उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पहले प्रदेश की पहचान गलत आचरण को लेकर होती थी। आज उत्तर प्रदेश में निवेश आ रहा है। युवाओं को नौकरी मिल रही है। पिछले सात वर्षों में करोड़ों युवाओं को रोजगार मिला है। सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ सख्ती से निपटेगी। ऐसे लोगों के साथ किसी प्रकार की हमदर्दी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह से श्रावस्ती के महाराज सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को रौंदने का काम किया था, ऐसे ही सरकार युवाओं के साथ-साथ महिलाओं एवं बेटियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों को रौंदने का काम करेगी।

**विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश जरूरी:** सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का सपना देखा है। इस ओर निरंतर कदम बढ़ाए जा रहे हैं। कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित उत्तर प्रदेश होना बहुत जरूरी है। उत्तर प्रदेश को विकसित करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ-साथ रोजगार आवश्यक है। हमें अपनी बेटियों को सुरक्षा की गारंटी देनी होगी। उत्तर प्रदेश तभी विकसित बनेगा जब बलरामपुर और श्रावस्ती विकसित होगा। कहा कि गोंडा बहराइच के साथ-साथ अब मंडल के बलरामपुर में भी मेडिकल कॉलेज शुरू हो जाएगा। रिंग रोड की परियोजना को भी स्वीकृति दे दी गई है। पहले गोंडा से देवी पाटन पहुंचने में उन्हें चार घंटे लगता था अब वह सड़क मार्ग से 45 मिनट में पहुंच जाते हैं।

**सपा, बसपा व कांग्रेस पर सीएम ने साधा निशाना:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर से सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सभा स्थल पर मौजूद भीड़ से हामी भराते हुए पूछा कि क्या सपा, बसपा और कांग्रेस के लोग निःशुल्क राशन देते। क्या ये लोग आयुष्मान कार्ड और पक्का मकान दे पाते। क्या ये लोग बलरामपुर श्रावस्ती को बाढ़ की विभीषिका से बचा पाते। अगर कर सकते तो क्यों नहीं किया। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों के मन में खोट थी।

**एक वोट की कीमत समझें लोग:** सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने एक वोट की कीमत समझनी चाहिए। आज एक वोट की कीमत यह है कि जिस अयोध्या में राम का नाम लेने पर लाठी और गोली चल जाती थी। वहां पर भव्य प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद प्रभु श्रीराम अपने भवन में विराजमान हैं। सीएम ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के लोग जो यह कहते थे कि अयोध्या में परिंदा पर भी नहीं मार सकता है। वहां पर प्राण प्रतिष्ठा के बाद दस मार्च तक एक करोड़ से अधिक लोगों ने रामलला का दर्शन किया है।

कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री, योगेन्द्र उपाध्याय, प्रभारी मंत्री नितिन अग्रवाल, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, भाजपा अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्र, राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर के कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला के राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, डा. प्रज्ञा त्रिपाठी, साकेत मिश्रमौजूद थे।

### बलरामपुर-श्रावस्ती अब अग्रणी की श्रेणी में : सीएम

बलरामपुर, संवाददाता। बलरामपुर और श्रावस्ती की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने मां पाटेश्वरी राजकीय विश्वविद्यालय के मास्टर प्लान पर प्रजेन्टेशन दिया।

डीएम ने सीएम को डिजाइनिंग, विभिन्न ब्लाक और भवन आदि के बारे में जानकारी दी। योगी ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक और सीएम आवास की चाबी सौंपी। उन्होंने कहा कि अब बलरामपुर व श्रावस्ती आकांक्षी जनपद से बाहर निकलकर अग्रणी की श्रेणी में आ गए हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क एवं परिवहन जैसी बुनियादी सुविधाओं को लेकर यहां नित नए प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर में राजकीय विश्वविद्यालय बनने से आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधरेगा। उन्होंने कहा कि होली के पहले हर कोई अपनों को कुछ न कुछ उपहार देता है। उन्होंने विश्वविद्यालय और मेडिकल कॉलेज का उपहार दिया है।

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# तालाब में डूबे किशोर की जान बचाई

बहराइच। देहात कोतवाली के खोरिया सफीक निवासी 14 वर्षीय कमलेश कुमार पुत्र विश्वनाथ अपने अन्य तीन साथियो के साथ गांव के बाहर स्थित तालाब में नहा रहा था। अचानक वह गहराई मे चले जाने से डूब गया। साथ में नहा रहे साथियो में हड़कंप मच गया। तीनों साथियों ने जान पर खेल कर कड़ी मशक्कत के बाद उसे तालाब से बेहोशी हालत में निकाला। पेट से पानी निकालकर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# स्कूल में मारपीट मामले में एसपी के हस्तक्षेप पर केस

## कार्रवाई

- सरकारी अभिलेख फाड़ने छेड़छाड़ का पीडिता ने लगाया था आरोप
- रुपईडीहा पुलिस की कार्यप्रणाली की पीड़िता ने एसपी से सुनाई फरियाद

बहराइच, संवाददाता। रुपईडीहा थाने के कटघर उच्च प्राथमिक विद्यालय में घुसकर शिक्षिका से मारपीट व अभिलेख फाड़ने के मामले में आखिरकार एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कई दिनों से पुलिस दौड़ा रहा था। एसपी से मिलने पर पुलिस ने आनन-फानन में कदम उठाया है। यह पहला वाकया नहीं जब एसपी को आगे आना पड़ा है, बल्कि रुपईडीहा पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हैं।

थाने के कटघर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मे 27 फरवरी को खन्नापुरवा के सात लोग अपने आप को मीडिया कर्मी बताकर विद्यालय पहुंचे थे। कक्ष में शिक्षण कार्य कर रही शिक्षिकाओं से भिड़ गए थे। आरोप है कि रंगदारी की नीयत से उलटे सीधे सवाल किए। 28 फरवरी को यह लोग फिर विद्यालय पहुंचे। इस बार अपने आप को बच्चों का अभिभावक बताया।शिक्षिका ने बताया कि इन लोगों के एक भी बच्चे विद्यालय में नहीं पढ़ते हैं। एतराज जताने पर मारपीट की। जबकि इनमे एक का भी बच्चा विधालय में नही पढ़ रहा है। इसकी शिकायत प्रधान शिक्षिक निखिलेश कुमार ने एबीएसए, बीएसए व चिकनिया पुलिस चौकी प्रभारी से की। चौकी प्रभारी ने शैक्षणिक स्टाफ व ग्रामीणों के बयान दर्ज किए। इसके बावजूद एफआईआर दर्ज नही की। जिस पर इसकी शिकायत जन शिकायत प्रकोष्ठ व एसपी से हुई। एसपी के हस्तक्षेप पर इस मामले में सिराजुद्दीन सहित सात को नामजद कर केस दर्ज किया गया है। हालांकि पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नही किया है।

# समन्वय से मानव तस्करी रोकने पर नेपाल में मंथन

## शिकंजा

बहराइच, संवाददाता। नेपालगंज में दोनों देशों के संगठनों ने मानव तस्करी की बढ़ रही वारदातों पर चिंता जताई। युवतियों को सब्जबाग दिखाकर खाड़ी देशों में गलत कामों में ढकेलने वाले गिरोहों पर कड़ी कार्रवाई की प्रतिबद्धता भी जताई गई।

पड़ोसी नेपाली जिला बांके के जिलाधिकारी श्रवण कुमार पोखरेल ने कहा कि शानो शौकत का जीवन प्रदान करने व विभिन्न प्रलोभनो का सब्जबाग दिखाकर संगठित गिराहे के सदस्य नेपाली युवतियों व महिलाओं को रुपईडीहा होकर भारतीय क्षेत्रों में ले जाते हैं।

इसे हम लोगो को मिलकर रोकना होगा। एसपी सुवास चंद बोहरा ने कहा कि मानव तस्कर निरंतर अपनी शैली व तरीके के परिवर्तन करते रहते हैं। प्रविधि का दुरुपयोग भी करते रहते हैं।

निर्मला पौडेल ने कहा कि इस समय मानव क्रय विक्रय रोकना बड़ी चुनौती बन गयी है। माइती नेपाल नेपालगंज के प्रमुख केशव कोइराला ने कहा कि दलाल नेपाली युवतियों को सीमा पार कराते रहते हैं। इसके लिए नेपाल सीमा से सटे भारतीय सुरक्षा निकायों व संघ संस्थाओं से समय समय पर बैठक करना आवश्यक है। बैठक में रुपईडीहा थाने के एसआई जितेश कुमार सिंह व विजय कुमार भी मौजूद रहे।

# एक करोड़ की स्मैक संग दो आरोपित गिरफ्तार

बहराइच। कोतवाली नानपारा के प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि ककरी चौराहा के निकट से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के पास से 500 ग्राम स्मैक व 5000 नगदी बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपित जावेद निवासी पुरानी बाजार नानपारा और शकील के विरुद्ध केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रूपये है।

# मस्जिदों के पास रहा पुलिस का पहरा

## कड़ी सुरक्षा में हुई जुमे की नमाज, नेपाल सीमा पर बरती जा रही विशेष सतर्कता

संवाद न्यूज एजेंसी

बहराइच। रमजान माह में शुक्रवार को पहले जुमे की नमाज पर जिले में सुरक्षा-व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। मस्जिदों के पास पुलिस व एसएसबी जवान तैनात रहे। नेपाल सीमा पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से नमाज अदा की गई।



नवाबगंज क्षेत्र में जुमे की नमाज के दौरान मस्जिद के बाहर तैनात पुलिसकर्मी। -संवाद

जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों व शहरी इलाके में पड़ने वाले मस्जिदों के आसपास शुक्रवार को पुलिस की कड़ी निगरानी रही। नेपाल सीमा पर रूपईडीहा पुलिस ने यहां सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि चुनाव को देखते हुए भी एसएसबी के डॉग स्क्वायड व पुलिस बल के साथ नगर पंचायत रूपईडीहा के विभिन्न मार्गों पर गश्त की गई। इसी तरह मोतीपुर, नानपारा, जरवल रोड आदि जगहों पर भी पुलिस सक्रिय रही।

नवाबगंज में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस बल के साथ बाजार सहित अन्य स्थानों पर जुमे की नमाज के दौरान ड्यूटी लगाई थी। कस्बे में स्थित हज्जिन मस्जिद, बाजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद के पास पुलिस सक्रिय रही। लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

# एसपी सिटी से मिला प्रतिनिधि मंडल

बहराइच। महसी-खैरीघाट प्राइवेट बस आप्रेटर्स यूनियन का एक प्रतिनिधि मंडल कोषाध्यक्ष कृष्णा नंद उपाध्याय के नेतृत्व में शुक्रवार को एएसपी सिटी रमानंद प्रसाद कुशवाहा से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने बहराइच, महसी, खैरीघाट रूट पर गोलवाघाट, तिकोनी बाग में लगाए गए बैरियर पर पुलिस बल की तैनाती की मांग की। एएसपी ने टीएसआई आनेन्द्र यादव व तिकोनी बाग पुलिस चौकी प्रभारी विकास कुमार वर्मा को बुलाकर डीएम के निर्देश के पालन को कहा।

# चोरी का खुलासे के लिए व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



एरिया में दुकानें बंद कर प्रदर्शन करते व्यापारी।

## आक्रोश

**बहराइच, संवाददाता।** हरदी थाने के एरिया में संचालित सराफा की दुकान से दो दिन पहले हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा व पुलिस की लापरवाही से नाराज व्यापारियों ने शुक्रवार को दुकानें बंदकर प्रदर्शन किया। एसएचओ को ज्ञापन सौंपकर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने व खुलासा करने की मांग किया।

थाना क्षेत्र के एरिया चौराहा निवासी मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार रस्तोगी गांव के ही बृजभान पांडे की मार्केट में सराफा की दुकान का संचालन करते हैं। थाने में तहरीर देकर मनोज कुमार का कहना है कि दो दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने उनके दुकान का शटर काट दिया था। सोने व चांदी के जेवरात उठा ले गए। अलमारी खेत के पास पाई गई थी। लगभग छह लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी हुई। सराफा की दुकान में चोरी के विरोध में व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर दी। इसके बाद चोरी के विरोध में नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

व्यापारियों का कहना है कि कड़ी मेहनत कर दुकान संचालन करते हैं, लेकिन चोर एक ही दिन में उनकी मेहनत पर पानी फेर देते हैं। पुलिस की लापरवाही की वजह से चोरी की वारदात हो रही है। मनोज कुमार, सर्वेश कुमार, बृजेश कुमार, दुर्गेश कुमार, संतोष कुमार, बाल गोविंद पांडे, गोपाल श्रीवास्तव, स्वामीनाथ, अवधेश कुमार पांडे, धर्मराज यादव मौजूद रहे।

# हमले का आरोपित गिरफ्तार

संसू, रामगांव : पुलिस ने फरार जानलेवा हमले के आरोपित को को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय भेज दिया गया है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि ग्राम पंचायत गड़वा के मुड़कट्टनपुरवा निवासी प्रमुख के खिलाफ मारपीट व हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा है। तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही थी। एसओ के नेतृत्व में गठित टीम के वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामदेव यादव, कांस्टेबल प्रभात द्विवेदी व आयुष कुमार ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

# स्मैक व नकदी समेत तस्कर गिरफ्तार

संसू, नानपारा(बहराइच) : पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 500 ग्राम स्मैक व पांच हजार की नकदी बरामद हुई।

खेप बाराबंकी से नानपारा लेकर आए थे। सीओ राहुल पांडे ने बताया कि एसओजी प्रभारी अनुज त्रिपाठी व उपनिरीक्षक नितिन उपाध्याय ने नानपारा के पुरानी बाजार के निवासी जावेद व शकील के पास से मादक पदार्थ बरामद कर गिरफ्तार किया है।

# चोरी का माल बरामद दो गिरफ्तार

**जासं, बहराइच** : चोरी के अलग-अलग मामले का पुलिस ने राजफाश कर दिया है। चोरी का माल बरामद कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।

दरगाह थानाध्यक्ष हरेन्द्र कुमार मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक दिलीप उपाध्याय, शिवम कुमार कनौजिया, आरक्षी रामरतन यादव, विष्णु देव की टीम ने चोरी के मामले में चांदमारी बक्शीपुरा निवासी धर्मेंदर उर्फ जावेद खां को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से बर्तन, सोने चांदी के जेवरात व तीन हजार रुपये बरामद किए हुए हैं। आरोपित को न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ बाराबंकी में भी मुकदमा दर्ज है। देहात कोतवाली पुलिस ने भी श्रावस्ती जिले के गिलौला थाना के भडौरा निवासी दौलत अली को धरसवां नहर के पास से गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बृजेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि उसके पास से चोरी का एक ई-रिक्शा व अन्य सामान बरामद किया गया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक हरेंद्रनाथ राय, वरिष्ठ आरक्षी नागेन्द्र यादव व अनुपम यादव शामिल रहे।

## नोटिस तामीला में गलत रिपोर्ट पर अदालत सख्त

**जासं, बहराइच :** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवेंद्र कुमार मिश्र की अदालत में वादी आलोक कुमार को नोटिस जारी हुई थी। कोतवाली देहात में तैनात उपनिरीक्षक भगवान यादव को नोटिस का तामील कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। शुक्रवार को नोटिस तामीला लेकर वह अदालत में पेश हुए। नोटिस तामीला के साथ रवानगी जीडी भी दाखिल नहीं थी और न ही मौके पर गए। अदालत ने उपनिरीक्षक से इस संबंध में प्रश्न पूछे, लेकिन वह किसी भी प्रश्न का सही उत्तर नहीं दे सके। बाद में उन्होंने अदालत से लिखित माफी मांगी।

## गांजा संग दो गिरफ्तार

**नानपारा :** प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि मछलीमंडी से गल्लामंडी निवासी बलराम व हकीमपुरवा निवासी राजेश को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से गांजा बरामद हुआ। (संसू)

# अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त

बहराइच। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संतोष सिंह ने बताया कि थाना मोतीपुर के राजापुर कतरनिया गांव निवासी राजू गौतम के खिलाफ वर्ष, 2023 में नाबालिग बेटी को भगाकर दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया था। शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो वरुण मोहित निगम की कोर्ट में जमानत याचिका प्रस्तुत की गई थी। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो की कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अभियुक्त की जमानत याचिका निरस्त कर दी। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 16-03-2024

# थाने का भ्रमण किया गया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने थाना एनएमपीटी श्रावस्ती का भ्रमण किया। थाना पहुंचे एसपी ने कर्मचारियों से कुशलक्षेम जाना तथा उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। पुलिस कर्मियों के वेलफेयर पर विशेष ध्यान देने के लिए थानाध्यक्ष को निर्देशित किया। साथ ही थाने में नियुक्त पुलिसकर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी जानकारी ली व रात्रि में चोरी की घटनाओं की रोकथाम के लिए ड्यूटीरत कर्मचारियों को सशस्त्र गश्त करने को निर्देशित किया। उन्होंने परिसर, बैरक, कार्यालय आदि में साफ-सफाई रखने व महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम के लिए सभी महिला आरक्षियों को बीट में कार्य करने को निर्देशित किया।

# बीच सड़क पर भिड़े दो सांड़ अपने वाहन छोड़ भागे लोग

- कोतवाली क्षेत्र भिनगा के लक्ष्मनपुर बाजार में देखने को मिला नजारा
- सांडों के लड़ने का यह सिलसिला करीब एक घंटे तक चलता रहा

लक्ष्मनपुर। बाजार व कस्बों में छूट्टा घूम रहे मवेशी लोगों के लिए आफत बने हुए हैं। कभी लोगों पर हमलावर हो जा रहे हैं तो कभी लोगों के बीच में आपस में लड़ पड़ते हैं तो कभी हादसे का कारण बन रहे हैं। ऐसा ही नजारा कोतवाली क्षेत्र भिनगा के लक्ष्मनपुर बाजार में देखने को मिला।

जब दो सांड आपस में लड़ पड़े तो लोगों को अपने अपने वाहन छोड़ कर भागना पड़ा और मौके पर अफरा तफरी मच गई। गुरुवार शाम को सड़क पर घूम रहे बेसहारा पशुओं के झुंड के बीच मौजूद दो सांड अचानक आपस में भिड़ गए। इस दौरान सड़क पर लोग बाइक से निकल रहे थे और कुछ लोग पैदल जा रहे थे। साड़ों को लड़ते देख लोगों ने खुद का बचाव करने के लिए बाइक वहीं छोड़ दिया और पैदल जा रहे लोग भी वापस भागने लगे। सांडों के लड़ने का यह सिलसिला करीब एक घंटे तक चलता रहा। काफी देर बाद लोगों की ओर से लाठी डंडे से खदेड़ कर सांडों को अलग किया गया।

# ठगी के 45 हजार रुपए वापस कराए

श्रावस्ती। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सक्रिय होकर एक व्यक्ति को ठगी के रुपए वापस कराए। गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र राज किशोर ने 24 जनवरी को शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ित ने पुलिस को अवगत कराया था कि उसके बैंक खाते से 23 जनवरी को साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिए तीन अलग अलग ट्रान्जैक्शन कर कुल 45 हजार निकाल लिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया और साइबर क्राइम पुलिस थाना श्रावस्ती की ओर से कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में 45 हजार रुपए की सम्पूर्ण धनराशि को वापस करा दिया गया। टीम में साइबर क्राइम पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक चन्द्रहास मिश्रा, आरक्षी सूरज कुमार शामिल रहे।

# पुलिस व बीएसएफ ने किया फ्लैग मार्च

श्रावस्ती। इकौना थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस व बीएसएफ की संयुक्त टीम के साथ सेमगढ़ा चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया।

इस दौरान उन्होंने क्रिटिकल व वेनरेबल मतदान केन्द्रों उच्च प्राथमिक विद्यालय राजापुर शिवजोत का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही साथ लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाया। लोगों से कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई भी ऐसा करता है तो पुलिस को सूचित करें। उन्होंने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया और कहा कि निर्भीक होकर मतदान करें।

# कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने कच्ची शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। सिरसिया थाने की पुलिस टीम क्षेत्र निगरानी को लेकर भ्रमण कर रही थी।

इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद शराब को जब्त क आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान दशरथ पुत्र मूने निवासी उल्लहवा थाना सिरसिया के रूप में हुई।

# नियंम उल्लंघन पर वाहनों का चालान

श्रावस्ती। यातायात नियमों का पालन कराने को लेकर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत एसपी के निर्देशन में अभियान चलाया गया। जिसमें बैरियर व चेक पोस्ट पर चेकिंग लगाकर वाहनों के कागजात, तीन सवारी, हेलमेट आदि की जांच की गई। इस दौरान 16 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। ई-चालान कर 16 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया।